राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक अखबार

वर्ष : 05 अंक 29
पृष्ठ : 8
मूल्य : 2.00/– रू.
UPHIN/2014/67765

क्राइम रिव्यू

साहस सच लिखने का

लखनऊ
सोमवार, 7 जनवरी 2019
www.crimereview.co.in
www.facebook.com/crimereview
@crimereview2012

भाजपा अब शिवसेना की मनमानी बर्दाश्त करने के मूड में नहीं

नयी दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसकी सबसे पुरानी सहयोगी पार्टी शिवसेना के रास्ते अलग होने वाले हैं. दोनों दलों के नेताओं की राजनीतिक बयानबाजी से इसके संकेत मिलने लगे हैं. ऐसा लगता है कि भाजपा अब शिवसेना की तल्खियों को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है. भाजपा अब तक शिवसेना के हर हमले को झेल रही थी. मामला सरकार के कामकाज की आलोचना का हो, राम मंदिर के मुद्दे पर अयोध्या में कार्यक्रम करने और भाजपा पर वादाखिलाफी करने का आरोप लगाने का हो, तीन राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में मोदी लहर की 'हवा निकलने' की बात हो या प्रधानमंत्री प्रत्याशी के मुद्दे पर नरेंद्र मोदी की आलोचना की हो. किसी भी मुद्दे पर भाजपा ने कभी शिवसेना के बयान पर पलटवार नहीं किया. उसे जवाब तक नहीं दिया. लेकिन, शाह के बयान से साफ हो गया है कि भाजपा अब शिवसेना की मनमानी बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है. अब तक सिर्फ शिवसेना की ओर से भाजपा पर हमले होते थे, लेकिन, भाजपा ने ऐसा बयान दे दिया, जिससे शिवसेना तिलमिला उठी. दोनों के रिश्तों में खटास वर्ष 2014 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले ही आ गयी थी. पालघर लोकसभा उपचुनाव में मिली शिकस्त के बाद शिवसेना की बौखलाहट पहली बार सामने आयी थी. उसने भाजपा को अपना दुश्मन नंबर वन बता दिया था. फिर भी भाजपा ने उसके खिलाफ कभी कोई तल्ख बयान नहीं दिये. अब माहौल बदल गया है. रविवार को पहली बार भाजपा के सबसे बड़े नेता अमित शाह ने साफ कर दिया है कि शिवसेना जिद पर अड़ी रही, तो उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी और उन्हें पराजित भी करेगी. इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी कार्यकर्ताओं को राज्य की 48 में से 40 सीटें जीतने का लक्ष्य दिया, तो पलटवार करने में शिवसेना ने कोई देरी नहीं की. कांग्रेस और अन्य विरोधी दलों की तरह भाजपा पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) से छेड़छाड़ करने की मंशा का आरोप जड़ दिया. शिवसेना यहीं नहीं रुकी. पार्टी सुप्रीमो उद्धव ठाकरे के एक सहयोगी ने तो यहां तक कह दिया कि जो शिव सेना पर हमला कर रहे हैं, पार्टी निश्चित तौर पर उन्हें हरायेगी. भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे गठबंधन की संभावना के भ्रम से दूर रहें. उन्होंने 2019 के चुनावों की तुलना पानीपत की तीसरी लड़ाई से की. कहा कि पानीपत की तीसरी लड़ाई में मराठा सेना को अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली की सेना ने हराया था. उस लड़ाई के बाद देश 200 साल तक गुलाम रहा. यदि भाजपा चुनाव जीती, तो 50 साल तक पार्टी की विचारधारा शासन करेगी. हालांकि, भाजपा बार–बार शिवसेना को साथ लेकर चलने की बात करती है, तो शिवसेना भाजपा की मिट्टी पलीद करने में कभी कोई कसर बाकी नहीं रखती. वह गठबंधन का हिस्सा होते हुए सड़क से लेकर संसद तक एनडीए सरकार के खिलाफ बोलती है. दरअसल, भाजपा और शिवसेना के बीच लड़ाई इस बात की है कि महाराष्ट्र में बड़ा भाई कौन? 1999 से ही विधानसभा चुनावों के लिए शिवसेना और भाजपा के बीच क्रमशरू 171 और 117 सीटों का फॉर्मूला तय था. 2009 में भाजपा को दो सीटें ज्यादा दी गयीं और शिवसेना की दो सीट घट गयी. वहीं, लोकसभा चुनाव में भाजपा 26 और शिवसेना 22 सीटों पर चुनाव लड़ती रही. वर्ष 2014 के मोदी लहर पर सवार होकर लोकसभा चुनाव में अपने बूते बहुमत हासिल करने वाली भाजपा की महत्वाकांक्षा बढ़ गयी. उसने अक्टूबर के विधानसभा चुनाव में बड़ा हिस्सा मांगा. उत्तर भारतीय पार्टी मानी जाने वाली भाजपा को संसदीय चुनाव में बड़े पैमाने पर मराठा और गुजराती वोट भी मिले. पार्टी को लगा कि उसका महाराष्ट्र में ज्यादा विस्तार हुआ है. इसलिए 50 ऐसी सीटें, जहां शिवसेना कभी नहीं जीती, भाजपा को मिलनी चाहिए. शिवसेना इसके लिए तैयार नहीं हुई. नतीजा, भाजपा की सबसे पुरानी सहयोगी पार्टी से उसका गठबंधन टूट गया. विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियां अलग–अलग लड़ीं. भाजपा ने क्षमता से बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया. उसे अकेले 122 सीटें मिलीं. हालांकि, वह बहुमत से कुछ दूर रह गयी. एनसीपी ने बाहर से समर्थन के संकेत दिये, लेकिन बाद में शिवसेना के समर्थन से महाराष्ट्र में पहली बार भाजपा के मुख्यमंत्री ने शपथ ली. शिवसेना का उप–मुख्यमंत्री तक नहीं बन पाया. इस तरह, सरकार का रिमोट मातोश्री के हाथों से छिन गया. केंद्र में भी शिवसेना को बहुत ज्यादा हिस्सेदारी नहीं मिली. उसकी बात तक नहीं मानी गयी. नगर निगम चुनावों में भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा. उसे शिवसेना से महज सात सीटें कम मिलीं. यहां भाजपा ने शिवसेना को समर्थन दिया. यह बाला साहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना नहीं रह गयी. पहली बार शिवसेना इतनी बेबस और मजबूर थी, जब न राज्य में उसकी बात सुनी गयी, न केंद्र में. इसलिए शिवसेना हर हाल में भाजपा को दबाना चाहती है. महाराष्ट्र में फिर से अपना दबदबा कायम करना चाहती है. उसे पता है कि 2019 का लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए कितना अहम है. इसलिए वह 2014 का हिसाब 2019 में बराबर करना चाहती है.

शिवसेना की मजबूरी यह है कि उसने अपनी छवि हिंदुत्ववादी पार्टी की बना रखी है. इसलिए वह कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के साथ खड़ी नहीं हो सकती. हालांकि, उन्हें तीसरा मोर्चा या फेडरल फ्रंट की बात करने वाली ममता बनर्जी से उन्हें कोई परहेज नहीं है. शिवसेना की मजबूरी यह है कि उसके ही कुछ नेता चाहते हैं कि भाजपा से गठबंधन न टूटे. यही वजह है कि तीन दशक पुराने गठबंधन को लेकर तस्वीर पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पा रहा है.

राम मंदिर पर कोर्ट का फैसला मानेंगे, 2019 चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी ही बनेंगे : सीएम नीतीश

पटना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को लोक संवाद कार्यक्रम पहुंचे. लोक संवाद कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने क्राइम करप्शन से समझौता नहीं करने की बात कही. साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि करप्शन के मामले को दूसरे एंगल से देखने की जरूरत नहीं. करप्शन पर किसी का नहीं करते बचाव. एजेंसी किसी को फंसायेगी तो कोर्ट में मामला जायेगा. सीएम नीतीश ने कहा कि आपसी विवाद के मामले को हमने संभाला है. 13 साल में नवादा में सिर्फ एक बार कर्फ्यू लगा,13 साल में कहीं भी कोई दंगे की वारदात नहीं हुई. नीतीश कुमार ने कहा कि मेरा कोई डबल स्टैंडर्ड नहीं है. मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं नहीं होती. हमने क्राइम करप्शन से कभी समझौता नहीं किया है इसलिए जनता का भरोसा हम पर है. सीएम नीतीश कुमार ने एक बार फिर विश्वास जताते हुए कहा है कि एनडीए 2019 में फिर आयेगी और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही बनेंगे. हमने अच्छा काम किया. 2019 जीतने के बाद भी मोदी ही पीएम होंगे. सीएम नीतीश कुमार ने आज महागठबंधन पर बड़ा जुबानी हमला बोला है. मुख्यमंत्री ने कहा है कि महागठबंधन का कोई भविष्य नहीं है. राजद चुनाव से पहले ही आत्मविश्वास खो रही है. इस दौरान महागठबंधन में शामिल पार्टियों पर भी तीखा तंज कसा है. सीएम नीतीश ने कहा कि सड़क पर से लोगों को खींचकर महागठबंधन में शामिल कराया जा रहा है.मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर दोहराया कि राम मंदिर के मामले में कोर्ट का जो फैसला होगा वही फैसला हमें भी स्वीकार रहेगा.

फंदे से लटककर पैक्स अध्यक्ष ने दी जान, जांच में जुटी पुलिस

बक्सर बिहार के बक्सर जिला अंतर्गत इटाढ़ी प्रखंड के बसुधर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सर्वजीत ओझा ने घर में लगी कुंडी में फांसी लगाकर सोमवार की अहले सुबह आत्महत्या कर लिया. घटना की सूचना मिलते ही इटाढ़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी. साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. बताया जाता है कि रविवार की रात सर्वजीत घर से खाना खाकर अच्छे से सोया. करीब चार बजे वह घर से बाहर निकले और आग तापने लगे. इसके बाद फिर घर में गये और अपने को घर की कुंडी में मफलर से फांसी बनाकर कुंडी में लटक गये. सुबह करीब सात बजे जब परिजनों ने देखा तो चिल्लाना शुरू किया. परिजनों की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गये. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना इटाढ़ी थाना की पुलिस को दिया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी. इटाढ़ी थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मानसिक संतुलन खराब होने के कारण युवक ने फांसी लगायी है.

राहुल का राफेल मुद्दा उठाना दिखावा : रविशंकर प्रसाद

नई दिल्ली राफेल मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा के बीच टकराव थमता नहीं दिख रहा है और भाजपा ने सोमवार को एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा राफेल मामले को उठाना सिर्फ दिखावा है। पार्टी ने कहा कि वास्तव में वह राफेल विरोधी लॉबी के दबाव में काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि राफेल सौदे के संबंध में मीडिया में एक महत्वपूर्ण खबर आई है और इससे स्पष्ट होता है कि क्यों कांग्रेस और राहुल गांधी राफेल का इतना विरोध कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, ''क्या राफेल का इसलिये विरोध हो रहा है क्योंकि यूरोफाइटर के लॉबिस्ट का दबाव था? '' प्रसाद ने बोफोर्स, पनडुब्बी घोटाला और अगस्ता वेस्टलैंड मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में ऐसा कोई भी रक्षा सौदा नहीं हुआ जिसमें 'सौदेबाजी नहीं हुई हो'। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इसके बाद भी एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बार बार 'झूठ' बोलने में लगे हुए हैं। प्रसाद ने कहा कि क्रिश्चन मिशेल और हस्के से जुड़े जो दस्तावेज मिले हैं, वे विस्फोटक हैं। वे यूरोफाइट के बिचौलिये के रूप में भी काम कर रहे थे। ऐसे लोग तब के पदाधिकारियों, प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री एवं एक बहुर्चिचत 'परिवार' को जानते रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्यों एक के बाद एक रक्षा दस्तावेजों में एक 'परिवार' का नाम आता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी से तीन सवाल पूछना चाहते हैं.. जब 2011..12 में राफेल में निविदा में कीमत सबसे कम थी तब इस सौदे पर वार्ता के आठ–नौ साल बाद केवल इसलिये अंतिम रूप नहीं दिया गया क्योंकि यूरोफाइटर के लिये लॉड़क्षबग हो रही थी। किसके दबाव में पुर्निवचार की बात कही गई। रविशंकर प्रसाद ने सवाल किया कि क्या राहुल इसलिए राफेल का विरोध कर रहे हैं क्योंकि यूरोफाइटर के लिए लॉबिस्ट का दबाव था? क्या कोई कमीशन नहीं मिला था ? प्रसाद ने पूछा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी कब तक देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि जब वायु सेना को विमान की जरूरत है, पड़ोसी देश अपनी वायु सेना को मजबूत बना रहे हैं तब वायु सेना के मनोबल को तोडने का प्रयास क्यों हो रहा है? कांग्रेस अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राफेल मामले को उठाना और इस पर विरोध सिर्फ दिखावा है तथा राहुल, राफेल के विरोधियों के दबाव में काम कर रहे हैं।

सरकार बनने पर राफेल मामले की होगी जांच, जिम्मेदार लोगों को भेजेंगे जेल : राहुल

नयी दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राफेल मामले को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर निशाना साधा और कहा कि 2019 में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर इस मामले की आपराधिक जांच होगी और जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाएगा। गांधी ने यह भी कहा कि वित्त मंत्री अरुण जेटली को उन पर हमले करने की बजाय राफेल मामले पर देश जो सवाल पूछ रहा है उनका जवाब देना चाहिए। उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि युवाओं, किसानों देख लो। प्रधानमंत्री जी ने 30 हजार करोड़ रुपये अनिल अंबानी को दिलवाए। चर्चा के समय प्रधानमंत्री संसद में नहीं थे। वह राफेल पर चर्चा से भाग गए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अरुण जेटली ने लंबा भाषण दिया, मुझे गाली दी। लेकिन जो सवाल हैं उनको जवाब नहीं दिया। उन्होंने सवाल किया, 'विमान की कीमत को 526 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1600 करोड़ रुपये किया गया। यह किसने बढ़ाया? क्या वायुसेना ने बढ़ाया या प्रधानमंत्री ने बढ़ाया?' गांधी ने कहा, 'क्या वायुसेना ने 126 विमान मांगे थे या 36 विमान मांगे थे? अनिल अंबानी को अनुबंध किसने दिलवाया? फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने कहा कि मोदी जी के कहने पर अनिल अंबानी को अनुबंध दिया? क्या नए सौदे को लेकर रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों को आपत्ति थी? उन्होंने कहा कि आशा है कि रक्षा मंत्री इसका जवाब देंगी। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि वो उन सवालों का जवाब नहीं देंगी। यह मेरा संदेह है। गांधी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में कहीं नहीं कहा है कि जांच नहीं होनी चाहिए। अगर 2019 में हमारी सरकार बनती है तो आने पर इसकी आपराधिक जांच होगी और जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाएगा। उन्होंने एक बार फिर से यह मांग दोहराई कि इस मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच होनी चाहिए।

बीमारी का हवाला देते हुए अजय माकन ने दिया अध्यक्ष पद से इस्तीफा

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से शुक्रवार को स्वास्थ्य संबंधी कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, दिल्ली में पार्टी मामलों के प्रभारी पी. सी. चाको और माकन के बीच बृहस्पतिवार को बैठक हुई थी। गांधी ने माकन का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। 2015 विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद करीब चार साल पहले 54 वर्षीय माकन को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। माकन ने बाद में ट्विटर के जरिए भी अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने ट्वीट किया, '2015 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों के बाद, दिल्ली इकाई के अध्यक्ष के रूप में मुझे कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पार्टी को कवर करने वाले मीडिया और हमारे नेता राहुल गांधी जी का बहुत स्नेह मिला। इन मुश्किल घड़ियों में यह आसान नहीं था। आप सभी को धन्यवाद।'

मोदी ने दिलाया भरोसा : एनआरसी से नहीं छूटेगा कोई भी वास्तविक नागरिक

सिलचर (असम)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के लोगों को शुक्रवार को भरोसा दिलाया कि एनआरसी से कोई भी असल नागरिक नहीं छूटेगा और उन्होंने नागरिकता विधेयक को संसद की जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद जताई। मोदी ने कालीनगर में 'विजय संकल्प समावेश रैली' को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) के दौरान कई लोगों को हुई दिक्कतों और मुश्किलों के बारे में जानता हूं लेकिन मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि किसी भी वास्तविक भारतीय नागरिक के साथ अन्याय नहीं होगा।'' उन्होंने पूर्वोत्तर में भाजपा की लोकसभा चुनाव प्रचार मुहिम की शुरूआत करते हुए कहा, ''सरकार नागरिकता (संशोधन) विधेयक पर और काम कर रही है। यह लोगों की जिंदगी और भावनाओं से जुड़ा है। यह किसी के फायदे के लिए नहीं है बल्कि अतीत में हुए कई गलत कार्यों एवं अन्याय का प्रायश्चित है मोदी ने 35 साल से ''लटके'' असम समझौते की धारा छह को लागू करने के सरकार के निर्णय के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, ''अब असम की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं भाषायी पहचान की रक्षा का रास्ता साफ है।'' मोदी ने कहा, '' हालिया पंचायत चुनावों में भाजपा के लिए मतदान करने के कारण मैं असम के लोगों का ऋणी हूं और मैं राज्य का विकास सुनिश्चित करके इस ऋण को चुकाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।'' उन्होंने 25 दिसंबर को असम के बोगीबील में देश के सबसे लंबे रेल–सड़क पुल के उद्घाटन का जिक्र करते हुए कहा, ''मेरा सौभाग्य है कि मुझे पिछले 10 दिन में दूसरी बार असम के लोगों से मिलने का अवसर मिला। बराक और ब्रह्मपुत्र घाटियां केवल राज्य ही नहीं, बल्कि देश के लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं।''

बोफोर्स ने कांग्रेस को डुबाया था, राफेल मोदी को दोबारा सत्ता दिलाएगी : निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली । लोकसभा में राफेल मुद्दे पर बहस करते हुए रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि किसी खास खानदान से होने की वजह से कोई पीएम को चोर नहीं कह सकता, मुझे झूठा नहीं कह सकता। मुझे झूठी कहा गया। बोला गया कि रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण में झूठ बोल रही हैं। पीएम को इस सदन में चोर बोला गया, अब सदन में नाम लेने से कुछ लोगों को दिक्कत हो रही है। पीएम मोदी साधारण परिवार से आते हैं। वो अपनी कड़ी मेहनत के बल पर आज यहां पहुंचे हैं। मेरा खुद का सम्मान है, पीएम का भी खुद का सम्मान है। हम सभी साधारण परिवार से आते हैं। क्या आपने कभी पीएम मोदी को आंख मारने के बाद उनसे माफी मांगी। इस तरीके से सदन नहीं चलनी चाहिए। उन्ह्होंने कहा कि बोफोर्स ने कांग्रेस को डुबाया था, राफेल मोदी को दोबारा सत्ध्ता दिलाएगी। राफेल मुद्दे को लेकर रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑफसेट के लिए 2013 की यूपीए की पॉलिसी का ही पालन किया गया, हमने इसमें कोई बदलाव नहीं किया। ऑफसेट कॉन्ट्रैक्ट में किसी भी भारतीय निजी या सरकारी कंपनी का पहले से जिक्र नहीं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने कोर्ट को गुमराह नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने भी दाम न बताने पर टिप्पणी की है। कोर्ट का फैसला पूरी प्रक्रिया देखकर ही आया है। देशहित पर कीमत बताना ठीक नहीं है, क्योंकि यह बहुत संवेदनशील मामला है। बैंक गारंटी के सवाल पर रक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी देश के साथ हुए रक्षा करार में गांरटी नहीं ली गई थी। वो चाहे अमेरिका के साथ हुआ है या फिर फ्रांस के साथ। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि कोर्ट ने भी राफेल डील पर सवाल नहीं उठाए। मंत्री ने कहा कि पार्टियों की ओर से कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई थीं, ताकि वह इसका राजनीतिक फायदा ले सकें।रक्षा मंत्री ने कहा कि 74 बैठकों के बाद राफेल सौदा किया गया था। उन्होंने कहा कि हथियारों से लैस और बगैर हथियार वाले राफेल विमान की तुलना गलत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि गलत जानकारी के नाम पर कांग्रेस देश को गुमराह कर रही है। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस कीमतों की तुलना सेब और संतरों की तरह कर रही है, जबकि इनकी कोई तुलना है ही नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बताए कि उसे 526 करोड़ का आंकड़ा कहां से मिला। हमने तो 9 फीसदी कम दाम में राफेल विमान खरीदे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस हमेशा डील के दाम बदलती रही। उन्होंने कहा कि डील के बेसिक दाम हम सार्वजनिक कर चुके हैं, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष अलग–अलग जगह नए–नए दाम बता रहे थे। मंत्री ने कहा कि हमने कांग्रेस से कई गुना सस्ती और बेहतर डील की है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री से लेकर एयर चीफ के बारे में गलत बातें कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता पाकिस्तान में जाकर मोदी को सत्ता से हटाने की मदद मांगकर आए हैं। हम विमान के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते। लेकिन कांग्रेस बताए वो क्यों इसकी डिटेल जानकारी मांग रहे हैं। राहुल गांधी की फ्रांस के राष्ट्रपति से जो भी बात हुई, उसकी आधिकारिक प्रति संसद के समक्ष रखी जानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने देश और संसद को गुमराह किया है। रक्षामंत्री ने कहा, श्भ्।स् के लिए कांग्रेस घड़ियाली आंसू बहा रही है। उन्होंने कहा कि हम रक्षा सौदे तो करते हैं लेकिन रक्षा के मामलों में सौदेबाजी नहीं करते। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस 126 नहीं सिर्फ 18 विमान खरीदने वाली थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परेशान है कि मिशेल भारत आ चुका है और अब वह पोल खोलने वाला है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगस्ता की डील भ्।स् के साथ क्यों नहीं की गई, क्योंकि भ्।स् कांग्रेस को सिर्फ हेलीकॉप्टर देती है, बाकी कुछ नहीं मिलता।श रक्षी मंत्री ने कहा कि राफेल सौदे में गतिरोध बनाया गया। उन्होंने कहा कि मैं राफेल मुद्दे पर हर सवाल के जवाब देने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बताये कि इस डील को इतने दिनों तक क्यों लटकाए रखा।

सीतारमण ने कहा कि हमने 14 महीने में प्रक्रिया पूरी की। हमने डील में बहुत तेजी दिखाई। साथ ही उन्होंने तत्कालीन यूपीए सरकार पर आरोप लगाया कि उनकी नीयत ही नहीं थी राफेल खरीदने की। सीतारमण ने कहा कि 2022 तक सभी राफेल आ जाएंगे। तय समय से 5 महीने पहले ही ये 36 राफेल भारत आ जाएंगे। लोकसभा में रक्षा मंत्री पूरे रौ में दिखीं। उन्होंने कहा कि जो खुद राफेल नहीं ला पाए, वो पूछ रहे हैं कि विमान कब आएंगे। साथ ही सीतारमण ने कहा कि हमारे लिए राष्ट्र सुरक्षा सर्वोपरि है।

सुप्रीम कोर्ट में फिर लटका राममंदिर मामला, 10 जनवरी से शुरु होगी सुनवाई

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील राम जन्म भूमि–बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में दायर अपीलों पर शुक्रवार को एक बार फिर मामला टल गया। बता दें कि 10 जनवरी को कोर्ट इस मामले की सुनवाई करेगा। यह मामला प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध था। मुख्य न्यायधीश ने 60 सेकण्ड में अपना फैसला सुनाया और इस मामले में आज कोई भी बहस नहीं हुई। इस पीठ द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर 14 अपीलों पर सुनवाई के लिये तीन सदस्यीय न्यायाधीशों की पीठ गठित किये जाने की उम्मीद है।

राहुल गांधी का अमेठी दौरा 22 और 23 जनवरी को

लखनऊ । कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अब 22 जनवरी को अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के दो दिन के दौरे पर आएंगे। इससे पहले, उनका शुक्रवार को अमेठी आने का कार्यक्रम रद्द हो गया। पार्टी नेताओं के मुताबिक लोकसभा में राफेल डील पर आज रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण को जवाब देना था। लोकसभा में राफेल डील को लेकर शाम तक बहस चली। जिसके कारण राहुल गांधी को अपना अमेठी दौरा रद्द करना पड़ा। इससे पहले, गुरुवार को भी कांग्रेस अध्यक्ष की लोकसभा में व्यस्तता को देखते हुए उनका अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के दो दिन के दौरे में बदलाव किया गया था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी को नई दिल्ली से फ्लाइट से लखनऊ आना था और फिर यहां हवाई अड्डे से सीधे सड़क मार्ग से अमेठी जाना था। बाद में कार्यक्रम बदला गया और उन्हें शुक्रवार शाम सीधे फुरसतगंज पहुंचना था।

भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी व मण्डल अध्यक्ष घोषित

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा से चर्चा के बाद महिला मोर्चा अध्यक्ष जया शुक्ला ने संतोष त्रिपाठी को उपाध्यक्ष, नीलम सिंह को महामंत्री, शोभा राजपूत व साधना जग्गी को मंत्री तथा सरिता सिंह को कैण्ट–4 का मण्डल अध्यक्ष घोषित किया। महिला मोर्चा की महानगर महामंत्री मधुबाला त्रिपाठी, उपाध्यक्ष उषा किरन, सीता नेगी, रमा सिंह, कंचनलता मौर्य, पुष्पा सिंह, अर्चना साहू, ने घोषित नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

सिद्धार्थनाथ सिंह के बयान से निवेदन मार्च की सार्थकता प्रमाणित

लखनऊ । ऑल इंडिया कम्युनिटी हेल्थ वर्कर एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह के बहाली शासनादेश सम्बन्धी बयान को हजारों जनस्वास्थ्य रक्षकों द्वारा निकाले जा रहे निवेदन मार्च की सफलता बताया है। झांसी मण्डल प्रभारी शिवकुमार झा ने लखनऊ में मौजूद पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि जनवरी माह के अंत तक जनस्वास्थ्य रक्षक बहाली सम्बन्धी शासनादेश को कैबिनेट मीटिंग में रखे जाने की बात प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने ऐसे समय कही है जब हापुड़ से राजधानी लखनऊ तक पहुंचने वाला जनस्वास्थ्य रक्षक बहाली निवेदन मार्च 300 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा पूरी कर चुका है और अब इस लोक अभियान को तमाम इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया संस्थान प्रमुखता देने लगे हैं।

संस्कृति विभाग द्वारा वेबसाइट लांच

लखनऊ। प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा कुम्भ मेला–2019 में प्रदेश के समृद्धशाली सांस्कृतिक परम्परा को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करने के दृष्टिकोण से मगचसवतमनच नाम से वेबसाइट लांच की गयी है। इसका मुख्य उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय दर्शकों को कुम्भ मेले में प्रतिभाग करने हेतु आकर्षित करना है। संस्कृति विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वेबसाइट ूण्मगचसवतमनचण्बवउ एवं मोबाइल एप के माध्यम से कुम्भ–2019 का इतिहास एवं भारतीय मिथक एवं परम्परा को व्यापक रूप से प्रसारित किया जायेगा। इसके माध्यम से दशर्कों को विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं गतिविधियों के समय, स्थान एवं कलाकारों की जानकारी सहज रूप से प्राप्त हो सकेगी। इस वेबसाइट के जरिये प्रदेश के विविध अंचलों पर बनी डाक्यूमेन्ट्री फिल्मों का भी प्रसारण होगा। इससे कुम्भ मेले की 360 डिग्री वीडियो कवरेज, टाइम लैप्स और द्रोण कैमरा फुटेज को भी देखा जा सकेगा।

चेतन चौहान ने उड़ीसा के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को कुम्भ–2019 में आने का दिया आमंत्रण पत्र

लखनऊ। उ0प्र0 के खेल, युवा कल्याण, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री चेतन चौहान ने उड़ीसा के राज्यपाल गनेशी लाल एवं मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक से भेंट कर, उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से प्रयागराज (इलाहाबाद) में आयोजित 'कुम्भ–2019' में आने का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर श्री चौहान ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को उ0प्र0 के मुख्यमंत्री द्वारा प्रेषित आमंत्रण पत्र, अंगवस्त्र तथा काफी टेबल बुक देकर आमंत्रण–मान दिया। उन्होंने कुम्भ से संबंधित विविध साहित्य भी भेंट किया। श्री चौहान ने पुरी के संतों से भी मिलकर मुख्यमंत्री की ओर कुम्भ मेले में आने का आमंत्रण दिया।

सरकार ने बी चन्द्रकला का भारी बचाव किया था : नूतन ठाकुर

लखनऊ। एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर ने कहा कि बुलंदशहर डीएम के रूप में बी चन्द्रकला से जुड़े सेल्फी विवाद के संबंध में अप्रैल 2016 में इलाहाबाद हाई कोर्ट के लखनऊ बेंच में उनकी जनहित याचिका में राज्य सरकार ने सुश्री चन्द्रकला को एक शानदार अधिकारी कहते हुए बदनीयत से याचिका दायर किये जाने की बात कही थी, नूतन ने कहा कि जब वे और उनके पति अमिताभ ठाकुर इस विवाद की जाँच के लिए बुलंदशहर गए थे तो एक प्रादेशिक चौनल चलाने वाले प्रभावशाली पत्रकार ने पार्टी बन कर सुश्री चन्द्रकला का बचाव किया था, जिनके उनसे वित्तीय सांठ–गाँठ होने की बात बताई गयी थी, उन्होंने कहा कि उन्होंने पत्र लिख कर सीबीआई को इस संबंध में भी जाँच करने का अनुरोध किया है।

राममंदिर पर न्यायालय के निर्णय की अनंत प्रतीक्षा नहीं करेगी विहिप : भोलेन्द्र

लखनऊ । विश्व हिन्दू परिषद ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए कानून बनाए जाने की मांग करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर अदालत के फैसले के लिए ''हिन्दू अनंत काल तक इंतजार नहीं कर सकते।''विहिप के प्रांत संगठन मंत्री भोलेन्द्र ने कहा कि सभी पहलुओं पर समग्र चिंतन के बाद विश्व हिन्दू परिषद का स्पष्ट मत है कि हिन्दू समाज से अनंत काल तक न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा की अपेक्षा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, ''इसका एकमात्र उचित समाधान यही है कि संसद द्वारा कानून बनाकर श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का मार्ग अभी प्रशस्त किया जाए। वर्षों से अदालत में चल रहा है तथा इसकी अपील सर्वोच्च न्यायालय में वर्ष 2011 से लंबित है। प्रतीक्षा की यह एक लम्बी अवधि है। श्री भोलेन्द्र ने कहा कि 2010 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी यह सिद्ध कर दिया कि जहां रामलला विराजते हैं वहीं रामजन्म भूमि है। न्यायालय में 2011 से ही यह मामला विचाराधीन है। हमें न्याय मिलना चाहिए था लेकिन कुछ राजनीतिक दलों के लोग कोर्ट के निर्णय को टालने का प्रयास करते रहे।

कांटे की टक्कर में बेहतर टाईब्रेक स्कोर के सहारे पृथ्वी सिंह बने ओपन वर्ग के चौंपियन

- द्वितीय श्रीमती एडी पाठक स्मारक ओपन एक्सीलिया शतरंज चौंपियनशिप
- डीपीएस एल्डिको ने स्कूल वर्ग में जीती टीम चौंपियनशिप

लखनऊ । स्टडी हाल के पृथ्वी सिंह ने द्वितीय श्रीमती एडी पाठक स्मारक ओपन प्राइजमनी एक्सीलिया शतरंज चौंपियनशिप में कांटे की टक्कर में चार खिलाड़ियो के बीच होड़ में टाइब्रेक स्कोर में अव्वल रहते हुए ओपन वर्ग का खिताब जीत लिया। लखनऊ जिला चेस अकादमी व एक्सीलिया स्कूल के तत्वावधान में ओमैक्स सिटी, रायबरेली रोड शहीद पथ स्थित एक्सीलिया स्कूल (अंबेडकर यूनिवर्सिटी के सामने) में आयोजित 51 हजार रूपए की प्राइजमनी वाली इस चौंपियनशिप में ओपन वर्ग के सातवें व अंतिम राउंड में पृथ्वी सिंह ने दिग्गज खिलाड़ी पवन बाथम से ड्रा खेलते हुए आधे–आधे अंक बांटे। अंतिम राउंड के बाद पृथ्वी सिंह, पवन बाथम, रवि शंकर व कुलदीप शंकर के समान छह–छह अंक थे जिसके बाद श्रेष्ठता का फैसला टाईब्रेक स्कोर के चलते हुआ जिसमें पृथ्वी सिंह पहले स्थान पर रहे। पवन बाथम को दूसरा, रवि शंकर को तीसरा व कुलदीप शंकर को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। शनि कुमार सोनी व एक्सीलिया स्कूल के मेधांश सक्सेना के समान साढ़े पांच–साढ़े पांच अंक रहे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते शनि कुमार सोनी पांचवें व मेधांश स्क्सेना छठें स्थान पर रहे। सर्वश्रेष्ठ स्कूल की होड़ में डीपीएस एल्डिको ने ट्राफी जीती जबकि मेजबान एक्सीलिया स्कूल को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। स्टैला मॉरिस स्कूल की टीम को तीसरा स्थान मिला। आयु वर्ग के पुरस्कारों में अंडर–7 आयु वर्ग में बालकों में आर्यन साधवानी, शौर्य प्रताप सिंह व कुशाग्र किशोर सिंह के समान दो–दो अंक रहे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते आर्यन पहले, शौर्य दूसरे व कुशाग्र तीसरे स्थान पर रहे। बालिकाओं में लेखा किशोर सिंह अव्वल रही।

अंडर–9 आयु वर्ग में सयंम श्रीवास्तव सर्वाधिक चार अंक के साथ पहले, मीतांश दीक्षित साढ़े तीन अंक के साथ दूसरे, अध्यांश सक्सेना तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बालिकाओं में सान्वी अग्रवाल तीन अंक के साथ अव्वल रही। अंडर–11 आयु वर्ग में तेजस्व सिंह सर्वाधिक चार अंक के साथ पहले, दिव्यांश पाण्डेय साढ़े तीन अंक के साथ दूसरे, लक्ष्य श्रीवास्तव तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बालिकाओं में रिधिमा निगम व प्रिशा गर्ग के समान तीन–तीन अंक रहे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते रिधिमा पहले व प्रिशा दूसरे स्थान पर रही। अंडर–15 आयु वर्ग में आदित्य पंत सर्वाधिक साढ़े चार अंक के साथ शीर्ष पर रहे। अंशुमान नंदा व आदर्श पाल के समान चार–चार अंक रहे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते अंशुमान नंदा दूसरे व आदर्श पाल तीसरे स्थान पर रहे। बालिकाओं में मैत्रेयी गुप्ता चार अंक के साथ पहले सिमरन साधवानी दो अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। अंडर–19 आयु वर्ग में शिवांश पाण्डेय सर्वाधिक साढ़े चार अंक के साथ शीर्ष स्थान पर रहे। भौमिक पाण्डेय, आयुष साहू के समान चार–चार अंक रहे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते भौमिक दूसरे व आयुष तीसरे स्थान पर रहे। बालिकाओं में लावण्या यादव चार अंक के साथ पहले व स्मृति सिंह ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। समापन समारोह में एक्सीलिया स्कूल के चेयरमैन डीएस पाठक, वाईस चेयरपर्सन मंजू पाठक, डायरेक्टर आशीष पाठक, महाप्रबंधक शेखर वार्ष्णेय और लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव एके रायजादा ने पुरस्कार वितरित किए।

दहेज के लिए किया प्रताडित मामला दर्ज

इटावा । दहेज में दो लाख रुपये व कार की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित किये जाने में विवाहिता ने परेशान होकर महिला थाने में पति सहित 05 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। शशि देवी पत्नी विनय कुमार ने बताया कि उसके परिवार वालों ने उसका विवाह इटावा के फ्रेण्डस कालोनी थाना क्षेत्र के श्यामनगर निवासी हरनारायण के पुत्र विनय कुमार के साथ हुआ। महिला ने बताया कि उसके पिता ने अपनी सामर्थ्यनुसार शादी में दहेज भी दिया। लेकिन शादी में मिले दहेज से उसके ससुराल वाले खुश नहीं हुए और शादी के बाद से ही उससे अतिरिक्त दहेज की मांग के रुप 2 लाख व एक कार की मांग करने लगे। अतः मांग पूरी न होने पर पति व ससुराल वालों ने शशि के साथ गाली गालौज व मारपीट की।

स्वच्छता सम्मान समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

इटावा । स्वच्छता भारत मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय मंत्री उमा भारती कल रविवार को दिनांक 6.1.2019 को दोपहर 12 बजे इटावा नुमाइश पंडाल पहुंचे। जहां माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केन्द्रीय मंत्री उमा भारती का स्वागत बड़े चोरों शोरों से मालायें पहनाकर किया गया। जहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने 110 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें जनपद सड़क व ग्रामीण सड़क एंव पेयजल योजनायें शामिल रहीं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने लोकापर्ण कार्यों की फोटो गैलरी का निरीक्षण किया। लोकार्पण कार्यों की फोटो गैलरी में सी एम ओ अनिल कुमार मौजूद रहे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छता भारत मिशन के तहत इटावा प्रशासन की जमकर प्रंशसा की साथ ही उन्होंने 5500 स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में इटावा नुमाइश पंडाल में पहुंचे जिले के अनेक स्कूल के बच्चे भी पहुंचे जहां मुख्यमंत्री द्वारा स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें सन्त विवेकानंद, इटावा पब्लिक स्कूल, जीआईसी इंटर कालेज इटावा, राजकीय बालिका इंटर कालेज इटावा आदि कालेजों के बच्चें व शिक्षक मौजूद रहे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही स्वच्छ भारत मिशन योजना के प्रति लोगों से जागरुक होने की अपील की। इस दौरान मंच पर स्वतंत्र देव, सरिता भदौरिया, सावित्री कठेरिया व शिव महेश दुबे आसीन रहे।

भाजपा विपक्ष के नेताओं को बदनाम करने के अभियान में जुटी : अखिलेश यादव

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि जैसे–जैसे लोकसभा के चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं भाजपा विपक्ष के नेताओं को बदनाम करने के अभियान में जुट गई है। वह साजिश और फरेब के सहारे लोगों को भ्रमित करना चाहती है। लेकिन अब परिस्थितियां बदल रही हैं, सबके बारे में सब जानते हैं। भाजपा भी समझ रही है कि इस चुनाव में उसका सफाया होना तय है। जनता ने भी तय कर लिया है कि भाजपा की वादाखिलाफी और धोखाधड़ी को देखते हुए इस बार उसकी खैर नहीं। श्री यादव आज पार्टी मुख्यालय, लखनऊ में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा भाजपा हमारे गठबंधन की खबरों से बुरी तरह परेशान हैं। आखिर भाजपा ने भी तो 40 दलों से गठबंधन किया है। इसी तरह सीबीआई का भी हौआ खड़ा किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में सीबीआई और गठबंधन का क्या सम्बंध है? भाजपा को हटाना है तो सीबीआई क्या करेगी? भाजपा के पास सीबीआई है तो हमारे पास गठबंधन है। सीबीआई के हर सवाल का जवाब देने के लिए मैं तैयार हूँ। वोट सीबीआई तो डालती नहीं, वोट तो किसान, श्रमिक, गरीब, नौजवान, महिलायें, व्यापारी और छोटे कारोबारी डालते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाराज में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। मंहगाई और भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है। महिलाओं, बच्चियों का जीवन असुरक्षित है। व्यापारी वर्ग परेशान है। भाजपाराज में सबका उत्पीड़न हो रहा है। नौजवानों के सपने टूट गए हैं। विकास अवरूद्ध है। किसान कर्ज में डूबे हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। भाजपा ने पांच हजार करोड़ रूपए सिर्फ प्रचार पर खर्च कर दिए। जनता की गाढ़ी कमाई का यह निर्लज्ज दुरूपयोग भाजपा कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी विकास और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा जातिवादी राजनीति कर रही है। विकास की योजनाएं सबके लिए होती हैं लेकिन भाजपा राज में भेदभाव और रागद्वेष की भावना से काम हो रहा है। अभिव्यक्ति की आजादी को कुचला जा रहा है। भाजपा ने राजनीतिक शिष्टाचार खत्म किया है। हम समाजवादी राजनीतिक शिष्टाचार नहीं छोडेंगे। इससे ऊबी जनता परिवर्तन चाहती है। देश रूका हुआ है वह गति चाहता है। देश की जनता भी तैयार है जवाब देने के लिए सन् 2019 के चुनाव में जनता भाजपा का सफाया कर देगी।

खेत में अजगर तथा अजगर का बच्चा मिला

लखनऊ । इटौंजा के गढ़ा गांव में खेत में अजगर तथा अजगर का बच्चा मिला है। सूचना पर पहुंची वन विभाग ने अजगरों को कठवारा के जंगल में छोड़ा। सूरजपुर गढ़ा गांव के बाबू अपने आलू की फसल देखने खेत गए थे। खेत के किनारे मेंढ़ पर बने गड्ढे में 2 अजगर पड़े थे। ग्रामीण गड्ढे से निकालकर अजगरों को गांव ले आए। प्रधान कुलदीप की सूचना पर पहुंचे फारेस्टर मुबारक अली ने दोनों अजगरों को कठवारा के जंगल में छोड़ दिया।

श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

लखनऊ । राजाजीपुरम के एफ ब्लॉक स्थित मुराउ टोला में श्री शतचंडी महायज्ञ राम कथा एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय लोगों द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए रविवार को भागवताचार्य पंडित संजय पांडे ने श्रोताओं को भागवत का महत्व बताते हुए कहा कि इस कथा के सुनने से मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते हैं। इस अवसर पर दोपहर को महिलाओं ने कलश शोभायात्रा निकाली। वहीं 31 दिसंबर से साध्वी पुष्पांजलि शुक्ला द्वारा कही जा रही राम कथा का समापन हो गया। भागवताचार्य संजय पांण्डेय ने बताया कि महायज्ञ की पुर्ण आहूति 12 जनवरी को होने के बाद प्रसाद वितरण कर यज्ञ का समापन किया जायेगा।

नाटक ''उजड़ा हुआ महाविद्यालय'' का मंचन

लखनऊ। उत्तराखण्ड महापरिषद लखनऊ (रंगमण्डल) द्वारा आज नाटक ''उजड़ा हुआ महाविद्यालय'' का मंचन बी0 एम0 शाह प्रेक्षागृह, (निकट–मनोज पाण्डेय चौराहा) गोमती नगर, लखनऊ में किया गया, जिसका उद्घाटन मेजर, डा0 डी0 एस0 नेगी, निदेशक, राम मनोहर लोहिया हास्पिटल, गोमती नगर, लखनऊ के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया साथ ही दीप प्रज्जवलन में संयोजक–दीवान सिंह अधिकारी, अध्यक्ष–मोहन सिंह बिष्ट, महासचिव–हरीश चन्द्र पंत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष–मंगल सिंह रावत,सचिव भरत सिंह बिष्ट,कोषाध्यक्ष के0एस0चुफाल आदि सम्मानित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कथासार उजड़ा हुआ महाविद्यालय एक परिवार की कहानी है जिसमें सब कुछ सामान्य ढंग से चल रहा है। इस परिवार में दादा(डॉ दिनेश कुमार शर्मा)–दादी (पुष्पा वैष्णव), पिता (केदारनाथ– विजय बिष्ट)–माँ (गीता– हिमानी कांडपाल), बेटा (बंटी– अभिषेक सिंह बनौला), बेटी (रीटा– समृद्धि बिष्ट) हैं। सब हंसी–खुशी रह रहे हैं और बच्चें अपने दादा–दादी से कहानियाँ सुनाते हैं–कभी इतिहास की कहानी, कभी खरागोश की कहानी, तो कभी कुत्ते–बिल्लियों की कहानी कभी किसान की कहानी। इन कहानियों के ज़रिये दादा–दादी अपने पोता–पोती को संस्कार दे रहे हैं, पर माँ गीता को लगता है कि इन कहानियों से हमारे बच्चें पिछड़े जा रहे हैं, ज़माना कहां से कहां पहुँच गया है। यह बुड्ढ़ा–बुढ़ियाँ हमारे बच्चों को क्या शिक्षा दे रहे हैं। गीता चूंकि बहुत ही महत्वाकांक्षी है, और उसे यह मालूम है कि उसका पति ऐसी कुर्सी पर बैठा है कि वो चाहे तो रूपयों की बरसात हो जाये पर उसका पति कुछ करता नहीं है। आज केदारनाथ बहुत खुश है क्योंकि वह पहली बार घूस में पचास हजार रूपये घर लाया, रूपये देखकर गीत फूली नहीं समाती है बातों ही बातों में वह कहती है कि अम्मा–बाबा को पुराने मकान में रहने को भेज दो, क्योंकि वह हम लोगों की उन्नति में बाधा डाल रहे हैं, उन्हें अलग कर दो, यह बातें अम्मा–बाबा सुन लेते है और वह तुरन्त अपना बोरिया–बिस्तर समेट कर पुराने घर में रहने के लिए चले जाते है। जब परिवार का मुखिया ही नहीं रहेगा तो लाज़मी है कि बच्चें बिगड़ जायेंगे, तो बंटी और रीटा पूरी तरह से बिगड़ गये हैं, लड़ाई–झगड़ा और नशा पत्ती करने लगे है और केदारनाथ और गीता तो बस अब पैसा कमाओं और खूब शोहरत कमओं में लग गये हैं, बच्चे क्या कर रहे कोई मतलब नहीं, शिकायतें आती है तो दोनों एक–दूसरे पर तोहमत लगाते रहते है। केदारनाथ का दोस्त प्रोफेसर अंसारी आ कर समझाता है, पर उन लोगों पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। धीरे–धीरे हालात यह हो जाते है कि कस्टम विभाग से रेड पड़नी की नौबत आ जाती। और दोनो बच्चे नशे की हालत में घर आते है, रीटा ड्रग्स लेती है तो बंटी को शराब की लत लग जाती है। लेकिन आज जब केदारनाथ और गीता बच्चों के बिगड़ने पर कोसते हैं। तब बंटी नशें की हालत में अपने हालात का जिम्मेदार माता–पिता को ठहराता है। काफी बहस होने के बाद केदारनाथ और गीता को अहसास होता है कि बच्चों के बिगड़ने की जिम्मेदारी माँ–बाप की होती है। अहसास होने के बाद केदारनाथ और गीता अम्मा–बाबा को घर वापस लाते है और कहते है मुझे आज मालूम हो गया कि आप लोग जो कुत्ते–बिल्लियों की कहानी सुनाते थे वह महज़ एक कहानी नहीं होती थी, बल्कि आप उन कहानियों के ज़रिए बच्चों को संस्कार दे रहे थे। अब आप लोग इस उजड़े हुए महाविद्यालय को फिर से सम्भालिए और अपनी कहानियों के जरिये इन्हें संस्कारी बनाइये। आज के युग में हमें अपने बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। संस्कृति, परिवार, समाज, संस्कार आदि की जानकारी देना माता–पिता का कर्तव्य है। इस नाटक से युवओं में संस्कार, संस्कृति के प्रति प्रेम की भावना जागृत होगी, आप प्राचार्य की भूमिका निभाइये हम फाइनेंसर की भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार करूणा पाण्डेय, रिटायर्ड अति0 कमिशन इन्कम टैक्स अनिल कुमार पाण्डेय, भूवन पटवाल, नन्दन सिंह खन्नी, के0 एच0 चुफाल, उषा रावत, भरत सिंह बिष्ट, ललित बिष्ट, विद्या सिंह, हेम पंत, गिरीश जोशी, विनोद पंत सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारी, सदस्य व दर्शाक दीर्घा में उपस्थित रहे।

यूपी के शनीष मणि मिश्रा और गौतम आनंद डबल्स के सेमीफाइनल में

लखनऊ । यूपी की शांभवी तिवारी ने प्रथम प्रोफेशनल टेनिस अकादमी ऑल इंडिया रैंकिंग एवं प्राइज मनी टेनिस टूर्नामेंट में मेजबान की चुनौती कायम रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। यूपी टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रोफेशनल टेनिस अकादमी (पीटीए) और टेनिस प्लेयर्स एसोसिएशन ऑफ लखनऊ (टीपीएएल) द्वारा प्रोफेशनल टेनिस अकादमी के कोर्ट पर आयोजित इस टूर्नामेंट में डबल्स मुकाबलों में यूपी के शनीष मणि मिश्रा और गौतम आनंद ने जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में यूपी के ही हर्षित बंसल और राजस्थान के ऋषिराज शेखावत को 6–3, 6–3 से मात देते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।वहीं सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पुरूष वर्ग में यूपी के गौतम आनंद, आशुतोष तिवारी, मरियम खान व इरम जैदी का अभियान हार के साथ समाप्त हो गया। महिला सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में शांभवी तिवारी ने यूपी की इरम जैदी को 6–4, 6–3 से मात दी। वहीं कर्नाटक की शीर्ष वरीय अंशिता पठानिया ने यूपी की आठवीं वरीय मरियम खान को 6–1, 6–0 से हराया। इसी वर्ग में तेलंगाना की अवंतिका रेड्डी ने चौथी वरीय बिहार की आयुषी सिंह को 6–2, 1–6, 6–2 से हराते हुए उलटफेर किया। पुरूष सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय जगमीत सिंह (हरियाणा) ने सातवीं वरीय गौतम आनंद (यूपी) को 6–3, 6–2 से, तीसरी वरीय आरव सिंह (झारखंड) ने पांचवीं वरीय पी डे गर्ग (पश्चिम बंगाल) को 6–4, 6–2 से, छठीं वरीय द्रोण वालिया (उत्तराखंड) ने चौथी वरीय आशुतोष तिवारी (यूपी) को 6–4, 7–6 (3) से और दूसरी वरीय युवराज सिंह (हरियाणा) ने आठवीं वरीय अग्र मॉलिन (गुजरात) को 7–6(4), 6–3 से हराकर सेमीपफाइनल में प्रवेश किया। महिला सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय वंशिता पठान (कर्नाटक) ने आठवीं वरीय मरियम खान (यूपी) को 6–1, 6–0 से, तीसरी वरीय माधवी सिंह (बिहार) ने रूपकथा मुखर्जी (पश्चिम बंगाल) को 6–4, 7–5 से, अवंतिका रेड्डी (तेलंगाना) ने चौथी वरीय आयुषी सिंह (बिहार) को 6–2, 1–6, 6–2 से और शांभवी तिवारी (यूपी) ने इरम जैदी (यूपी) को 6–4, 6–3 से हराया। डबल्स मुकाबलों के क्वार्टर फाइनल में एकलव्य सिंह और अनुज मलिक (हरियाणा) ने दक्ष कुमार सिंह और उमाकांत सिंह (यूपी) को 6–1, 6–2 से, शनीष मणि मिश्रा और गौतम आनंद (यूपी) ने हर्षित बंसल (यूपी) और ऋषिराज शेखावत (राजस्थान) को 6–3, 6–4 से, मॉलिन अग्रहरा (गुजरात) और शिमोन शास्त्री (महाराष्ट्र) ने पीडे गर्ग (पश्चिम बंगाल) और अभिषेक कुमार (हरियाणा) को 6–0, 4–6, 10–4 से हराया जबकि हरियाणा के जगमीत सिंह और युवराज सिंह को वाकओवर मिला।

बृजेश पाठक ने किया नेशनल कान्क्लेव 2019 का उद्घाटन

लखनऊ । एनपीए से बैंकों को बचाना है तो बैंक के डिफाल्टर से सख्ती बरतनी होगी। वर्तमान सरकार ने इस तरफ कुछ कदम उठाए भी हैं। आल इंडिया बैंक आफिसर्स कन्फेडरेशन (ऑयबॉक) द्वारा आयोजित नेशनल कान्क्लेव 2019 में यह बातें प्रदेश के विधि एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक ने कहीं। वहीं आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश का लगभग 75 फीसदी पैसा बड़े उद्योगपतियों के पास है। यह असमानता को दूर करने के लिए प्रयास करने चाहिए। रविवार को नेशनल कान्क्लेव 2019 का आयोजन गोमतीनगर स्थित सिटी मान्टेसरी स्कूल में आयोजित किया गया। इसके उद्घाटन सत्र में आयबॉक के राष्ट्रीय महासचिव सौम्या दत्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार जनमानस में बैंकों को बदनाम कर रही है कि बैंककर्मी आपका ऋण पास नहीं करना चाहते। लेकिन आप खुद सोचें कि 59 मिनट में ऋण कैसे दिया जा सकता है जबकि इतने समय में सभी कागज जांचे और परखे नहीं जा सकते। कान्क्लेव में बड़ी संख्या में राजनीति, प्रिन्ट मीडिया व इलेक्ट्रानिक मीडिया, शिक्षा जगत, व्यवसायी, बैंकर्स, सीए, समाजसेवी आदि अनेक क्षेत्रों के शीर्ष विचारकों ने शामिल होकर बैंकिंग उद्योग के प्रति अपनी राय जाहिर की। कान्क्लेव के प्रथम सत्र में 'व्यावसायिक बैंकों को स्वायत्तता पर चर्चा की गई। जिसमें सीपीआई के सचिव अतुल अनजान, चार्टर्ड एकाउंटेंड अतुल मोहन समेत मीडिया जगत की कई हस्तियों ने विचार रखे। कान्क्लेव के दूसरे सत्र का विषय 'बैंको के विलय एवं निजीकरण का समाज पर प्रभाव पर हिन्दुस्तान टाइम्स की वरिष्ठ सम्पादक सुनीता ऐरन, पीएचडी चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री के को–चेयरमैन मुकेश बहादुर सिंह ने बैंको के विलय के प्रभावों से आमजन को अवगत कराया। तीसरे सत्र का विषय 'सामान्य बैंकर के समक्ष चुनौतियां पर चर्चा हुई। समापन सत्र में 'देश के उत्थान में बैंको की भूमिका पर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री समेत अन्य मीडिया के लोगों ने विचार रखे। इनके साथ आयबाक के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवाशीष घोष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीं सुब्रमण्यम ने कहा कि यदि सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंक अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तो इन्हें कमजोर करने की साजिश क्यों रची जा रही है। इस मौके पर आरएन शुक्ला, आयबॉक के सचिव दिलीप चौहान, अध्यक्ष पवन कुमार, मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव समेत अनय लोग मौजूद रहे।

मकान किराया एवं नगर प्रतिकर भत्ता न मिलने पर भड़के नगर निगम कर्मी

लखनऊ। नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ द्वारा सातवें वेतन आयोग की संस्तुति के मुताबिक कर्मचारी को मकान किराया भत्ता एवं नगर प्रतिकर भत्ता न दिये जाने पर विरोध जताते हुए तत्काल शासनादेश जारी करने की मांग की गई है। नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा लगातार वित्त आयोग द्वारा की जा रही कटौती का विरोध दर्ज कराते हुए उक्त कटौती को तत्काल बंद कराने की मांग को लेकर कार्यकारिणी की बैठक में आन्दोलन का निर्णय लिया गया है। संघ के पदाधिकारियों की सामूहिक सहमति के बाद उक्त मांगों की प्रतिपूर्ति के लिए 23 से काला फीता बॉधकर ध्यानाकर्षण आन्दोलन चलाया जाएगा। इसके उपरान्त 4 फरवरी को नगर विकास मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन लालबाग मुख्यालय से मण्डलायुक्त कार्यालय तक शान्तिमार्च निकाल कर मण्डलायुक्त के माध्यम से सौपा जाएगा। 12 फरवरी को मुख्यालय पर धरना देकर उसी दिन अगले कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। नगर निगम कर्मचारी संघ, लखनऊ की कार्यकारिणी समिति की बैठक को 60, संघ कार्यालय द्वितीय तल लालबाग नगर निगम लखनऊ में संघ अध्यक्ष आनन्द वर्मा के अध्यक्षता एवं सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। संघ की कार्यकारिणी में स्थानीय निकाय कर्मिको को सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुसार मकान किराया भत्ता, नगर प्रतिकर भत्ता का शासनादेष निर्गत न किये जाने तथा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत लगातार कटौती किये जाने पर विचार किया गया तथा सर्व सम्मत से निर्णय लिया गया है कि यदि समय रहते मॉगों की पूर्ति नही की जाती है तो संघ विवश होकर निम्न तिथियों पर आन्दोलन हेतु बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन की होगी।संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा एवं महामंत्री रामअचल ने आन्दोलन के कार्यक्रम की जानकारी देत हुए बताया कि 23. जनवरी से सभी कर्मचारी काला फीता बॉधकर उ.प्र.सरकार एवं उ. प्र.शासन को मॉगो के प्रति ध्यानाकर्षण करायेगें। 4फरवरी को मंत्री, नगर विकास को मण्डलायुक्त लखनऊ के माध्यम से नगर निगम लालबाग मुख्यालय से मण्डलायुक्त कार्यालय तक शान्ति मार्च के रुप में ज्ञापन देकर पुनः मॉगों की पूर्ति हेतु ध्यानाकर्षण कराया जायेगा।12 फरवरी को नगर निगम लखनऊ लालबाग पर पुनः मॉगों की पूर्ति हेतु एक दिवसीय धरना तथा उसी दिन पुनः अगले आन्दोलन की घोषणा। संघ की कार्यकारिणी की बैठक में सर्व रामचन्दर यादव, संरक्षक, आनन्द वर्मा, अध्यक्ष, राम अचल, महामंत्री, ओम प्रकाष उप्रेती, मो. शोएब, मो. शमील एखलाक, उपाध्यक्ष, श्रीमती विजय लक्ष्मी, श्रीमती रेखा यादव, मिर्जा इरषाद बेग, मंत्री, अर्जुन यादव, संगठन मंत्री, हेमन्त कुमार, कोषाध्यक्ष, सत्येन्द्र कुमार, सुखदेव प्रसाद, मनीष पाल,शमषाद, जाकिर अली, अनुज गुप्ता सदस्य कार्यकारिणी उपस्थित थे।

जिला कारागार, फतेहगढ़, देवरिया व लखनऊ के 06 बंदियों का स्थानान्तरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने जिला कारागारों में निरुद्ध 06 विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर अन्यत्र कारागारों में स्थानान्तरित करने के आदेश दिए हैं। कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला कारागार लखनऊ में निरुद्ध विचाराधीन बंदी मोहम्मद शाह को केन्द्रीय कारागार वाराणसी, जिला करागार देवरिया में निरुद्ध 02 विचाराधीन बंदियों मुलायम यादव तथा अजय प्रताप सिंह को क्रमशः केन्द्रीय कारागार बरेली व जिला कारागार फतेहगढ़ तथा जिला कारागार फतेहगढ़ में निरुद्ध 03 विचाराधीन बंदी सुरेश यादव को केन्द्रीय कारागार बरेली, अंकित पाण्डेय को केन्द्रीय कारागार आगरा तथा अनूप सिंह उर्फ बबलू को जिला कारागार कानपुर नगर में स्थानान्तरित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 1.63 अरब रुपये की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष में भारत सरकार द्वारा प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त केन्द्रांश 24462.50 लाख रुपये के सापेक्ष 40 प्रतिशत राज्यांश की धनराशि 1,63,08,33,333.00 अर्थात एक अरब तिरसठ करोड़ आठ लाख तैतीस हजार तीन सौ तैतीस रुपये मुख्य कार्यपालक अधिकारी उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के निर्वतन पर रखे जाने की स्वीकृति दी है। प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास श्री अनुराग श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही स्वीकृत धनराशि का व्यय भारत सरकार के दिशा–निर्देशों एवं अधिनियम में उल्लिखित व्यवस्था एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त व्यवस्था के अन्तर्गत निर्धारित मदों में किये जाने को भी कहा गया है।

बुन्देलखण्ड पैकेज के प्रथम चरण में 2725 हैण्डपम्प एवं 12 पाइप पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुन्देलखण्ड में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। इसको मद्देनजर रखते हुए बुन्देलखण्ड पैकेज के प्रथम चरण के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप 2725 हैण्डपम्प एवं 12 पाइप पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूरे किये गये हैं। प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास श्री अनुराग श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बुन्देलखण्ड पैकेज के द्वितीय चरण के अन्तर्गत 51 पाइप पेयजल योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है जिसमें से 44 परियोजनाओं के कार्य पूरे किये जा चुके हैं तथा 05 परियोजनाएं वित्तीय वर्ष 2018–19 में शुरू की गयी है। शेष दो परियोजनाएं चालू वित्तीय वर्ष में पूरी कर ली जायेगी। त्वरित आर्थिक योजना के अन्तर्गत 2017–18 में 41276 हैण्डपम्पों के लक्ष्य के सापेक्ष 39267 एवं वर्ष 2018–19 के लक्ष्य 36325 के सापेक्ष 3400 हैण्डपम्पों का कार्य पूरा कर लिया गया है।

पूर्व खिलाड़ियों के मन में ताजा हो गयी स्पोर्ट्स क लेज से जुड़ी पुरानी यादें

❑ स्पोर्ट्स कालेज एक्स स्टूडेंट वेलफेयर सोसाइटी के चतुर्थ महासम्मेलन में गुरूजनों के साथ नए खिलाड़ियों का भी हुआ सम्मान

लखनऊ । स्पोर्ट्स कालेज एक्स स्टूडेंट वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में रविवार को चतुर्थ महासम्मेलन के अंतिम दिन यह रविवार कुछ खास था। इस दौरान खिलाड़ियो को निखारने वाले गुरूजनों के साथ सोसायटी की फुटबॉल अकादमी से जुड़े उल्लखेनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इससे पहले गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के परिसर में इस दौरान खिलाड़ी एक साथ मौजूद थे लेकिन उनकी आंखों में आज भी स्पोर्ट्स कॉलेज की यादें नजर आ रही थी। भले कोई रेलवे में नौकरी कर रहा हो या फिर पुलिस विभाग में लेकिन खेल के प्रति उनका लगाव अब भी कम नहीं हुआ है। इन खिलाड़ियों की चाहत है वह स्पोर्ट्स कॉलेज की प्रतिभा को आगे लाने में मदद करे। इस दौरान इन पूर्व खिलाड़ियों ने उसी कैंटीन में खाना खाया जहां वह ट्रेनिंग करते थे। इसी के साथ इन सभी ने उन क्लासरूम और डारमेट्री में भी जाकर देखा जहां वह अपने स्कूल के दिनों में रहते थे।

अपने जमाने के स्टार रहे इन खिलाड़ियों ने मौजूदा दौर के हालात पर चर्चा करने के साथ–साथ सोसाइटी द्वारा चलायी जा रही फुटबॉल अकादमी में अपना योगदान देने की बात भी की है। ज्ञात हो कि पिछले साल अप्रैल माह से शुरू हुई फुटबॉल अकादमी की टीम ने काफी कम समय में कई उपलब्धियां अर्जित की है। इस अवसर पर स्पोर्ट्स कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग गुरू सुनील सिंह (पूर्व स्टूडेंट, 1977, देश के पांच दिग्गज योग गुरू में से एक) मौजूद थे और उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए योग करने की सलाह दी। योग गुरु ने उन्हें टिप्स दिया। वहीं सोसायटी के सदस्यों और वर्तमान ट्रेनीज के मध्य एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन भी किया गया। होटल जायका (फैजाबाद रोड) में आयोजित सम्मान समारोह में कोचेज टीएन पांडेय, अरूण भारद्वाज, एस के खन्ना, विष्णु शर्मा,स्वपन राय, दीपक शर्मा, अशर नकवी, मातादीन यादव, विजय सिंह चौहान, शतवन्द सिंह,राम अवतार सिंह,मोहिनी जोशी, नन्हे सिंह, सिद्दकी के नाम शामिल है। इनके अलावा एथलेटिक्स में अपनी छाप छोड़ चुके स्व बृजेश कुमार के अहम योगदान के लिए उनके पुत्र को सोसाइटी द्वारा एक लाख की आर्थिक मदद दी गई है जबकि फुटबॉल कोच मुकेश सब्बरवाल और आरडी पाल को उनके शानदार कार्य के लिए सम्मानित किया गया। अकादमी के प्रशिक्षु इमरान ने आगरा में हुई एशियन स्कूल अंडर–18 फुटबॉल चौंपियनशिप में टीम में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया अकादमी के यूपी अंडर–14 टीम में चयनित खिलाड़ी अजनीश राय और रोहित सिंह

अंडर–17 टीम में चयनित शेख मोहम्मद अनस, अवीश श्रीवास्तव और तुषार कौशिक अकादमी के नौ बच्चे डीएवी इंटर कॉलेज से खेलते हुए रिलायंस फाउंडेशन के लखनऊ जिला व नार्थ जोनल टूर्नामेंट में विजेता रहे। कार्यक्रम में मौजूद खिलाडियों की आंखें हुई नम स्पोर्ट्स कालेज एक्स स्टूडेंट वेलफेयर सोसाइटी के सम्मान समारोह में जब खिलाड़ी मिले तो एक दूसरे की आंखे नम थी। कॉलेज के देश भर के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों सहित गुरूजन अपने पुराने दिनों को याद कर रहे थे तो कुछ खेल के दौरान हुई घटना को लेकिन सभी एक दूसरों को गले लगाकर हालचाल ले रहे थे। अपने दौर के मशहूर क्रिकेटर रहे भूपेंद्रर सिंह इस अवसर काफी उत्साहित नजर आ रहें थे। उन्होंने कहां कि उस दौर में सुविधाओं का टोटा रहता था लेकिन हम अपनी लगन के सहारे लक्ष्य को हासिल कर लेते थे। उन्होंने कहा आजकल के खिलाडियों धैर्य की कमी देखी जा सकती है। कम मेहनत में ज्यादा की चाह की जाती जो सही नहीं है। खिलाडियों की मेहनत करनी चाहिए तभी अच्छे खिलाड़ी निकल सकेंगे।

उत्तर प्रदेश से जम्मू एवं कश्मीर तक 6 मार्गों पर चलेंगी रोडवेज बसें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश युवा जम्मू एवं कश्मीर तथा उत्तर प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश राज्यों के माध्यम परिवारिक परिवहन समझौते पर हस्ताक्षर का कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी आदित्यनाथ, सत्यपाल मलिक राज्यपाल जम्मू एवं कश्मीर, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, गोविंद सिंह ठाकुर मंत्री परिवहन युवा सेवा खेल हिमाचल प्रदेश शामिल हुए। इस कार्यक्रम में दोनों राज्यों के बीच बस चलाने के समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। इस समझौते के बाद अब यूपी और जम्मू–कश्मीर के छह मार्गों पर परिवहन विभाग रोडवेज बसें चलाएगा। इससे सारे धार्मिक स्थल जोड़े जायेंगे। यूपी के मुख्यमंत्री, जम्मू कश्मीर के राज्यपाल ने रंगबिरंगे फूलों और गुब्बारों से सजी इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्यपाल मलिक जम्मू कश्मीर राज्यपाल एवं गोविन्द सिंह ठाकुर हृदय से स्वागत करता हूँ। दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है। उत्तरप्रदेश परिवहन को भी तेजी से आगे बढ़ाना पड़ेगा और राज्यों मे भी समझौते हुए हैं। हम अपने देश के लोगों को देश मे जाने के लिए तेजी से ले जाया जाये। परिवहन ने तेजी से छलांग लगायी है। पर्यटन दूरियों को कम करता है। रोजगार को बढ़ावा देता है। ट्रांसपोर्ट के माध्यम से राज्यों का विकास बढ़ता है। हमारी सरकार ने कुम्भ की भव्य तैयारी की है। इस देश के 6 लाख गांव को कुम्भ मे आने का निमंत्रण दिया है। कुम्भ जोड़ने का काम करता है। ये समझौते ये व्यापारिक जोड़ने का काम करेंगे ये प्रयास बहोत सार्थक है। इस मौके पर जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कहा कि संत जब राजा बनता है तो उसका कद और बढ़ जाता है। गोविन्द सिंह ठाकुर अगली बार जब आप आएं टोपी नहीं शॉल लेकर आएं। सब धर्मो के लिए जगह है। इस साल 86 लाख वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आए। जहांगीर ने श्रीनगर मे उतर कर कहा था दुनिया मे कहीं जन्नत है तो यहीं है। पटना में जितने एक दिन मर्डर होते हैं। उतने कश्मीर में एक हफ्ते मे होती हैं। जम्मू कश्मीर में पत्थर बाजी बंद हो गयी है।कश्मीर में दस साल से सिनेमा नहीं देखा। जम्मू कश्मीर की फुटबॉल टीम ने मोहन बागान की टीम को भी हराया। एक बच्चा आईपीएल मे चुना गया। बहुत लोग बधाई देने आये। उत्तरप्रदेश के लगभग 20 हजार बच्चे जम्मू कश्मीर मे पढ़ते हैं। जम्मू कश्मीर में योगी आदित्यनाथ को निमंत्रण जम्मू कश्मीर मे लोग बदल रहे हैं। कार्यक्रम में स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कटरा से कुम्भ, कुम्भ से कटरा के लिए बसों को जोड़ दिया जायेगा। आने वाले समय मे सारे राज्यों मे करार हो जायेगा। पहली बार जम्मू मे फुटबॉल का मैच हुआ। जिसमे 27000 लोग आये। गरीबों को बस से जोड़ दिया जायेगा। वहीं गोविन्द सिंह ठाकुर वन और परिवहन मंत्री हिमांचल ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करता हूँ। ये संकल्प आप ने लिया। हिमांचल वीरों की भूमि है। कारगिल के युद्ध में 4 वीर जवान एक जीवित हैं।

यूपी में गठबंधन रोकने के लिए हो रहा सीबीआई का इस्तेमाल : गुलाब नबी आजाद

लखनऊ। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के खनन मामले से संबंधित सीबीआई के छापे को लेकर सोमवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार राज्य में गठबंधन को रोकने के लिए सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाब नबी आजाद ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि मोदी सरकार ने जो वादे किए उनको पूरा करने पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। सिर्फ इस पर पूरा ध्यान लगाया है कि सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग का कैसे अपने विरोधियों को कमजोर करने और उन पर आरोप लगाने के लिए इस्तेमाल करना है। उन्होंने कहा कि चाहे कांग्रेस के नेता हों, राकांपा के नेता हों, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक या अन्नाद्रमुक के नेता हों, उन पर सीबीआई, आयकर और ईडी की कार्रवाई के जरिए उनको डराने धमकाने का पूरा प्रयास किया। आजाद ने कहा कि इस सरकार ने जाते–जाते उन पर (सपा नेताओं पर) कार्रवाई शुरू कर दी। पौने 4 साल यह सरकार कहां बैठी थी। इतने साल तक इनको भ्रष्टाचार नहीं दिखा। इनका मकसद यह है कि डराओ–धमकाओ ताकि गठबंधन ना होने पाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में यह राजनीतिक दलों पर निर्भर करता है कि वे किससे गठबंधन करते हैं, किसके साथ नहीं। हम इसकी निंदा करते हैं और यह तानाशाही नहीं चलेगी। आजाद ने कहा कि राफेल का मुद्दा कांग्रेस अध्यक्ष लगातार उठाते आ रहे हैं। पूरा देश कह रहा है कि राफेल खरीद बहुत बड़ा घोटाला है। उन्होंने कहा कि इन दोनों विषयों पर राज्यसभा में चर्चा होनी चाहिए।

राजकीय बाल गृह बालिका से एक और संवासिनी फरार

लखनऊ। राजकीय बाल गृह (बालिका) मोती नगर में से 15 दिन के भीतर एक और संवादिनी फरार हो गई। वह बाथरूम की छत से दीवार के सहारे फरार हुई और कर्मचारी व अधीक्षिका को भनक तक नहीं लगी। महिला कल्याण निदेशालय के जांच दल ने औपचारिकता पूरी करते हुए निरीक्षण कर कर्मचारियों से पूछताछ की लेकिन फरार समाज नहीं का सुराग नहीं लगा। मामले की तहरीर नाका थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस फरार हुई संवासिनी की तलाश में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, रेलवे चाइल्ड लाइन की मदद से 3 जनवरी को चारबाग पर 12 साल की संवासिनी को भिक्षावृत्ति करते हुए पकड़ा गया था। जिससे बाल गृह कल्याण समिति के निर्देशानुसार राजकीय बाल गृह बालिका मोती नगर में 2 दिन पूर्व आश्रय दिलाया गया था। 2 दिन रहने के बाद रविवार रात वह फरार हो गई।बालिका गृह की अधीक्षिका रीता टांडा को जब इसकी जानकारी लगी तो बहुत देर हो चुकी थी। उन्होंने इसकी सूचना डीपीओ का पुलिस को दी। रविवार को महिला कल्याण निदेशालय के सहायक निदेशक सर्वेश कुमार पांडेय ने बालिका गृह का निरीक्षण किया और कर्मचारियों से जानकारी जुटाई। सर्वेश कुमार पांडेय ने बताया कि पिछली घटना की तरह फरार हुई संवासिनी 3 जनवरी को चारबाग से लाई गई थी। उसे रेलवे चाइल्ड लाइन ने भिक्षावृत्ति करते पकड़ा था। राजकीय बालिका गृह से 2018–19 में 4 महीने में 5 बार संवासिनी फरार हो चुकी हैं। इनमें जुलाई माह में दो बाथरूम के रास्ते से फरार हुई। इसके बाद अक्टूबर में एक फरार हो गई। इसके अलावा दिसंबर में एक और अब जनवरी में एक संवासिनी फरार हो गई। बाल कल्याण समिति की सदस्य संगीता शर्मा का आरोप है कि बाल गृह बालिका ने बाथरूम की दीवार की अनदेखी की है। जिससे 22 दिसंबर को फरार हुई संवासिनी की तरह रविवार शाम संवासिनी ने फायदा उठाया और फरार हो गई।बाल कल्याण समिति के मुताबिक, पिछली घटना की जांच के दौरान बाथरूम की दीवार को गिराने की स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। लेकिन इसको संज्ञान में नहीं लिया गया।

एकलव्य सिंह और वंशिता पठानिया ने जीते सिंगल्स खिताब

लखनऊ । एकलव्य सिंह और वंशिता पठानिया ने प्रथम प्रोफेशनल टेनिस अकादमी ऑल इंडिया रैंकिंग एवं प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन की धाक जमाते हुए पुरूष व महिला सिंगल्स खिताब जीत लिए। यूपी टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रोफेशनल टेनिस अकादमी (पीटीए) और टेनिस प्लेयर्स एसोसिएशन ऑफ लखनऊ (टीपीएएल) द्वारा अवध स्कूल स्थित प्रोफेशनल टेनिस अकादमी के कोर्ट पर आयोजित एक लाख रूपए की प्राइजमनी वाले इस टूर्नामेंट में पुरूष सिंगल्स के फाइनल में तीसरी वरीय झारखंड के एकलव्य सिंह ने छठीं वरीय उत्तराखंड के द्रोण वालिया को तीन सेट तक खिंचे रोमांचक मुकाबले में 6–0, 2–6, 7–6(3) से हराकर खिताब जीता। पहला सेट जीतने के बाद एकलव्य दूसरा सेट गंवा बैठे। तीसरे व निर्णायक सेट में प्रतिद्वंद्वी की सर्विस ब्रेक करते हुए एकलव्य ने जीत दर्ज करने के साथ खिताब भी अपने नाम कर लिया। महिला सिंगल्स के फाइनल में कर्नाटक की शीर्ष वरीय वंशिता पठानिया ने गैर वरीय खिलाड़ी तेलंगाना की अवंतिका रेड्डी को सीधे सेटों में 6–0, 6–0 से हराया। समान समारोह में मुख्य अतिथि ज्योति कौल (आइटा आब्जर्वर), विशिष्ट अतिथि आनंद कुमार (एनआरआई रत्न), अनिल कुमार (स्पोर्ट्स आफिसर, खेल विभाग), अमरेंद्र वर्मा (एडीजी, एसबीआई), धर्मेंद्र पाण्डेय (चीफ सब एडिटर, दैनिक जागरण), सुनील भटनागर (यूपीपीसीएल से रिटायर्ड) और टूर्नामेंट निदेशक प्रियंका शुक्ला भी मौजूद थे।

ट्रेन, बसों पर परीक्षार्थियों का कब्जा

लखनऊ। यूपीटीईटी की प्रवेश परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थी शनिवार से ही राजधानी में डेरा जमाये हुए थे। राजधानी के चारबाग रेलवे स्टेशन और आलमबाग, कैसरबाग बस अड्डे के निकट फुल रहे। लाखों की संख्या में आये परीक्षार्थियों की भीड़ से ऑटो, टेम्पो, ई–रिक्शा, सिटी बसें भी फुल रही। परीक्षार्थियों की भीड़ से शहर में जाम की स्थिति बनी रही। सवारी के इंतजार में लोगों को घंटों खड़े रहना पड़ा। वहीं, ट्रेनों में अभ्यर्थियों ने त्रिवेणी एक्सप्रेस, गंगा गोमती सहित कई एक्सप्रेस में कब्जा कर लिया। सीट को लेकर यात्रियों व छात्रों के बीच काफी हंगामा भी हुआ। परीक्षा समाप्त होने के बाद शाम को काफी संख्या में छात्र चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच गए। इससे प्लेटफार्म व ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ गई। अभ्यर्थियों ने स्लीपर कोचों पर अपना कब्जा जमा लिया। सबसे अधिक परेशानी हिमगिरी एक्सप्रेस, गंगा–गोमती एक्सप्रेस, चित्रकूट एक्सप्रेस, त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत एक दर्जन से अधिक ट्रेनों के यात्रियों को हुई। लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, इलाहाबाद जाने वाली विभिन्न ट्रेनों में परीक्षार्थियों के चढ़ने की मारामारी हुई। यात्रियों का कहना है कि परीक्षा के वक्त ट्रेनों में भीड़ बढ़ जाती है। इससे आरक्षित यात्रियों को काफी परेशानी होती है। प्रशासन को परीक्षा के लिए स्पेशल ट्रेन चलानी चाहिए जिससे परीक्षार्थियों के साथ आरक्षित यात्रियों को भी सहूलियत मिले।

गौमाता को राज्य माता घोषित करने का मुद्दा उठाएंगे मलूक पीठाधीश्वर

लखनऊ। लोक परमार्थ सेवा समिति के पदाधिकारियों ने वृंदावन में परिक्रमा व बांके बिहारी के दर्शन करने के बाद 02 जनवरी 2019 को मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास देवाचार्य जी महाराज से भेंटकर उनसे कुम्भ में आयोजित होने वाली धर्मसभा में गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिये जाने का आग्रह किया। इस आर्ग्रह पत्र के जवाब में 04 जनवरी को श्री मलूक पीठ सेवा संस्थान न्यास, वृंदावन द्वारा कुम्भ के धर्म संसद में मुद्दा उठाने की स्वीकृति दे दी गई, यह जानकारी समिति की प्रवक्ता श्रीश शर्मा ने दी।

एम्बुलेंस सेवा 102 के संचालन के लिए नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू

लखनऊ। एम्बुलेंस सेवा 102 के संचालन के लिए नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्री–बिड के बाद अब रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी करने की तैयारी है। एंबुलेंस सेवा 108 और 102 के संचालन के लिए सरकार ने फिर से टेंडर जारी किए हैं। प्रदेश में 102 सेवा की 2200, 108 सेवा की 1488 और एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) की 105 एंबुलेंस का संचालन हो रहा है। योगी सरकार आने के बाद से ही एंबुलेंस संचालन के लिए नए सिरे से टेंडर की तैयारी चल रही थी। 102 एंबुलेंस के लिए जारी टेंडर की बैठक गुरुवार को हो चुकी है।अब रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी करने की तैयारी है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने 108 एंबुलेंस के टेंडर की समीक्षा की थी। इनमें पुरानी एम्बुलेंस को हटाकर नई एंबुलेंस चलाने और संख्या बढ़ाकर करने का फैसला किया गया था। अभी इन सेवाओं पर का संचालन जीवीके कंपनी कर रही है।

काकोरी मे मिलावटी सीमेन्ट फैक्ट्री पकड़ी गई 6 गिरफ्तार

❑क्या सुरक्षित है मिलावटी सीमेन्ट से बने मकानो मे रहने वाले लोग

❑पारा पुलिस ने 916 पेटी शराब लदी डीसीएम पकड़ी चालक समेत दो फरार

लखनऊ । काकोरी पुलिस ने बीती रात एक ऐसे गिरोह के 6 सदस्यो को गिरफ्तार करने मे कामयाबी हासिल की है जो ब्रान्डेड कम्पनी के नाम पर मिलावटी सिमेन्ट बना कर बाजार मे बेचते थे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक्सप्रेस हाईवे के सर्विस लेन के पास चल रहे एक गोदाम मे छापा मार कर मिलावटी सिमेन्ट फैक्ट्री का भण्डाफोड़ किया और 6 लोगो को गिरफ्तार किया लेकिन मिलावटी सीमेन्ट के गोदाम का मालिक पुलिस के हत्थे नही चढ़ सका। नए साल के चौथे दिन पारा पुलिस भी गुडवर्क की कड़ी मे जुड़ गई और पुलिस ने चेकिंग के दौरान बड़ी कामयाबी हासिल की पारा पुलिस नहर पुलिया के पास रात्रि चेकिंग मे मशगूल थी तभी पुलिस को देख कर डीसीएम से उतर कर दो लोग भाग गए पुलिस ने जब डीसीएम के अन्दर देखा तो डीसीएम के अन्दर से 916 पेटी शराब बरामद हुई। पुलिस ने डीसीएम समेत शराब की पेटियां अपने कब्जे मे ले ली है। गुडवर्क की कड़ी मे बीती रात काकोरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लाईन के किनारे बने दिनेश यादव के सीमेन्ट के गोदाम मे छापा मारा तो वहां ब्रान्डेड कम्पनी के नाम पर मिलावटी सीमेन्ट के गोरख धंधे का खुलासा हुआ मिलावटी सीमेन्ट के इस गोदाम मे काम कर रहे छेदी लाल, अनुज रैदास, शैलेन्द्र कुमार रैदास, सूरज रैदास, महावीर व सुजीत रैदास को गिरफ्तार कर वहां से भारी मात्रा मे मिलावटी सीमेन्ट की बोरिया बरामद कर ली। पुलिस ने नकली सीमेन्ट के इस गोदाम मे बोरियो मे मिलावटी सीमेन्ट भरने मे प्रयोग किए जाने वाले औजार भी बामद किए है। हालाकि पुलिस गोदाम के मालिक दिनेश यादव और छोटू उर्फ मनोज गौतम को नही गिरफ्तार कर सकी है। इन्सपेक्टर काकोरी संजय कुमार का कहना है कि गिरफ्तार किए गए लोगो के अनुसार ये लोग तकरीबन डेढ़ महीने से इस गोदाम मे मिलावट सीमेन्ट बोरियो मे भर कर बेचने का काम कर रहे थे उन्होने बताया कि मिलावटी सीमेन्ट का गोदाम चलाने वाले लोगो की तलाश जारी है। इन्स्पेक्टर काकोरी की इस बात को अगर सच मान जाए कि मिलावटी सीमेन्ट का गोदाम सिर्फ डेढ़ महीने से ही चल रहा था तो इस डेढ़ महीने मे भी न जाने कितनीमिलावटी सीमेन्ट बाजार मे और बाजरारो से मिनार्ाधीन मकानो तक पहुँच चुकी होगी न जाने कितने भवनो का निर्माण इस गोदाम से निकली मिलावटी सीमेन्ट से तैय्यार हो चुके होगे ऐसे मकान जो इस गोदाम से निकली मिलावटी सीमेन्ट से बने है क्या उसमे रहने वाले लोगो की जिन्दगी सुरक्षित है पुलिस को इस बात की जॉच भी करनी चाहिए किइस मिलावटी सीमेन्ट के गोदाम से निकली सीमेन्ट से कितने और कहा मकान बने है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रो मे ठन्ड के मौसम मे रात्रि मे होने वाली अपराध की घटनाओ की रोकथाम के लिए एसएसपी कलानिधि नैथानी द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार पारा थाना क्षेत्र मे रात्रि चेकिंग के दौरान पारा के नहर पुलिस के पास इन्स्पेक्टर पारा रणजीत सिंह भदौरिया पुलिस फोर्स के साथ चेंकिग कर रहे थे तभी चेकिंग प्वाईन्ट से 100 मीटर पहले एक डीसीएम आकर रूकी इससे पहले कि पुलिस डीसीएम के पास पहुँच पाती डीसीएम से दो लोग उतर कर फरार हो गए पुलिस ने जब डीसीएम के अन्दर तलाशी ली तो उसमे शराब से भरी 916 पेटी लदी हुई थी जिसमे 45 हजार पाउच व बोतल थी बरामद शराब की बोतलो पर लगे होलोग्राम पर इस शराब की बिक्री का स्थान अरूणाचाल प्रदेश दर्ज है। डीसीएम से बरामद शराब की कीमत 32 लाख रूपए बताई जारही है। इन्स्पेक्टर पारा का कहना है कि डीसीएम के नम्बर के आधार पर पता लगाया जा रहा है कि गाडी का मालिक कौन था और डीसीएम मे लदी भारी मात्रा मे शराब कहा से कहा पहुँचाई जानी थी कुल मिला कर पारा पुलिस का ये आधा अधूरा ही गुडवर्क कहा जाए ते शायद गलत नही होगा क्यूंकि पुलिस ने भारी मात्रा मे शराब तो बरामद कर ली लेकिन शराब लेकर जारहे लोगो को पुलिस नही पकड़ पाई गुडवर्क के लगभग बीस घंटे बीत जाने के बाद पुलिस गाड़ी नम्बर के आधार पर ये भी पता नही लगा पाई कि डीसीएम किसकी है अगर गाड़ी के मालिक का पता चल जाएगा तो ये पता करना मुशकिल नही होगा कि गाड़ी मे लदी शराब को कौन कहा लेकर जा रहा था ये शराब वैध तरीके से ले जाई जा रही थी या फिर अवैध तरीके से।

सम्पादकीय

अफगानिस्तान से उभरती चिंताएं

हर नए साल के साथ यह उम्मीद भी परवान चढ़ती है कि यह साल बीते हुए वर्ष से बेहतर होगा। बीते साल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का अप्रत्याशित रवैया कायम रहा, जिसमें उन्होंने सीरिया के अलावा अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की आंशिक वापसी का फैसला किया। भारत के लिहाज से अफगानिस्तान की स्थिति काफी चिंतित करने वाली है, क्योंकि उसकी चिंताओं पर न तो उसका सदाबहार दोस्त रूस और न ही नया–नवेला मित्र अमेरिका ध्यान दे रहा है। भले ही अभी भी साढ़े सात हजार से अधिक अमेरिकी सैनिक अफगानिस्तान में तैनात रहेंगे, लेकिन अमेरिका जिन हालात में यहां से कदम पीछे खींच रहा है, उससे कुछ अहम सवाल खड़े होते हैं। जब फौज वापस चली जाएगी और अमेरिकी भूमिका घट जाएगी तब क्षेत्रीय भू–राजनीति ही केंद्र में आ जाएगी, जिसमें नए खिलाड़ी उभरेंगे जो पुराने महा–मुकाबले के नए वारिस हैं। 19वीं सदी में कुछ अंग्रेज सैन्य और राजनीतिक अधिकारी इस मुकाबले के सूत्रधार थे। आर्थर कोनोली, ओलाफ कैरो और रुडयार्ड किपलिंग जैसे दिग्गजों ने इस ब्रिटिश दांव का समर्थन किया था। इसे जार शासित रूस की कुंठा का जवाब माना गया जो अफगानिस्तान और ब्रिटिश भारत में घुसपैठ के माध्यम से अरब सागर तक पहुंचना चाहता था। रूसियों को ब्रिटिश भारतीय प्रभाव और व्यापार मार्गों की ज्यादा परवाह थी जो अफगानिस्तान से मध्य एशिया तक जाते थे। ऐसे में अफगानिस्तान इस महा–मुकाबले के केंद्र में था।

आज अफगानिस्तान के साथ ही हिंद–प्रशांत क्षेत्र भी महा–मुकाबले का अखाड़ा बना हुआ है। इसमें ब्रिटिश भारत के उत्तराधिकारी भारत और पाकिस्तान के अलावा सोवियत संघ से अलग हुए मध्य एशियाई देश प्रमुख खिलाड़ी हैं। ईरान की भूमिका का भी विस्तार हुआ है, लेकिन इसमें सबसे अहम पहलू चीन का उभार है, जिसका 19वीं सदी में तिब्बत और शिनजियांग में ऐसा प्रभाव नहीं था कि वह इस मुकाबले का खिलाड़ी बन सके। 1979 में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के हमले के बाद यहां हालात काफी बदले। मसलन अपने रणनीतिक हितों के प्रति पाकिस्तान की सक्रियता, चीन की बढ़ती पैठ और ईरान के अलावा मध्य एशियाई देशों के आग्रह। आज भले ही भारत की भौगोलिक सीमा अफगानिस्तान से न लगती हो, किंतु अफगानिस्तान के विकास में उसका अहम योगदान बना हुआ है। लिहाजा विभाजन के बाद भारत भी इस नए महा–मुकाबले का खिलाड़ी बन गया है, क्योंकि अफगानिस्तान में पाक व चीन का प्रभाव उसके लिए चिंता का सबब है जिसके लिए सक्षम कूटनीति की दरकार है। मूल महा–मुकाबले की ही भांति इसके नए संस्करण में भी अरब सागर और दक्षिण हिंद महासागर तक पहुंच बनाने की लड़ाई ही अहम मसला है। अब इसका स्वरूप बदला है, जिसमें अवसर भुनाने की तैयारी भी हो गई है। भारत जिस चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का विरोध कर रहा है, वह चीन के शिनजियांग प्रांत को पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह के जरिए अरब सागर से जोड़ता है। इसी तरह भारत भी चाबहार बंदरगाह पर दांव लगाने के साथ ही नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर विकसित कर रहा है जो ईरान को अफगानिस्तान के रास्ते मध्य एशिया तक जोड़ता है। इससे चारों ओर स्थलीय सीमा से घिरे मध्य एशियाई देशों के लिए ईरानी बंदरगाहों के उपयोग से नए अवसरों की राह खुलेगी। भारत ने अफगानिस्तान में जिस शानदार बुनियादी ढांचे का विकास किया, उसकी सफलगाथा की चर्चा कम ही हुई है। नॉर्थ साउथ कॉरिडोर को अफगानिस्तान में शांति और स्थायित्व की दरकार है। इसमें भारत के अपने हित भी हैं और यही वजह है कि वहां अमेरिकी मौजूदगी अभी भी अहम है। अगर वहां तालिबान सरकार की वापसी होती है तो भारत के लिए गुंजाइश कम होगी और बुनियादी ढांचे का काम भी प्रभावित होगा। चीन और पाकिस्तान के हित में यही है कि वे अपने रणनीतिक हितों की पूर्ति के लिए तालिबान को सत्ता में लाएं और भारतीय प्रभाव को घटाएं, क्योंकि इस महा–मुकाबले में भारत ही तालिबान का सबसे मुखर विरोधी है। रूस इस मामले में चीन की राह चल रहा है, मगर यूरोप को लेकर वह अपनी पहेली में उलझा हुआ है। ईरान जरूर एक सक्रिय खिलाड़ी है, लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों ने उसके भी हाथ बांध दिए हैं। इससे उसके लिए चाबहार की अहमियत काफी बढ़ गई है, लेकिन विदेशी मुद्रा के संकट से निपटने के लिए उसे भारत जैसे सहयोगियों की जरूरत होगी जो उसके बंदरगाह और कॉरिडोर के संचालन में अपनी भूमिका को और प्रभावी बना सकें। नए महा–मुकाबले में अरब सागर और दक्षिण हिंद महासागर प्रतिद्वंद्विता के नए बिंदु बनकर उभरे हैं। जहां चाबहार और ग्वादर जैसे बंदरगाह एक ही समुद्र से जुड़े हैं वहीं हिंद महासागर में स्थित श्रीलंका, मालदीव, सेशेल्स और मॉरीशस जैसे द्वीपों में चीन की आर्थिक और सैन्य पकड़ मजबूत होती जा रही है। दक्षिण हिंद महासागर में मुख्य जिम्मेदारी भारत की ही है, क्योंकि जिबूती में जापानी बेस के बावजूद अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की इस क्षेत्र में अपेक्षित मौजूदगी नहीं है। चीन यहां अपनी नौसैनिक क्षमताएं बढ़ा रहा है। ऐसी सामरिक गतिविधि को देखते हुए भारत को सतर्क रहने की जरूरत है। मालदीव और कुछ हद तक श्रीलंका के हालिया घटनाक्रम भारत के लिए बेहतर संकेत हैं, लेकिन उसे आर्थिक सहयोग, अधोसंरचना विकास और नौसैनिक मोर्चे पर सक्रियता निरंतर रूप से बढ़ानी होगी। पश्चिमी दुनिया में भले ही वैश्वीकरण खतरे में हो, लेकिन इस महा–मुकाबले और हिंद–प्रशांत क्षेत्र के घटनाक्रम स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि एक क्षेत्रीय रणनीति वैश्विक सहभागिता के रूप में उभर रही है। इसलिए इसमें अब खिलाड़ी भी बढ़ गए हैं और शक्ति का संतुलन भी नई करवट ले रहा है। लिहाजा खेल के नियम भी बदल रहे हैं और उसका दायरा भी फैल रहा है। इस बीच एक और नया ढांचा भी सामने आ रहा है और देरसबेर महा–मुकाबले से भी इसका साबका होगा। यह ढांचा है शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ का। वर्ष 2000–03 के दौरान इसकी स्थापना छह सदस्यों के साथ हुई थी। इसमें मुख्य रूप से रूस और चीन की मध्य एशियाई देशों से सहभागिता में समन्वय करना था। भारत और पाकिस्तान को इसका सदस्य बनाने के साथ ही ईरान, अफगानिस्तान, बेलारूस और मंगोलिया को पर्यवेक्षक का दर्जा दिया गया है। श्रीलंका और तुर्की को संवाद साझेदार बनाया गया है। इस संगठन का काम क्षेत्र में शांति और स्थायित्व के लिए काम करना है। इसमें जहां भारत के तमाम हितैषी हैं, वहीं अधिकांश देश ऐसे हैं जो चीन के निशाने पर नहीं आना चाहते। वास्तव में मूल महा–मुकाबले का कोई ढांचा नहीं था, लेकिन इसका है। साथ ही यह भारत के समक्ष सीमाओं को भी दर्शाता है तो उभरती शक्ति के रूप में भारत को मान्यता भी देता है, जो किसी का पिछलग्गू बनकर नहीं रह सकता।

मजबूत सुधार की ओर बैंकिंग तंत्र

इस साल की शुरुआत में केंद्र सरकार ने बैंक ऑफ बड़ौदा में विजया बैंक व देना बैंक के विलय को मंजूरी देते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। इससे पहले स्टेट बैंक में उसके सहयोगी बैंकों का भी विलय किया जा चुका है। सरकार के इन कदमों से स्पष्ट है कि वह बैंकिंग व्यवस्था को पुनरू मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। विलय के बाद समन्वय की दृष्टि से बैंक को एक–दूसरे के नेटवर्क, कम लागत की जमा और बैंकों की सहायक संस्थाओं की शक्तियों का लाभ मिलेगा। इससे बैंकों के उपभोक्ता, उत्पाद और सेवा आधार में बढ़ोतरी होगी, संचालन क्षमता सुधरेगी तथा बाजार पहुंच बढ़ेगी। बैंकों को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार द्वारा उठाया गया एक और कदम गौरतलब है। सरकार ने बैंकों में आर्थिक अनियमितता और धोखाधड़ी करके विदेश भागने की संभावनाओं पर तत्काल रोक लगाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों के चेयरमैन, प्रबंध निदेशकों तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) को और अधिकार–संपन्न् बनाया है। बैंकों के ये उच्च अधिकारी प्रत्यक्ष कर्ज चुकाने में जान–बूझकर चूक करने वाले ऐसे कर्जदारों, जिन पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने का आग्रह स्वयं गृह मंत्रालय से कर सकेंगे। सरकार के इस फैसले से कर्ज डकारने की प्रवृत्ति रखने वाले निश्चित ही हताश होंगे, क्योंकि उनके विदेश भागने का रास्ता बंद हो जाएगा। सामान्यतरू जांच एजेंसियां बैंकों से जान–बूझकर चूक करने वाले कर्जदारों के खिलाफ शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने में समय लेती हैं। इस संबंध में केंद्र सरकार के इस नए कदम से बैंक के कर्ज चूककर्ताओं के लिए निश्चित ही मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। उल्लेखनीय है कि अब तक गृह मंत्रालय ने सीबीआई, इंटरपोल, राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नामित अधिकारियों, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को लुकआउट सर्कुलर का आग्रह करने का अधिकार दिया हुआ था। लुकआउट सर्कुलर का आग्रह मिलने के बाद गृह मंत्रालय देश के सभी हवाई अड्डों के आव्रजन जांच केंद्रों को ऐसे किसी व्यक्ति को देश से बाहर जाने से रोकने की मंजूरी देता है, जिसे भारत के आर्थिक या अन्य हितों के लिए हानिकारक माना जा रहा है। वस्तुतरू बैंक संबंधी वित्तीय अनियमितता में लिप्त या आपराधिक जांच का सामना कर रहे कोई 28 लोग या तो देश छोड़कर भाग गए हैं या विदेश में रह रहे हैं। लेकिन अब सरकार के इस कदम से बैंक कर्ज संबंधी वित्तीय घोटालेबाज देश छोड़कर नहीं भाग सकेंगे और उनके प्रत्यर्पण यानी देश वापस लाने संबंधी मुश्किलों से बचा जा सकेगा। इससे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के धन की धोखाधड़ी और दुरुपयोग रुकेगा। इसके साथ–साथ यह भी उत्साहजनक है कि देश में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के द्वारा सरल बैंक ऋण का नया परिदृश्य उभरता दिख रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक की एक हालिया रिपोर्ट में कृषि, छोटे उद्योगों और कारोबारियों को पर्याप्त कर्ज देने की बात कही गई है। गौरतलब

है कि पिछले साल नवंबर में हुई आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में आरबीआई का आर्थिक पूंजी ढांचा, घाटे और फंसे हुए कर्ज की समस्या से जूझ रहे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए तात्कालिक सुधारात्मक कदम, संकटग्रस्त मझोले, छोटे और सूक्ष्म उपक्रमों के लिए कर्ज पुनर्गठन की योजना तथा बैंकों के लिए बेसल नियामकीय पूंजी ढांचा संबंधी मसलों पर निर्णय लिए गए थे। वस्तुतरू सरकार की यह इच्छा थी कि वह पूंजी की तरलता के लिए रिजर्व बैंक के अतिरिक्त भंडार के बड़े हिस्से का इस्तेमाल कर सके। देश के अधिकांश अर्थ–विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार द्वारा राजकोषीय घाटे के प्रबंधन के लिए रिजर्व बैंक के अतिरिक्त भंडार का उपयोग नहीं करना चाहिए, लेकिन इस धन का बैंकों के पुनर्पूंजीकरण और गरीबी कम करने में उपयोग किया जा सकता है। आरबीआई के द्वारा पूंजी नियमों में नरमी से बैंकों के पास उपयुक्त कर्ज देने के लिए धन आ सकेगा। केंद्र सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि वह जनवरी से मार्च के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 830 करोड़ रुपए डालेगी। इससे चालू वित्त वर्ष (2018–19) के दौरान बैंकों में कुल प्रभावी निवेश 1.06 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा। चूंकि सरकार किसी सरकारी बैंक को विफल नहीं होने देना चाहती, अतएव वह इन्हें जरूरी पूंजी मुहैया कराने और एकीकरण के जरिए मजबूती देने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इससे पूंजी की किल्लत से परेशान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जल्द राहत मिलेगी। चूंकि भारत में सरकार की जनहितैषी योजनाओं का संचालन सामान्यतया सरकारी बैंकों पर आधारित है, अतएव सरकारी बैंकों की मजबूती जरूरी है। कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन के वितरण की जिम्मेदारी सरकारी बैंकों को सौंप दी गई है। सरकारी बैंकों के द्वारा मुद्रा लोन, एजुकेशन लोन और किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए बड़े पैमाने पर कर्ज बांटा जा रहा है। यहां पर यह भी देखना होगा कि बीमा या सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लेने के लिए हितग्राही का बैंक खाता होना जरूरी है। ऐसी जरूरतों की पूर्ति के लिए बैंकिंग सेक्टर का विस्तार व सुदृढ़ीकरण आवश्यक है और सरकार इसी दिशा में आगे बढ़ रही है। सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में जो अतिरिक्त पूंजी डाली जा रही है, उससे बैंकों को फंसे कर्ज (एनपीए) के लिए प्रावधान में सुधार लाने में मदद मिलेगी। वस्तुतरू छोटे–छोटे सरकारी बैंकों का एकीकरण तथा सरकारी बैंकों में पुनर्पूंजीकरण का कदम एक बड़ा बैंकिंग सुधार है। इससे सरकारी बैंकों को दोबारा सही तरीके से काम करने का अच्छा मौका मिल रहा है और बैंकिंग व्यवस्था मजबूत बन रही है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने भी कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का बुरा समय निकल चुका है। कहा गया है कि सरकार ने ऋण शोधन एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) के क्रियान्वयन संबंधी जो कदम उठाए हैं, उनके सकारात्मक नतीजे नजर आने लगे हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी कहा कि लंबे समय तक दबाव में रहने के बाद अब बैंकिंग क्षेत्र सुधार के रास्ते पर है। बैंकों पर एनपीए का बोझ कम हो रहा है। रिजर्व बैंक द्वारा जारी हालिया वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का एनपीए मार्च 2018 में जहां 15.2 प्रतिशत के करीब पहुंच गया था, वहीं सितंबर 2018 में यह घटकर 14.8 प्रतिशत रह गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा परिदृश्य को देखते हुए बैंकों का एनपीए मार्च 2019 तक कम होकर 10.3 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। वस्तुतरू पिछले वर्ष करीब 80 हजार करोड़ रुपए के कर्ज की वसूली हुई है और इस साल एक लाख करोड़ रुपए की वसूली अनुमानित है। बैंक कर्जों की बढ़ती वसूली से भारीभरकम एनपीए के बोझ से कराह रहे बैंकों को निश्चित ही राहत मिलेगी। इससे कर्ज प्रवाह बढ़ेगा। बैंक अपने ग्राहकों को सरलता से अधिक कर्ज और जमा पर अधिक ब्याज संबंधी सौगात दे सकेंगे।

राष्ट्रीय आकांक्षा है मंदिर निर्माण

इस बात को भला कौन भूल सकता है कि प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु ज्योतिर्लिंग की प्राण–प्रतिष्ठा के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विरोध के बावजूद स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने

अपनी स्वीकृति दी थी और वह 11 मई, 1951 को वहां गए भी थे। भारत के स्वतंत्र होने के साथ ही भारत के सांस्कृतिक गौरव चिन्हों को पुनर्स्थापित करना और करोड़ों लोगों के श्रद्धा के ऐसे सांस्कृतिक प्रतीकों को लेकर राष्ट्रीय दृष्टि कैसी होनी चाहिए, इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण डॉ. राजेंद्र प्रसाद का उक्त अवसर पर दिया गया भाषण है।

महात्मा गांधी जी के 'रामराज्य का स्वप्न जिन राजा रामचंद्र के कारण था, उनकी जन्मस्थली पर उनके मंदिर को ध्वस्त करने के अपमान को निरस्त कर उनका भव्य मंदिर वहीं बनाने के संकल्प को राष्ट्रीय दृष्टि से कैसे देखना चाहिए, यह भी उनके भाषण से स्पष्ट होता है। राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का भाषण इस प्रकार था–हमारे शास्त्र में श्री सोमनाथ जी को 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक माना गया है और इसलिए पुरातन काल में भारत की समृद्धि, श्रद्धा और संस्कृति का प्रतीक भगवान सोमनाथ का यह मंदिर था। दूर–दूर तक और देश–देश में इसके अतुलनीय वैभव की ख्याति फैली हुई थी, किंतु जातीय श्रद्धा का बाह्य प्रतीक चाहे विध्वंस किया जा सके, पर उसका स्रोत तो कभी नहीं टूट सकता। यही कारण है कि सब विपत्तियां पड़ने पर भी भारत के लोगों के हृदय में भगवान सोमनाथ के इस मंदिर के प्रति श्रद्धा बनी रही और उनका यह स्वप्न बराबर रहा कि वे इस मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा पुनः कर दें। समय–समय पर वे ऐसा करते भी रहे और आज ऐतिहासिक मंदिर के जीर्णोद्धार के पश्चात इसके प्रांगण में भारत के कोने–कोने से आए हुए अनेक नर–नारियों का कलरव फिर सुनाई दे रहा है। . ..सोमनाथ का यह मंदिर आज फिर अपना मस्तक ऊंचा कर संसार के सामने यह घोषित कर रहा है कि जिसे जनता प्यार करती है, जिसके लिए जनता के हृदय में अक्षय श्रद्धा और स्नेह है, उसे संसार में कोई भी मिटा नहीं सकता। आज इस मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा पुनरू हो रही है और जब तक इसका आधार जनता के हृदय में बना रहेगा, तब तक यह मंदिर अमर रहेगा।... इस पुनीत, पावन, ऐतिहासिक अवसर पर हम सबके लिए यह उचित है कि हम धर्म के इस महान तत्व को समझ लें कि भगवान की सत्य की झांकी पाने के लिए कोई एक ही मार्ग मनुष्य के लिए अनिवार्य नहीं है। दुर्भाग्यवश धर्म और जीवन के इस तथ्य को विभिन्न् युगों और विभिन्न् जातियों में ठीक–ठीक नहीं अपनाया गया और इसी कारण धर्म के नाम पर संसार के विभिन्न् देशों और विभिन्न् जातियों में अत्यंत विनाशकारी और वीभत्स संघर्ष व युद्ध हुए।

धार्मिक असहिष्णुता से विद्वेष और अनाचार बढ़ने के अतिरिक्त और कोई फल नहीं होता। यही इतिहास की शिक्षा है और इसे हम सबको गांठ बांध रखना चाहिए। इस बात की आज विशेष आवश्यकता है कि हममें से प्रत्येक यह समझ ले कि हमारे देश में जितने संप्रदाय और समुदाय हैं, उन सबके प्रति हमें समता और आदर का व्यवहार करना है। ऐसा करने में ही हमारी सारी जाति और देश का तथा प्रत्येक व्यक्ति का कल्याण निहित है। इसी विश्वास और श्रद्धा के कारण हमारे भारतीय संघ ने धर्मनिरपेक्षता की नीति अपनाई है और इसका आश्वासन दिया है कि देश में बसने वाले प्रत्येक संप्रदाय के लोगों को राज्य की ओर से एक समान सुविधाएं प्राप्त होंगी।...इस पुनीत अवसर पर हम सबके लिए यह उचित है कि हम आज इस बात का व्रत लें कि जिस प्रकार हमने आज अपनी ऐतिहासिक श्रद्धा के इस प्रतीक में फिर से प्राण–प्रतिष्ठा की है उसी प्रकार हम देश के जन–साधारण के उस समृद्ध मंदिर में भी प्राण–प्रतिष्ठा पूरी लगन से करेंगे, जिसका एक चिह्न सोमनाथ का पुरातन मंदिर था। उस ऐतिहासिक काल में हमारा देश जगत का औद्योगिक केंद्र था। यहां के बने हुए माल से लदे कारवां दूर–दूर देशों को जाते थे और संसार का चांदी–सोना इस देश में अत्यधिक मात्रा में खिंचा चला आता था। हमारा निर्यात उस युग में बहुत था और आयात बहुत कम। इसलिए भारत उस युग में स्वर्ण और चांदी का भंडार बना हुआ था। आज जिस प्रकार समृद्ध देशों के तहखाने में संसार का स्वर्ण पर्याप्त मात्रा में पड़ा रहता है, उसी प्रकार शताब्दियों पूर्व देश में संसार के स्वर्ण का अधिक भाग हमारे देवस्थानों में होता था। मैं समझता हूं कि भगवान सोमनाथ के मंदिर का पुनर्निर्माण उसी दिन पूरा होगा, जिस दिन न केवल इस प्रस्तर की बुनियाद पर भव्य भवन खड़ा हो गया होगा, वरन भारत की उस समृद्धि का भी भवन तैयार हो गया होगा, जिसका प्रतीक पुरातन सोमनाथ का मंदिर था। इसके साथ ही मेरी समझ से सोमनाथ के मंदिर का पुनर्निर्माण तब तक भी पूरा नहीं होगा, जब तक कि इस देश की संस्कृति का स्तर इतना ऊंचा न हो जाए कि यदि कोई वर्तमान अलबरूनी हमारी वर्तमान स्थिति को देखे तो हमारी संस्कृति के बारे में आज की दुनिया में वही भाव प्रकट करे। नव–निर्माण का यह यज्ञ स्वर्गीय वल्लभ भाई पटेल ने आरंभ किया था। भारत की विच्छिन्न्ता को पुनरू एक और अखंड करने में उनका निर्णायक हाथ था। उनके हृदय में यह आकांक्षा उत्पन्न् हुई थी कि नव–निर्माण के प्रतीक स्वरूप भारत की पुरातन श्रद्धा का यह प्रतीक फिर से निर्मित किया जाए। वह स्वप्न भगवान की कृपा से आज एक सीमा तक पूरा हो गया, किंतु वह पूर्णरूपेण उसी समय पूरा हो सकेगा, जब भारत के जनजीवन का वैसा ही सुंदर मंदिर बन गया होगा, जैसा यह मंदिर है। जय भारत।आखिर इस भाषण में ऐसा आपत्तिजनक भला क्या था कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी ने इसको सरकारी रिकॉर्ड में नहीं लेने दिया। यह भारतीय अवधारणा और अभारतीय अवधारणा के बीच संघर्ष का उदाहरण है। आजादी के साथ ही भारत के वामपंथी नेहरूजी की आड़ में इस अभारतीय अवधारणा को समाज और जीवन के हर क्षेत्र में थोपने का प्रयास करते रहे। इस कारण भारत का श्भारतत्व पूर्ण पुरुषार्थ के साथ प्रकट नहीं हो सका।

करोड़ों (हिंदू और मुस्लिम) भारतीयों की अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बनाने की राष्ट्रीय आकांक्षा का कुछ लोगों द्वारा विरोध भी इन दो अवधारणाओं के बीच का संघर्ष ही है। सोमनाथ के मंदिर को भारत के सांस्कृतिक और आर्थिक गौरव से जोड़ना और साथ ही यह कहना बहुत महत्वपूर्ण है कि वैसी ही आर्थिक समृद्धि प्राप्त होने के साथ मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण होगा। इसी तरह भारत की सदियों पुरानी सांस्कृतिक पहचान के आधार पर राष्ट्रीय चरित्र के संग गांधी जी की श्रामराज्य की कल्पना को साकार करने के संकल्प को पूरा करने के साथ अयोध्या में राम मंदिर के पुनर्निर्माण को जोड़ना भारत के गौरव के साथ भारत का पुरुषार्थ प्रकट होने में सहायक होगा। ध्यान रहे कि 1528 ईस्वी में मुगल आक्रमणकारी बाबर के लिए अयोध्या में मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनाना आवश्यक नहीं था। मस्जिद बनानी भी थी तो वह अन्य कहीं पर भी बन सकती थी। अब तो इस्लामिक स्कॉलर्स भी यह कहते हैं कि बाबर के वजीर का कृत्य न तो इस्लामिक था और न ही धार्मिक! उसे तो केवल हिंदुओं का अपमान करना था।

मुश्किल है पार पाना

डिजिटल क्रांति पर सरकार भले ही खुद की तारीफों के पुल बांधे लेकिन मौजूदा दौर में पकड़ में आ रहे साइबर फर्जीवाड़ों को देखकर यही लगता है कि इस क्रांति की बदौलत हासिल हुई सारी महारत अब देश–दुनिया के लोगों को ठगने में इस्तेमाल हो रही है। यही नहीं, अगर इन साइबर फर्जीवाड़ों पर कोई असरदार रोक जल्द न लगी, तो भारत साइबर धोखाधड़ी करने वाले मुल्कों की पांत में शामिल हो जाएगा। ऐसा हुआ, तो सबसे ज्यादा तकलीफ उन आईटी–साइबर पेशेवरों को होगी, जिन्होंने एक दौर में अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर देश को आईटी का सिरमौर मुल्क साबित किया था।साइबर क्राइम की हालिया घटनाओं पर नजर डालें तो एक नहीं ऐसे दर्जनों किस्से हैं, जब भारत समेत दुनिया भर में अनिगनत लोगों को घर बैठे चूना लग गया। कहीं लोगों के खातों से अचानक रकम गायब हो गई तो कहीं उनके कंप्यूटरों में वायरस डालकर कहा गया तो इससे निजात चाहते हैं तो रकम ट्रांसफर करें। ताजा घटना मुंबई के एक व्यापारी से मोबाइल सिम की स्वैपिंग के जरिये हुई करीब 2 करोड़ रु पयों की ठगी की है। फोन पर आए मिस्ड कॉल पर जब उन्होंने वापस कॉल की, तो उनके खाते से 14 अलग–अलग खातों में यह रकम चंद लम्हों में ट्रांसफर हो गई। बीते 2–3 महीनों में ही गुड़गांव–नोएडा से दर्जनों फर्जी कॉल सेंटर पकड़े गए हैं। खास यह है कि इनकी शिकायत आईटी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के आग्रह पर अमेरिका की फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (एफबीआई), इंटरपोल और कनाडा की रॉयल कनैडियन माउंटेड पुलिस ने गुड़गांव और नोएडा पुलिस से की। अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड समेत 15 देशों के करीब 50 हजार लोगों के कंप्यूटरों में माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के नाम से भेजे गए पॉप–अप के जरिए वायरस भेजकर, फर्जी सोशल सिक्योरिटी अधिकारी बनकर और दूसरे कई चोर रास्तों से साइबर ठगी को अंजाम दिया गया है। इसके अतिरिक्त एटीएम फ्रॉड, बीपीओ के जरिये देश–विदेश में ठगी, क्लोनिंग के जरिये क्रेडिट कार्ड से बिना जानकारी धन–निकासी और बड़ी कंपनियों के अकाउंट व वेबसाइट की हैकिंग और फिरौती वसूली की घटनाएं तो बड़े पैमाने पर हो रही हैं। बैंकिंग के साइबर इंतजाम भी इनके आगे इतने खोखले साबित हो रहे हैं कि एटीएम क्लोनिंग आदि की शिकायतें प्रायरू हर रोज ही पुलिस की साइबर सेलों को मिल रही हैं। जिस आईटी में कोई काम करने के लिए एक खास किस्म की ट्रेनिंग और कौशल की जरूरत होती है, वहां इतने बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े होने से यह सवाल पैदा होता है कि साइबर ठगी इतनी आसान कैसे हो गई है? असल में, आज की तारीख में पढ़ाई से लेकर बैंकिंग और खरीदारी तक के ज्यादातर काम इंटरनेट और मोबाइल से संचालित होने लगे हैं। कंप्यूटर चलाने में फिर भी एक खास कौशल की जरूरत होती है लेकिन मोबाइल इंटरनेट से वास्ता पड़ने पर थोड़ा–बहुत पढ़ा–लिखा नौजवान भी जल्द ही उसके गुर सीख जाता है। ठगी के जितने मामले पकड़े गए हैं, उनमें फोन पर लोगों को झांसा देकर फंसाया जाता है और इसमें किसी आईटी ज्ञान की बजाय अंग्रेजी के थोड़े से ज्ञान की ही जरूरत होती है। इसके अलावा बैंकिंग और खरीदारी के प्रायरू हर प्रबंध में लेनदेन के जिन उपायों की जरूरत पड़ती है, उन्होंने अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत समेत पूरी दुनिया को एक धरातल पर ला खड़ा किया है। इस पर हमारे देश में साइबर कानूनों में मौजूद झोल और पुलिस की साइबर सेलों के सतही ज्ञान ने कई मुश्किलें और खड़ी की हैं, जो आम पुलिसिया शैली में काम करती है और दो–चार घटनाओं में धरपकड़ का दिखावटी काम संपन्न कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। लेकिन इन सबसे ऊपर है देश के आईटी नौजवानों की बेरोजगारी का किस्सा, जो इधर अमेरिका, ब्रिटेन आदि मुल्कों के सख्त वीजा कानूनों के कारण कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। देश में इन नये आईटी पेशेवरों के लिए कोई सीधा काम नहीं है और इनके बाहर जाने के रास्ते तंग होते चले गए हैं, लिहाजा पेट पालने की मजबूरी इन्हें आईटी की बदनाम गलियों में ले आई है। इन घटनाओं से बेशक यह सवाल भी उठता है कि हमारी आईटी इंडस्ट्री सर्टिफिकेशन का ऐसा कोई जरिया क्यों नहीं बनाती है, जिसमें यदि कोई शख्स अपने आईटी ज्ञान का गलत इस्तेमाल करते पकड़ा जाता है, तो डिग्री–सर्टिफिकेट से वंचित करते हुए उसके कामकाज पर रोक लगा दी जाए।

अभया ने जरूरतमंदों को दिए अन्न व वस्त्र

आजमगढ़ । सामाजिक संस्था अभया महिला सेवा संस्थान की तरफ से रविवार को भंवरनाथ मंदिर में वंचित समुदाय के लोगों को अनाज व साड़ी का वितरण किया गया। संस्था की सचिव अनामिका सिंह पालीवाल ने कहा कि यह काम स्वेच्छा से आत्म संतुष्टि के लिए करते हैं। इस अवसर पर सोनी पांडेय, अलका श्रीवास्तव, मंजू श्रीवास्तव, अनीता सिंह, सारिका श्रीवास्तव, वंदना शाह, संध्या राय,सुमन राय, वैशाली, अनामिका प्रजापति, रानी सिंह, प्रियंका गुप्ता थीं।

नाराज कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

आजमगढ़ । सम्मान न मिलने से नाराज प्रगतिशील समाजवादी लोहिया के कार्यकर्ताओं ने रविवार को पार्टी की बैठक में मंडल प्रभारी का सठियांव चौराहे पर पुतला फूंका। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि प्रभारी द्वारा अपने चहेतों को रखा जा रहा है। 15 जनवरी को मऊ जनपद में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रमुख शिवपाल यादव का कार्यक्रम है। कार्यक्रम की सफलता के लिए सठियांव बाजार के एक इंटर कालेज में विधानसभा क्षेत्र मुबारकपुर के कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई गई थी। बैठक के दौरान बृजेश यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग, नीतिश राय जिलाध्यक्ष छात्र सभा अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। आरोप है कि प्रभारी रामदर्शन यादव ने सभी लोगों को भगा दिया। उनका कहना था कि प्रभारी अपने खास लोगों को रखना चाहते हैं। पुतला फूंकने वालों में राजकुमार यादव, धर्मेंद्र राजभर, हृदेश, रंजन भारद्वाज, गनेश यादव व विजय राजभर आदि रहे।

संघ की कार्यशाला आयोजित

लखीमपुर–खीरी । क्षेत्र के ग्राम रविंद्रनगर मियापुर कॉलोनी में फरवरी मास में होने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समग्र ग्राम विकास की बैठक कर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यवस्था संबंधित कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने वाले आरएसएस के सर कार्यवाह भैयाजी जोशी व अन्य अखिल भारतीय अधिकारियों को ध्यान में रखते हुए आवास, भोजन, यातायात, ग्राम दर्शन एवं सुरक्षा की संचित जिम्मेदारी युवा कार्यकर्ताओं को दी गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में अवध प्रांत के सह प्रांत संघचालक डॉ. रमेश चौहान व सीतापुर विभाग के प्रचारक श्यामजी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला बौद्धिक प्रमुख ऋषिकांत द्विवेदी ने किया। कार्यशाला में जिला संघचालक अमित भसीन, संतोष कुमार त्रिवेदी, तपन विश्वास, हिमांशु शर्मा, शिवम राठौर, रोहित मिश्रा, ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला सह कार्यवाह कोविद वर्मा ने दी।

सात बैट्री के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

सोनभद्र । पिपरी थाना क्षेत्र के मुर्धवा मोड़ से रविवार की सुबह पुलिस ने सात बैटरी के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पिपरी थानाध्यक्ष मूलचंद चौरसिया ने बताया कि रेणुकूट नगर व आसपास के क्षेत्र से रात में खड़े वाहनों से बैटरी चोरी की लगातार सूचना मिल रही थी शनिवार की रात में मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि रविवार की सुबह कुछ बैटरी चोर चोरी की बैटरियों के साथ बेचने निकल रहे है। रविवार की भोर में पुलिस मुर्धवा मोड़ पहुंची तो पुलिस को देखकर दो व्यक्ति भागने लगे पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा तो उनके पास से चोरी की सात बैटरियां बरामद हुई। पुलिस ने उन से नाम पूछा तो एक ने अपना नाम विमलेश यादव निवासी विश्वकर्मा नगर रेणुकूट व दूसरे ने अनिल चौहान निवासी घोसी मऊ बताया पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है

पुरानी पेंशन बहाली के लिए किया बुद्धि–शुद्धि यज्ञ

जौनपुर । पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रदेशव्यापी अभियान के तहत रविवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बुद्धि–शुद्धि यज्ञ किया। सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए चेतावनी दिया कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। एस–4 के बैनर तले प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर ने मारुति मंदिर टीडी कालेज, जौनपुर पर बुद्धि–शुद्धि यज्ञ किया। यज्ञ में सम्मिलित जनपदीय एवं ब्लाक इकाई के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली हेतु एस 4 के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के तहत आज प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि सरकार पुरानी पेंशन बहाल न हो जाए। इसी क्रम में आगे हमारा जेल भरो का व्यापक आंदोलन होगा। जिला मंत्री संजय सिंह ने जनपद के कोने–कोने से आए सभी शिक्षक पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। यज्ञ में जिला संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश, सरोज सिंह, संतोष बघेल, उमेश यादव, दिनेश सिंह आदि शामिल रहे।

छापेमारी में पांच किलो पॉलीथिन बरामद

जौनपुर । प्रतिबंध के बावजूद पॉलीथिन की थैलियों का प्रयोग रोकने को रविवार को नगर पंचायत परिषद द्वारा नगर में जगह–जगह छापेमारी की गई। अधिशासी अधिकारी डा. संजय कुमार के नेतृत्व में की गई चेकिंग के दौरान पांच किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद हुई। प्रतिबंधित पॉलीथिन का इस्तेमाल करने वालों को चेतावनी दी गई। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि दुकानदारों को आगाह किया गया कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करते पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

कुलपति की बर्खास्तगी को लेकर विरोध जारी

जौनपुर । कुलपति प्रो. राजाराम यादव के विवादित बयान को लेकर विरोध जारी है। हर दिन विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा धरना–प्रदर्शन, पुतला फूंकने व हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को भी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में जहां हस्ताक्षर अभियान चलाया तो बदलापुर में कुलपति का पुतला फूंका गया। कुलपति की बर्खास्तगी की मांग की। युवक कांग्रेस के कुलपति हटाओ अभियान के तहत रविवार को बदलापुर के इंदिरा चौक पर विधानसभा अध्यक्ष विवेक यादव के नेतृत्व में कुलपति प्रो. राजाराम यादव का पुतला फूंका। इस अवसर पर महेंद्र यादव, सुरेंद्र शर्मा, बबलू गुप्त, मनोज बिंद , महेश उपाध्याय, राजेश विश्वकर्मा, अंकित शुक्ल, विपिन शर्मा, सचिन सिंह आदि उपस्थित रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल सिंह, जिलाध्यक्ष सत्यवीर सिंह के नेतृत्व में पुरानी बाजार में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

बालिकाओं का शिक्षित होना जरूरी

सोनभद्र । केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अनपरा द्वारा परियोजना परिसर स्थित विद्युत परिषद जूनियर बेसिक विद्यालय में 51 छात्र–छात्राओं को गर्म कपड़े, गिफ्ट पैकेट प्रदान किया गया। सुरक्षा बल के सहायक कमांडेंट अजय कुमार सिन्हा, निरीक्षक गुलाबपुरी गोस्वामी, सुखोवदर सिंह, निरीक्षक अग्नि उमाशंकर व प्रिंस की ओर से विद्यालय के 200 छात्र–छात्राओं को फूड पैकेट का वितरण किया गया। उन्होंने विद्यालय के बच्चों का उत्साह बढ़ते हुए कहा कि सुदृढ़ राष्ट्र के लिए शिक्षित समाज का होना बहुत जरूरी है।

घूस लेते जिला पंचायत का बाबू रंगेहाथ गिरफ्तार

- ❑ एंटी करेप्शन टीम झांसी ने जिला पंचायत में ही धर दबोचा
- ❑ कोतवाली नगर में दर्ज किया गया मुकदमा
- ❑ बाबू के बचाव में उतरे जिला पंचायत के लोग

बांदा । जिला पंचायत की एक दुकान को दुकानदार के नाम हस्तांतरित करने के नाम पर जिला पंचायत के बाबू द्वारा मांगी गई रिश्वत उसके लिए फंदा बन गई। दुकानदार के इत्तला देने के बाद झांसी से आई आठ सदस्यीय एंटी करेप्शन टीम के सदस्यों ने बुधवार को जिला पंचायत के अंदर 23 हजार रुपया घूस लेते हुए बाबू को रंगेहाथ धर लिया। हालांकि बाबू के बचाव में जिला पंचायत के कद्दावर लोग मंडराते और बड़बड़ाते नजर आए, लेकिन उनकी दाल नहीं गल सकी। इस मामले का मुकदमा नगर कोतवाली में दर्ज कराया गया। एंटी करेप्शन टीम बाबू को अपने साथ ले गई है। शहर के मुहल्ला कालूकुआं निवासी छोटेलाल ने 23 दिसंबर 2013 को जिला पंचायत की दुकान नंबर 3 नरेंद्र रावत से शपथ पत्र लेकर सभी कागजात जिला पंचायत में दुकान के हस्तांतरण जमा किए थे। लेकिन कागजी औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद दुकान छोटेलाल के नाम हस्तांतरित नहीं की गई। इसके संबंध में छोटेलाल द्वारा कई बार जिला पंचायत और कई बार जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अपने नाम दुकान हस्तांतरित करने का अनुरोध किया गया, लेकिन उसकी नहीं सुनी गई। जिला पंचायत के लिपिक जगदीश द्वारा छोटेलाल से दुकान हस्तांतरित करने के नाम पर 23 हजार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही थी। परेशान छोटेलाल ने युनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के चित्रकूटधाम मंडल कोआर्डिनेटर रमाकांत शुक्ला से संपर्क किया। रमाकांत के प्रेरित करने पर छोटेलाल ने एंटी करेप्शन ब्यूरो झांसी को मामले से अवगत कराया। छोटेलाल की सूचना पर एंटीकरेप्शन ब्यूरो झांसी के आठ सदस्य इंसपेक्टर अंबरीश यादव, इंसपेक्टर सुरेंद्र सिहं, इंसपेक्टर अजय सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, राजबहादुर सिंह, दीपक सेंगर, क्रांति पांडेय, निरंजन सिंह मुख्यालय आए और जिला पंचायत पहुंचे। वहां पर छोटेलाल द्वारा जिला पंचायत के लिपिक जगदीश को पाउडर लगे हुए 23 हजार रुपए थमा दिए। इसी बीच पहुंची एंटी करेप्शन टीम ने बाबू को रंगेहाथ दबोच लिया। घूस लेते पकड़े जाने के बाद जिला पंचायत के तमाम कद्दावर लोग बाबू के बचाव में उतर आए। काफी दबाव बनाने का प्रयास किया गया लेकिन एंटी करेप्शन ब्यूरो टीम के सदस्यों के आगे किसी की दाल नहीं गली। टीम के सदस्य घूसखोर बाबू को लेकर नगर कोतवाली जा पहुंचे, वहां पर मुकदमा दर्ज किए जाने की कार्रवाई की जा रही थी। टीम के इंसपेक्टर अंबरीश यादव ने कहा कि जगदीश को लखनऊ ले जाकर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

भाजपा की पोल खोलने उतरेगी समाजवादी पार्टी

आजमगढ । समाजवादी पार्टी की बैठक बुधवार को कलेक्ट्री कचहरी स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। इसमें लोकसभा चुनाव–2019 जीतने की रणनीति पर विचार–विमर्श किया गया। प्रदेश पार्टी के निर्देश पर पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी पिछड़े वर्ग के गांव–गांव जाकर भाजपा के देश व प्रदेश की सरकारों द्वारा किसान, मजदूर, गरीब की हो रही उपेक्षा व चुनाव के दौरान किए गए वादों को जुमला कहने वालों की पोल खोलने का काम करेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में सात से 20 जनवरी तक ग्राम स्तर पर बड़ा अभियान चलाकर जन–जन तक भाजपा की जनविरोधी नीतियों को बताने का काम करेंगे। पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। उन्होंने चुनाव के समय जो वादा 15 लाख रूपया देने, प्रत्येक वर्ष दो करोड़ नौकरी देने, किसानों को उनकी लागत का दोगुना मूल्य देने, महंगाई कम करने की बात किया था। एक भी वादा पूरा नहीं किया। अनुसूचित जाति,जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष रामदुलार राजभर ने कहा कि भाजपा ने पिछड़ों को गुमराह कर आरक्षण देने व शासन में भागीदारी देने की बात कहा था, लेकिन देश–प्रदेश की दोनों सरकारें पिछड़े वर्ग के आरक्षण को ही समाप्त करने पर आमादा हैं। जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि भाजपा के नेताओं के बारे में जनता जान चुकी है। उनको जुमलेबाज व झूठ बोलने वालों की पार्टी कहती है। इस अवसर पर विधायक नफीस अहमद, एमएलसी राकेश यादव, पूर्व विधायक आदिल शेख, श्यामबहादुर सिंह यादव, बृजलाल सोनकर, पूर्व मंत्री वसीम अहमद, जयराम सिंह पटेल, अखिलेश यादव, रमेश निषाद, बबिता चौहान, डा. हरिराम सिंह यादव, देवनाथ साहू, प्रेमा यादव, आशा यादव, द्रौपदी पांडेय, गुड्डी देवी आदि उपस्थित थीं।

ठंड लगने से पड़ा दिल का दौरा, एक की मौत

- ❑ दूसरे अधेड़ को जिला अस्पताल से कानपुर किया गया रेफर

बांदा । जैसे–जैसे जनवरी माह के दिन गुजर रहे हैं, वैसे–वैसे ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। ठंड का असर होने के कारण लोग जहां अस्पताल पहुंच रहे हैं, वहीं ठंड की चपेट में आने के कारण अटैक पड़ने से दो लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां पर एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे को गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया गया। वहां उसका उपचार किया जा रहा है। शहर के निम्नीपार मुहल्ला निवासी वृद्ध पनेहम (70) पुत्र रामकिशोर को ठंड ने अपनी आगोश में ले लिया। अटैक पड़ने पर परिवार के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहां पर बुधवार की सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवारीजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। रोते–बिलखते परिवार के लोग शव लेकर घर चले गए। इसी तरह बबेरू कोतवाली क्षेत्र के उमरी गांव निवासी बाला (45) पुत्र रामरुचि को मंगलवार की शाम को ठंड ने अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में उसे दिल का दौरा पड़ गया। परिवार के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर बाला का उपचार हुआ। हालत में सुधार न होने पर परिवार के लोगों ने उसे जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया। परिवारीजन उसे कानपुर लेकर अस्पताल गए हैं।

सड़क दुर्घटनाओं में सात लोग हुए लहूलुहान

- ❑ बाइक सवारों को बोलेरो जीप और मारुति कार ने मारी टक्कर
- ❑ बैलगाड़ी को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर टेंपो पलटी

बांदा । मंगलवार की शाम को बाइक में सवार होकर अपने घर जा रहे दो युवकों को सामने से आ रही बोलेरो जीप ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। दुर्घटना के बाद चालक बोलेरो समेत मौके से भाग जाने में कामयाब रहा। खबर पाकर मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने पुलिस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहां उसका उपचार किया जा रहा है। अन्य सड़क हादसों में पांच लोग घायल हुए हैं। एक टेंपो बैलगाड़ी को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गई। अतर्रा थाना क्षेत्र के सेमरिया कुशल गांव निवासी सुरेश (21) पुत्र रामरतन और अखिलेश (25) पुत्र बारेलाल मंगलवार की रात को बाइक में सवार होकर अतर्रा कस्बे से अपने घर जा रहे थे, तभी पेट्रोल पंप के समीप बोलेरो जीप ने सामने से अक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनो लोग छिटककर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सन्नाटा होने के कारण चालक बोलेरो जीप समेत मौके से भाग निकला। राहगीरों की खबर पाकर मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनो घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहां उनका उपचार किया जा रहा है। अन्य सड़क हादसों में कमासिन थाना क्षेत्र के भदांव गांव निवासी चंद्रभूषण (24) पुत्र सदाशिव और पड़ोसी मतोला (26) पुत्र चुनकावन मंगलवार की शाम को बाइक से अपने घर जा रहे थे, तभी रास्ते में नीलगाय से बाइक टकरा गई, जिससे दोनो युवक घायल हो गए। दोनो युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां उनका उपचार किया जा रहा है। खबर पाकर परिवार के लोग भी जिला अस्पताल पहुंच गए। इसी तरह अतर्रा थाना क्षेत्र के बरेहंडा गांव निवासी बुद्धविलास (24) पुत्र रंपत टेंपो चालक है। बुधवार को दोपहर वह खाली टेंपो लेकर अपने घर जा रहा था, तीी रास्ते में बैलगाड़ी को बचाने के प्रयास में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे चंद्रभूषण गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। राहगीरों ने परिवारीजनों को सूचना दी। बेहोशी हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां उसका उपचार किया जा रहा है। इसी तरह नगर कोतवाली क्षेत्र के डिंगवाही गांव निवासी मलखान (23) और उसका पड़ोसी शैलेंद्र (24) दोनो लोग गांव में ही बाइक में धूम रहे थे। गांव से जैसे ही वह मुख्य मार्ग पर आए तो अतर्रा से आ रही मारुति कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक मारुति में फंसकर काफी दूर तक घिसटती चली गई। बाइक सवार दोनो लोग उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। खबर पाकर मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने दोनो घायलें को जीप में लादकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहां उसका उपचार किया जा रहा है।

गरीबों की जगह पूर्ति निरीक्षक का पेट भर रहे कोटेदार

उन्नाव। जनपद की तहसीलों में तैनात पूर्ति निरीक्षकों का खुलेआम कोटेदारों पर यह शिंकजा है कि कोटेदार पूर्ति निरीक्षक द्वारा निर्धारित की गयी धन राशि उस तक पहुँचा दें इसके बाद कोटेदार चाहे राशन और तेल कुछ न बॉटे। तो कोटेदार पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है और यदि कोटेदार ने राशन और तेल का वितरण मानक के अनुसार किया है तथा पूर्ति निरीक्षक की मॉग नहीं पूरी की तो कोटेदार की खैर नहीं। इन दिनों तहसील उन्नाव सहित अन्य तहसीलों में तैनात पूर्ति निरीक्षकों द्वारा कुछ इस तरह से कोटेदारों से अवैध उगाही कर गरीबों के पेट पर डाका डालने में लगे हुए हैं और जनपद में बैठे जिम्मेदार अधिकारी उसकी जॉच तक कराने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। जिससे उनके हौसले दिन–प्रतिदिन बुलन्द होते जा रहे हैं। चर्चा है कि तहसील उन्नाव सहित अन्य तहसीलों में तैनात पूर्ति निरीक्षकों ने इन दिनों कोटेदारों पर शिंकजा कस कर अवैध धन उगाही करने में जुटे हुए हैं। बताते हैं कि तहसील क्षेत्र में गरीबों को मिलने वाला राशन शायद ही कोई कोटेदार गरीबों को बॉटता हो अन्यथा कोटेदार सिर्फ तेल बॉटकर औपचारिकता पूर्ण कर लेते हैं और गरीबों को मिलने वाले राशन को कालाबाजारियों के हाथ बेच दिया जाता है। इसमें भी चर्चा है कि कोटेदार मजबूरीवश ऐसा करने को बाध्य हो रहे हैं, पूर्ति निरीक्षक ने तहसील भर के कोटेदारों को खुले शब्दों में यह कह रखा है कि महीने में हमें बॅधी–बॅधाई रकम चाहिए अन्यथा तुम्हारा कोटा निरस्त कर देंगे। कोटेदारों का भी यह कहना है कि साहब की मॉग तो पूरी करनी पड़ेगी, यदि हम राशन और तेल का वितरण मानक के अनुसार करेंगे तो क्या साहब को अपने घर से पैसा देंगे? गरीबों को राशन न मिलने से वह भूखे पेट सोने को मजबूर हो रहे हैं, लेकिन अनपढ़, असहाय गरीब कोटेदारों की शिकायत जिला प्रशासन से करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं और यदि किसी ने कोटेदार की शिकायत तहसील या जिला प्रशासन से की भी तो उसकी जॉच तो पूर्ति निरीक्षक ही करते हैं, जिनके निर्देश पर ही कोटेदार कालाबाजारी करते हैं। कुल मिलाकर इन दिनों स्थानीय जनपद की समस्त तहसीलों में गरीब तबके के लोगों को राशन और तेल मिलना टेढ़ी खीर बना हुआ है। बताते हैं कि पूर्ति निरीक्षक के इशारे पर कोटेदार बिना राशन वितरण किये ही फर्जी तरीके से रजिस्टर पर वितरण दिखा कर उपभोक्ताओं के अंगूठे एवं हस्ताक्षर बना लेते हैं, जिसकी जॉच कर पूर्ति निरीक्षक उनको अगले माह का राशन एवं तेल का उठान कराने का निर्देश दे देते हैं। इससे क्षेत्रीय लोग यही कहते हैं कि प्रदेश सरकार गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के लिए चाहे जितने भी प्रयास करे, लेकिन जब तक इस तरह के अधिकारी रहेंगे? तब तक गरीबों को भूखे पेट ही सोने को मजबूर होना पड़ेगा।

यात्रियों को बैठाये बिगैर ही निकल जाती हैं बसें

उन्नाव। हरदोई–उन्नाव मार्ग पर चलने वाली रोडवेज बसें विभिन्न स्टापों पर बिना रूके ही फर्राटा भरते चली जाती हैं, जबकि माथर बस स्टाप के पास खुले एक होटल पर घंटों खड़ी रहती हैं। इसके कारण बस यात्रियों को समय व्यतीत करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बस स्टाप पर यात्रियों को न बैठाये जाने से उन्हें मजबूरी में जान जोखिम में डालकर रोड पर चलने वाले डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, साथ–साथ अधिक धनराशि भी किराये के रूप में व्यय करनी पड़ती है। हरदोई–उन्नाव मार्ग पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के उन्नाव, कानपुर, गोला, विकास नगर, हरदोई, शाहजहॉपुर आदि डिपो से संचालित होने वाली एक दर्जन से अधिक बसें चलती हैं, बसें जहॉ से चलती हैं, वहॉ के बाद रास्ते में कहीं–भी नहीं रूकती, जबकि उन्नाव से चलने के बाद चकलवंशी, काली मिट्टी, सफीपुर, बॉगरमऊ, माथर, हफीजाबाद आदि प्रमुख बस स्टापों पर इन बसों के स्टापेज के बोर्ड भी परिवहन विभाग द्वारा लटका रखे गये हैं, इन बस स्टापों से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्रा करने वाले लोगों को अपनी जान–जोखिम में डालकर मार्ग पर चलने वाले डग्गामार वाहन का सहारा लेना पड़ता है। उन्नाव से रोज फतेहपुर चौरासी आने वाले एक स्वास्थ्य कर्मचारी ने बताया कि डग्गामार वाहनों में सफर करने में किराये के रूप में अधिक धन खर्च करना पड़ता है। वहीं उन्नाव तक प्रतिदिन आने जाने वाले एक अन्य दैनिक यात्री ने यह भी बताया कि माथर बस स्टाप पर एक होटल है, उस पर यह बसें घंटों खड़ी रहती हैं, जिससे यात्रा करने वाले यात्रियों परेशानी होती है।

भाजपा जन सहयोग केंद्र में जनता दरबार लगाकर सदर विधायक प्रतिभा ने पूर्व सासंद संग सुनी समस्याएं

शिवली कानपुर देहात । सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला द्वारा अपने निर्धारित जनता दरबार क्षेत्र के वैरी असई स्थित भाजपा जन सहयोग केंद्र में जनता दरबार लगाकर विकासखंड मैथा एवं शिवली क्षेत्र से आई ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुनते हुए उनके द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों को संबंधित ब्लॉक, तहसील एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का निस्तारण करने के दिशा निर्देश दिए गए। वहीं निर्माण श्रमिकों को श्रम विभाग की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए श्रमिक पंजीयन शिविर आयोजित कराते हुए श्रमिकों का पंजीकरण भी कराया गया।

जनता दरबार में आई शिकायतों में राजस्व से संबंधित आवंटित पट्टे की तीन एवं अवैध कब्जों की तीन, पुलिस से संबंधित लड़ाई झगड़े की एक, प्रधानमंत्री आवास की दस, डूडा की आसरा योजना से संबंधित एक, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से संबंधित राशन न दिए जाने की चार, समाज कल्याण से संबंधित वृद्धावस्था पेंशन की आठ, विधवा पेंशन से संबंधित पांच, विद्युत से संबंधित पन्द्रह, शौचालय निर्माण की धनराशि का भुगतान न किए जाने से संबंधित दो व नवीन हैंडपंप की पांच शिकायतें फरियादियों द्वारा दी गई। वहीं सदर विधायक के प्रतिभा शुक्ला व पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी द्वारा अपनी शिकायतों को लेकर आए फरियादियों के लिए एक ओर जहां श्रमिक कैंप आयोजित कराया गया वहीं निशुल्क चाय नाश्ते एवं भोजन का भी प्रबंध किया गया। इस दौरान उप जिला अधिकारी मैथा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनीत कुमार त्रिपाठी, कमल शुक्ला टीटू, रामजी मिश्रा, भानु द्विवेदी, संजय सिंह चंदेल, निर्मला त्रिपाठी, अंकित द्विवेदी, राजकुमार, मनोज, राहुल, राम लखन, प्रदुम शुक्ला, राहुल तिवारी, जितेंद्र बेरिया आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

मंगलपुर पुलिस को मिली एकबार फिर सफलता, पच्चीस हजार के इनामियां के साथ दो चढ़े हत्थे

कानपुर देहात । पुलिस अधीक्षक राधेश्याम के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के साथ क्षेत्राधिकारी डेरापुर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक तुलसीराम पाण्डेय व थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा जनपद औरैया के एसपी द्वारा 25000 रुपये का इनामिया घोषित अपराधी अभियुक्त नफीस उर्फ शंकरा पुत्र रशीद निवासी कस्बा खानपुर कोतवाली जनपद औरैया अपने एक साथी राजेन्द्र करिया पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी ग्राम हरतौली थाना दिबियापुर जनपद औरैया के साथ संदिग्ध व्यक्ति,वाहन की सतर्कता से चेकिंग करते हुये वीएसएनएल टावर के पास बनी पुलिया पर कस्बा झींझक से एक–एक देशी तमंचा व एक–एक जिन्दा देशी कारतूस 315 बोर व एक चोरी की मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 01/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम नफीस उर्फ शंकरा उपरोक्त व मु.अ.सं 02/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम राजेन्द्र करिया उपरोक्त एवं मु.अ. सं. 03/19 धारा 41/411 भा.द. वि. वनाम नफीस उर्फ शंकरा व राजेन्द्र करिया उपरोक्त पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामदगी में एक–एक देशी तमंचा व एक–एक जिन्दा देशी कारतूस 315 बोर व एक चोरी शुदा हीरो स्पलेण्डर काले रंग की मोटर साइकिल बरामद की। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना मंगलपुर तुलसीराम पाण्डेय, उ.नि. अनुराग पाण्डेय चौकी प्रभारी झींझक, उ.नि. कृपाल सिंह थाना मंगलपुर, का. 1082 रोहित कुमार चौकी झींझक, का. 1069 जीतेश कुमार चौकी झींझक, का. 53 दुर्गेश कुमार चौकी झींझक, का. 759 पुष्पेन्द्र सिह प्रभारी निरीक्षक हमराह, का. 757 कृष्णवीर सिह प्रभारी निरीक्षक हमराह एवं का. 1037 कुशवीर सिह प्रभारी निरीक्षक हमराह आदि मौजूद रहे।

पालिका अध्यक्ष प्रतिनिध पं. संतोष त्रिपाठी ने ईओ व नगर पालिका अध्यक्ष के साथ पालिका अध्यक्ष के साथ वितरित किए कम्बल

झींझक कानपुर देहात । नगर पालिका प्रशासन द्वारा रैनबसेरा में कम्बल वितरण का आयोजन सम्पन्न कराया गया। जिसमे ईओ राम अचल कुरील व नगर पालिका अध्यक्ष के साथ पालिका अध्यक्ष सरोजनी के प्रतिनिध पं. संतोष त्रिपाठी ने गरीब महिला पुरुषों को कम्बल बांट कर सर्दी से निजात दिलाए जाने का काम किया। मंगलवार को नगर पालिका झींझक के रुरा रोड स्थित रैनबसेरा में गरीब बुजुर्ग महिला पुरुषों को कम्बल वितरण आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ ईओ रामअचल कुरील व नगर पालिका अध्यक्ष सरोजिनी संखवार ने किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सन्तोष त्रिपाठी ने बताया कि करीब 250 गरीब बुजुर्ग महिला पुरुषों को कम्बल वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि जिनका नाम लिस्ट में नही है वो अपना नाम अपने सभासद से कह कर लिखवा दें। अगली बार उनको भी कम्बल दिलवाया जाएगा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पति इन्द्र पाल, गुड्डू यादव, किशन शुक्ला, कन्हैया शुक्ला, चंदन शुक्ला, समृद्धि गुप्ता, सभासद आशीष गुप्ता, सभासद पुत्र गोलू राजावत, सभासद राजा गुप्ता, सभासद मुलायम सिंह गौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

धारा 151 के तहत लगभग एक दर्जन पर हुई कार्यवाही

कानपुर देहात । जनपदीय पुलिस के निर्देश पर थाना शिवली पुलिस ने एक, रुरा पुलिस ने चार व गजनेर पुलिस ने छै अभियुक्तों को धारा 151 दं.प्र.स. के अन्तर्गत गिरफ्तार कर चालान किया गया।

युवती ने जहर खाया, हालत बिगड़ी

बांदा । नगर कोतवाली क्षेत्र के डिंगवाही गांव निवासी नीतू वर्मा (16) पुत्री प्रेमकुमार ने अज्ञात कारणों के चलते शुक्रवार की दोपहर को जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिवारीजनों को जानकारी हो सकी। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, वहां उसका उपचार किया जा रहा है। इसी तरह नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नसेनी गांव निवासी राजा (20) पुत्र गहरू ने गुरुवार की शाम को नशीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिवारीजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

सड़क हादसों में दो युवतियों समेत चार घायल

बांदा । देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी मेघना (23) पुत्री मुकेश सिंह, रानी (30) अपने पति हरी सिंह के साथ बाइक में बैठकर गुरुवार की शाम को शहर से घर जा रहे थे, तभी बाईपास के पास बाइक से अनियंत्रित होकर गिर जाने से दोनो महिलाएं घायल हो गईं।

दोनो महिलाओं को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी तरह फतेहगंज थाना क्षेत्र के बजरंग पुर निवासी सूरज (5) पुत्र जौहरी गुरुवार की शाम को बाइक से गिरकर घायल हो गया। घायल को राहगीरों और परिवारीजनों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी तरह जसपुरा थाना क्षेत्र के नांदादेव गांव निवासी सुक्खू (60) पुत्र श्यामलाल गुरुवार की दोपहर अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गया। उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कुएं में गिरने से युवक घायल

बांदा । कमासिन थाना क्षेत्र के कोर्रा गांव निवासी नारायनदीन (30) की कुल्हाड़ी सूखे कुएं में गिर गई थी। कुल्हाड़ी को निकालने के लिए युवक कुएं में उतर गया। कुएं के ऊपर मौजूद लोगों ने रस्सी के सहारे युवक को कुएं से बाहर निकालने का प्रयास किया, तभी हाथ में कीचड़ लगा होने के कारण हाथ फिसल गया और नारायनदीन कुएं में नीचे जा गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। खबर पाकर मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने किसी तरह से युवक को कुएं से बाहर निकाला और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

करंट से मासूम आहत

बांदा । बबेरू कोतवाली क्षेत्र के भुरानी पुरवा निवासी अजीत (5) पुत्र अयोध्या प्रसाद घर में खेल रहा था, तभी बिजली के तार से उसे करंट लग गया। परिवार के लोगों ने उसका जिला अस्पताल में उपचार कराया, वहां उसका उपचार किया गया।

रसूलाबाद में चलाई जा रही संस्था श्री रामजन सेवा समिति की मनाई गई वर्षगांठ

रसूलाबाद कानपुर देहात । रसूलाबाद थाना के अंतर्गत श्री राम जन सेवा समिति की दूसरी वर्षगांठ बड़ी धूमधाम से मनाई गई। यह एनजीओ गरीब असहाय लोगों की मदद पूरी इमानदारी व निष्ठा से करते हुए दो वर्ष पूरे किये है और संकल्प लिया है की हमेशा गरीब व् असहाय लोगों की मदद करते रहेंगे। श्री रामजन सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, विधि सलाहकार डॉ. विजय सिंह कछवाह, प्रतीक यादव जिला महामंत्री, अनूप सिंह, अंकुश सिंह, राम परिहार, सत्यम सिंह गौर, मुरारी लाल कुशवाहा, अजय यादव, अनिरुद्ध द्विवेदी, कमलेश गुप्ता व सभी सदस्य गणमान्य उपस्थित रहे।

अपने ऊपर हमला करने वालों के साथ खड़ीं मायावती

फर्रुखाबाद। बीजेपी के प्रकल्प,प्रकोष्ठों,विभाग और मोर्चा की पहली समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे पंहुचे पदाधिकारियों को बीजेपी के आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराकर जिम्मेदारी दी गयी। नगर के पांचाल घाट पर स्थित नारायण आश्रम में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी प्रकाश पाल पंहुचे। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी कमेटियों को चुनाव पूर्व ही दुरस्त कर लिया जाये। प्रकल्प,प्रकोष्ठों,विभाग और मोर्चा के द्वारा भाजपा व समाज में सेतु बनने का कार्य किया जाता है। आगामी 15 जनवरी व 3 मार्च तक पार्टी द्वारा कार्यक्रम तय किये गये है। 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्यय की पुन्य तिथि मनायी जायेगी।उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने दोहरी रणनीति के तहत बीएसपी प्रमुख मायावती की पार्टी को समाप्त करना चाह रहे है। मायावती ने अपने ऊपर हमला करने वालों के साथ राजनैतिक लाभ के खडी है।

सात से चलेगा सपा का सामाजिक न्याय कार्यक्रम

फर्रुखाबाद। समाजवादी पार्टी जिला इकाई की मासिक बैठक शनिवार को कार्यालय में हुई। इसमें शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर 7 से 20 जनवरी तक चलने वाले समाजवादी विकास विजन एवं सामाजिक न्याय कार्यक्रम पर मंथन हुआ। इस दौरान कार्यक्रम के प्रभारी भी बनाये गये। नगर के आवास विकास सपा के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर 7 से 20 जनवरी तक चलने वाले समाजवादी विकास विजन एवं सामाजिक न्याय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं का आह्वान किया गया कि गांव-गांव जाकर वर्तमान जन विरोधी सरकार के खिलाफ जनता को जागरूक करें। जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी ने अपना दो वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि केंद्र की सरकार ने कई बड़े वादे किए थे। साढ़े चार वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई वादा पूरा नहीं हुआ। देश प्रदेश की जनता अच्छे दिन का इंतजार कर रही है। कहा कि 2019 के चुनाव में जनता जवाब देने को तैयार है। जनविरोधी सरकार में गरीबों, किसानों का शोषण हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने फ्रन्टल संगठनों की नियमति बैठक करने के निर्देश दिये। इस दौरान पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव ने पूर्व की सपा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पंहुचाने की नसीहत दी। इस दौरान पूर्व मंत्री सतीश दीक्षित,महासचिव मंदीप यादव,महानगर अध्यक्ष विजय यादव,सचिन सिंह यादव,ब्लाक प्रमुख कमालगंज राशिद जमाल सिद्दीकी,सुबोध यादव,जीतेंन्द्र यादव,विवेक यादव,जीतू यादव,पुष्पेन्द्र यादव आदि ने विचार रखे। इस दौरान अनिल मिश्रा,ज्ञानेंद्र शाक्य,इलियास मंसूरी आदि रहे। संचालन मुन्ना यादव आदि रहे।

नवविवाहिता ने दुपट्टे से फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

- सात माह पूर्व हुई थी शादी, बिना बताए चली गई थी मायके
- ससुराल वापस आने पर सास ने परदेश में रह रहे बेटे को बताया
- बेटे ने मोबाइल पर पत्नी को फटकारा तो कर ली आत्महत्या

बांदा । चिल्ला थाना क्षेत्र के गुगौली गांव निवासी एक नवविवाहिता बिना बताए अपने मायके चली गई। उसका पति परदेश में था। ससुराल वापस आने पर सास ने अपने बेटे को मोबाइल के जरिए वाकया बताया। इस पर पति ने नवविवाहिता को फोन पर डांट फटकार दिया। इसी से नाराज होकर नवविवाहिता ने गुरुवार की देर शाम घर के अंदर कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ समय बाद परिवारीजनों ने देखा तो शव फंदे पर लटक रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। थाना प्रभारी का कहना है कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। चिल्ला थाना क्षेत्र के गुगौली गांव में रहने वाला विवेकानंद तिवारी जबलपुर क्षेत्र के एक आश्रम में रहता है। सात माह पूर्व उसकी शादी नमी (22) के साथ हुई थी। शादी के बाद विवेकानंद फिर से जबलपुर चला गया। इधर नवविवाहिता नमी कुछ दिन पूर्व अकेले अपने मायके चली गई थी। इस बात की जानकारी विवेकानंद तिवारी को नहीं थी। इसके बाद नमी अपने ससुराल वापस आ गई। इस पर नमी की सास ने विवेकानंद को मोबाइल के जरिए मामले की जानकारी दी। मामले की जानकारी होने पर विवेकानंद ने अपनी पत्नी को इस हरकत पर कड़ी फटकार लगाई। इसी से नाराज होकर नमी ने गुरुवार की देर शाम अपने घर में कमरे के अंदर दुपट्टे का फंदा बनाया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देकर के बाद जब परिवारीजनों ने नमी को फंदे पर लटकता देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। विवेकानंद के चाचा पप्पू तिवारी ने बताया कि बिना बताए अकेले मायके जाने पर पति ने उसे डांट दिया था। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। इधर, थाना प्रभारी चिल्ला राकेश पांडेय का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

मोबाइल पर बात करने से मना करने पर युवती ने जहर खाया

- बबेरू कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का मामला
- 108 एंबुलेंस के जरिए गंभीर हालत में लाया गया अस्पताल

बांदा । बबेरू कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 18 वर्षीय युवती काफी समय से एक युवक से मोबाइल पर बात कर रही थी। परिवारीजनों को जब इस बात की जानकारी हुई तो युवती को समझाने का प्रयास किया गया। परिजनों ने डांटा फटकारा भी। यह बात युवती को नागवार गुजरी और उसने शुक्रवार की दोपहर को जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिवारीजनों ने 108 एंबुलेंस से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहां उसका उपचार किया जा रहा है। जिला अस्पताल में मौजूद युवती के घरवालों ने बताया कि इसके पूर्व भी युवती को मना किया गया था, लेकिन वह अपनी हरकत से बाज नहीं आई। परिवारीजनों ने बताया कि शुक्रवार को सुबह युवती को परिवारीजनों ने डांटा फटकारा और दोबारा ऐसा न करने की हिदायत दी। इस बात से नाराज होकर युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवारीजनों को इस बात की जानकारी तब हुई, जब युवती को उल्टियां होने लगीं। आनन-फानन में एंबुलेंस को सूचना दी गई। एंबुलेंस के जरिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिवारीजनों ने बताया कि मोबाइल पर बात करने वाला युवक गांव से तकरीबन आठ किलोमीटर दूर स्थित गांव का रहने वाला है।

धूमधाम से मनाया गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव

आजमगढ़ । सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह का 352वां प्रकाशोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। नगर के मातबरगंज स्थित श्री सुंदर गुरुद्वारे से निकली शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। निजामाबाद गुरुद्वारे के ग्रंथी सरदार सतनाम सिंह के नेतृत्व में सिख धर्म के अनुयायी गुरुद्वारे एकत्र हुए। शोभायात्रा में सिख समाज के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में सबसे आगे हाथी, स्थानीय बैंड पार्टी के कलाकार रहे। उनके पीछे नए वाहनों पर सिख धर्म के गुरुओं के चित्र पर माल्यार्पण किया गया था। बरेली के सरदार इंद्रपाल सिंह लकी सोढ़ी एवं दीप सिंह का अखाड़ा खाखा के कलाकारों ने शस्त्र प्रदर्शन और हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत लिया। शोभायात्रा में पंच प्यारे घोड़ों पर सवार थे। जबकि अन्य वाहन पर सवार कीर्तन रागी जत्था सबद कीर्तन करते हुए चल रहा था। सिख समाज की महिलाएं भी धार्मिक गीतों को गाते बजाते हुए साथ चल रही थीं। शोभायात्रा में वाहन पर विराजमान गुरुग्रंथ साहिब वाले वाहन के आगे लोग साफ-सफाई करते हुए चल रहे थे। नगरपालिका प्रशासन के टैंकर से सड़कों पर जल का छिड़काव किया जा रहा था। शोभायात्रा मातबरगंज स्थित गुरुद्वारे से शुरू होकर बड़ादेव, कालीचौरा, कालीनगंज, पुरानी कोतवाली, जामा मस्जिद, पांडेय बाजार, बड़ी संगत कटरा, पुरानी सब्जी मंडी, चौक होते हुए मातबरगंज पहुंचकर समाप्त हुई।

परदेश से घर लौटी युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- अपने पति के साथ हरियाणा में रहकर करती थी मुर्गी पालन का काम
- जहरीला पदार्थ खाने की आशंका, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा
- ओरन ग्रामीण के मिश्रीलाल के पुरवा में हुई घटना

बांदा । दो दिन पूर्व हरियाणा से अपने पति के साथ घर लौटी युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसके पूर्व उसका प्राइवेट तौर पर उपचार कराया गया था। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति और परिवारीजनों को शक है कि जहरीला पदार्थ खाने या फिर ठंड लगने से उसकी मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता चलेगा। बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन ग्रामीण के मिश्रीलाल का पुरवा में रहने वाला अजय वर्मा अपनी पत्नी विद्या (25) को लेकर हरियाणा गया हुआ था। वहां रहकर वह मुर्गी पालन का काम करता था। बीती 2 दिसंबर को अजय अपनी पत्नी को लेकर घर आया। तबीयत खराब होने के कारण उसका अतर्रा के प्राइवेट अस्पताल में उपचार भी कराया गया था। इसके बाद पति उसे घर ले गया था। घर में गुरुवार की दोपहर को अचानक उसकी हालत बिगड़ गई, जिससे विद्या की मौत हो गई। विद्या की मौत से पति और परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति और परिवारीजनों का कहना है कि या तो जहरीला पदार्थ खाने से या फिर ठंड लगने से विद्या की मौत हुई है। इधर, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मृतका के भाई राजबहादुर निवासी खोही जनपद चित्रकूट ने बताया कि वर्ष 2015 में शादी हुई थी। अभी तक कोई संतान नहीं थी।

शहर में तेजी से जगह बना रहा ग्रेविटी इंफ्राबिलटेक

प्रयागराज । शहर के रियल स्टेट बाजार में एक नया नाम तेजी से जगह बना रहा है। मात्र कुछ ही सालों में इस कम्पनी ने कई दिग्गजों पछाड़ते हुए बाजार अपनी पकड़ मजबूत की है। तेजी से उभरता रियल एस्टेट मार्केट कहीं है तो वो शहर है। इसके डायरेक्टर मोहम्मद स्माइल ने बताया कि ग्रेविटी इंफ्राबिलटेक हर किस्म के रियल एस्टेट डेवलपर की पसंद बन चुका है। लिहाजा इलाके में अनेकों रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स की कोई कमी नहीं है। बेस्ड के रहेजा कॉर्प का नाम एक भरोसेमंद डेवलपर के तौर पर लिया जाता है। अपने अनुभव में कंपनी ने हर किस्म के प्रोजेक्ट पर हाथ आजमाए और आज देश की नामी कंपनियों में शुमार है। उसके पीछे है कंपनी के शानदार प्रोजेक्ट और बेहतरीन टीमवर्क, इसी के चलते आज कंपनी कई शहरों में काम कर रही है हालांकि अपना फोकस देश के कुछ ही हिस्सों में रखना चाहती है।

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थानों में की गयी कार्यवाही

कानपुर देहात । जिला पुलिस के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध व अपराधियों के विरूद्ध अभियान के क्रम में थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त नीरज पुत्र बनवारी निवासी कमालपुर थाना रूरा के कब्जे से 5 लीटर देशी कच्ची शराब नाजायज बरामद कर उ.नि. कृपाल सिंह द्वारा गिरफ्तार किये जाने की सूचना पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 05/19 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान किया गया। इसीक्रम में थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा अभियुक्त विजय कुमार पुत्र कन्हैया लाल निवासी वोहरापुर थाना सट्टी के कब्जे से एक अदद तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद कर प्र.नि. मानिक चन्द पटेल की सूचना पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 02/19 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान किया गया। एक अन्य मामले में थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त नेत्रपाल पुत्र स्व. राम प्रकाश निवासी हसनापुर थाना रूरा के कब्जे से एक अदद छुरी नाजायज बरामद कर प्र.नि. मानिक चन्द पटेल की सूचना पर थाना स्थानीय पर मु.अ. सं. 03/19 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान किया गया। इसीक्रम में थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त शेर सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी गैजूमऊ थाना रूरा के कब्जे से एक अदद छुरी नाजायज बरामद कर प्र.नि. मानिक चन्द पटेल की सूचना पर थाना स्थानीय पर मु.अ. सं. 04/19 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान किया गया। इसीक्रम में थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त अंकुर यादव पुत्र रणवीर सिंह निवासी गैजूमऊ थाना रूरा के कब्जे से एक अदद छुरी नाजायज बरामद कर प्र.नि. मानिक चन्द पटेल की सूचना पर थाना स्थानीय पर मु.अ. सं. 05/19 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान किया गया। मु.अ.सं. 212/18 धारा 328/319/411 भा.द.वि. के अभियोग में वांछित अभियुक्तगण विपिन पाल पुत्र सुरेन्द्र पाल निवासी तेजीपुर थाना मल्लावां जनपद हरदोई, प्रमोद कुमार पुत्र दरगाई लाल निवासी नेरा थाना कोतवाली जनपद कन्नौज, श्याम सुन्दर पुत्र शेर बहादुर निवासी शहाबुद्दीनपुर थाना मल्लावां जनपद हरदोई, धर्मेन्द्र सिंह कुशवाहा पुत्र मोना सिंह निवासी लखनपुर थाना दिबियापुर जनपद औरैया को प्र. नि. मानिक चन्द पटेल व उनके हमराही पुलिसबल द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसीक्रम में थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा अभियुक्त नीरज सिंह पुत्र स्व. देवेन्द्र सिंह चौहान खडकोली थाना बसरेहर जनपद इटावा के कब्जे से एक अदद तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद कर उ.नि. राजीव कुमार की सूचना पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 05/19 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

महानायक नहीं होंगे कुम्भ के ब्रांड एम्बेसडर

प्रयागराज । सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को प्रयागराज में आयोजित हो रहे देश के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन के ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने की संभावनाओं को नकार दिया गया है। योगी सरकार मुख्य सचिव ने कहा कि अमिताभ बच्चन कुम्भ मेले में ब्राण्ड अम्बेसडर नहीं होंगे। यूपी सरकार ने किसी को भी कुम्भ मेले का ब्राण्ड एम्बेसडर न बनाने का फैसला लिया है। प्रयागराज में कुम्भ मेले की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे यूपी के चीफ सेक्रेटरी अनूप चन्द्र पाण्डेय ने ये बात मीडिया से कही। अमिताभ बच्चन के प्रयागराज से होने के चलते इस बात के कयास लगाये जा रहे थे कि अमिताभ बच्चन कुम्भ के ब्राण्ड एम्बेसडर हो सकते हैं। इसके साथ ही टीवी पर चल रहे एक विज्ञापन से भी अमिताभ बच्चन के कुम्भ के ब्राण्ड एम्बेसडर बनाने जाने की चर्चायें हो रही थी। लेकिन सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए चीफ सेक्रेटरी ने कहा है कि कुम्भ पूरे देश और दुनिया में खुद एक ब्राण्ड है। इसलिये किसी को भी ब्राण्ड एम्बेसडर बनाये जाने की कोई योजना नहीं है। इस मौके पर चीफ सेक्रेटरी ने कहा है कि इस बार का कुम्भ अभूतपूर्व होगा। साथ ही उन्होंने कहा की वाराणसी में 21 से 23 जनवरी के बीच आयोजित हो रहे प्रवासी भारतीय सम्मेलन से बड़ी तादात में प्रवासी भारतीय आयेंगे। जिसमें मारीशस और नेपाल के प्रधानमंत्री भी कुम्भ मेले की दिव्यता और भव्यता देखने आयेंगे। चीफ सेक्रेटरी ने कुम्भ की तैयारियों को लेकर संतोष व्यक्त किया ।

संकेतांक न लगे होने से हो रही दुर्घटनाएं

लखीमपुर-खीरी । अगर आप मैगलगंज के राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर यात्रा कर रहे हैं तो आपके लिए एक बात जानना बहुत अहम होगी कि मैगलगंज राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टोल टैक्स दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र है। रोजाना एक से दो घटनाएं घटित होना आम बात है। प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार कोई सुधि नहीं ले रहे है। आलम यह है कि रोजाना छोटी बड़ी गाड़ियों में हजारों रुपए के नुकसान के साथ-साथ जानमाल तक की नौबत आ जाती है। मैगलगंज राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर स्थित टोल टैक्स जो कि एरा कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा निर्माण किया जा रहा था। सड़क बनाने में भारी अनियमितता बरतने के कारण प्रदेश सरकार ने एरा कंस्ट्रक्शन कंपनी को काली सूची में डाल दिया, जिसके चलते हैं टोल टैक्स व सड़क पर हो रहा प्रगति कार्य अवरुद्ध हो गया। काली सूची में डालने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों ने दोबारा आधे-अधूरे बने टोल टैक्स व सड़क की ओर देखना मुनासिब नहीं समझा। जिसके चलते अर्धनिर्मित टोल टैक्स पर कोई भी संकेतांक आदि नहीं बनाया गया।

जिसकी वजह से रोजाना एक से दो हादसे होना आम बात हो गई है, यही नहीं इसके अतिरिक्त बाइक चालक समेत साइकिल सवारो का चोटिल होना कोई बड़ी बात नहीं है। इन सभी चीजों को जानने व देखने के बावजूद भी जिम्मेदार किसी भी कर्मचारी के द्वारा इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बीते 24 घंटे के अंदर की बात करें तो पहली घटना महोली थाना क्षेत्र के निवासी एक नवयुवक की बाइक में ट्रक सवार ने तेज टक्कर मार दी और वहां टोल टैक्स में फंस कर बुरी तरह घायल हो गया, अभी लोग उसको एंबुलेंस से मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेज ही पाए थे कि तुरंत दूसरी हादसा घटित हो गया। इसके बाद रात्रि के अंधेरे में भी दो से तीन घटनाएं टोल टैक्स पर घटित हुई।

ऐसा नहीं है कि जिम्मेदारों को इन चीजों की कोई खोज खबर या जानकारी नहीं होती, लेकिन जानकारी होने के बावजूद भी इस दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र में कोई कदम न उठाना वाकई गैर जिम्मेदाराना रवैय्या प्रदर्शित करता है। अब देखना यह है कि क्या इतना सब होने के बावजूद भी किसी जिम्मेदार के द्वारा कोई कदम उठाया जाएगा या नहीं यह तो भविष्य के गर्भ में है।

प्रदेश में कानून का राज स्थापित : लोकेंद्र प्रताप सिंह

- अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस एवं हस्तक्षेप रहित हो रही पुलिसिंग

लखीमपुर-खीरी । अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस एवं हस्तक्षेप रहित पुलिसिंग से प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। प्रदेश में सभी त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से आपसी सद्भाव के साथ संपन्न हुए हैं। उक्त उद्गार भाजपा जिलाध्यक्ष लोकेंद्र प्रताप सिंह ने स्थानीय टीपीआरएस स्कूल में मोहम्मदी विधानसभा के भाजपा पदाधिकारियों तथा अधिकारियों की समन्वय बैठक में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में सड़क निर्माण की गति प्रतिदिन नौ किलोमीटर थी।

भाजपा सरकार में आज प्रतिदिन 27 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सुविधा पूर्ण ढंग से नकलविहीन परीक्षाएं संपन्न कराई गई। बिजली के क्षेत्र में भी काफी कार्य हुआ है, जो गांव आजादी के बाद से बिजली के प्रकाश को तरस रहे थे, वहां विद्युतीकरण का कार्य करवाया गया है। किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिया जा रहा है। प्रदेश के 8000 से अधिक गांवों को बस सेवा से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नौ लाख आवास पूरे प्रदेश में बनवाए गए हैं। अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में केंद्र सरकार ने महंगाई दर में वृद्धि नहीं होने दी है। यूपीए सरकार की तुलना में आर्थिक विकास दर काफी ऊपर है। उन्होंने कहा कि सौभाग्य योजना दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सुरक्षित मातृत्व अभियान, उज्जवला योजना जैसी तमाम ऐसी योजनाएं हैं। जिनसे महिलाओं को लाभ हुआ है। इसके अलावा भी प्रदेश व केंद्र सरकार ने तमाम ऐसे कार्य किए हैं, जो मील का पत्थर है।

उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जो भी जनहित के कार्य लेकर आए उसे प्राथमिकता के आधार पर करें कार्यकर्ता का पूरा सम्मान होना चाहिए, जो अधिकारी कार्यकर्ता का सम्मान न कर सके। वह मोहम्मदी से अपना बोरिया बिस्तर बांध ले उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2019 चुनावों के लिए तत्परता से जुटने का आवाहन किया तथा संगठन के द्वारा आगे होने वाले कार्यक्रमों के विषय में जानकारी दी। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निदान किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मनोज वर्मा ने किया बैठक में जिला महामंत्री कुलभूषण सिंह, ठाकुर प्रसाद गंगवार, अनुराग मिश्रा, अवध क्षेत्र के प्रचार प्रसार व निर्माण विभाग के संयोजक श्याम किशोर अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, क्षेत्रीय आईटी प्रमुख ज्योतिर्मय बरतरिया, विधानसभा संयोजक अतुल रस्तोगी, भाजपा नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, पसगवां मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ला, बरबर मंडल अध्यक्ष अखिलेश त्रिवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र नाथ गुप्ता, अवनीश गुप्ता, जिला आईटी प्रमुख शौर्य सक्सेना, दिनेश गुप्ता, सत्यप्रकाश शुक्ला, हनी मेहरोत्रा, रितेश शुक्ला मौजूद रहे।

घर में तोड़फोड़ कर नकदी जेबरात लूटे

फर्रुखाबाद। मकान पर कब्जे के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ के साथ ही नगदी व जेवरात लूट लिये। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पीड़िता ने थाना पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के इमादपुर पमारान निवासी सीमा पत्नी दशरथ ने पुलिस दी गई तहरीर में कहा है कि बीती रात में अपने घर में बच्चों के साथ लेटी हुई थी,तभी पड़ोसी टोनी पुत्र शिवाजी अपने भाई शेर सिंह,विजेंद्र पुत्र रामनिवास निवासी अमृतपुर गढ़िया जैथरा एटा उसके घर में गेट तोड़कर दाखिल हो गये। उन्होंने पहले गाली गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। आरोपियों ने कहा कि उन्हें मकान में हिस्सा चाहिए। कमरे के अंदर रखे बक्से को तोड़कर उसमें रखे 4 लाख रूपये की नकदी व जेवरात भी लूट लिये और जान से मारने की धमकी देते हुए असलाह लहराते हुए फरार हो गए।

सुनिल शेट्टी की बेटी ने बिकिनी पहन इंस्टाग्राम पर मचाया कहर

बॉलीवुड एक्टर सुनिल शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर कर तहलका मचा दिया है। दरअसल, वो न्यू ईयर सेलिब्रेट करने विदेश में थीं जिसकी तस्वीरें

उन्होंने फैंस के साथ शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आथिया ब्लैक बिकिनी पहने हुए समुंद्र की लहरों का मजा लेती नजर आ रही हैं। उनका कातिलाना अंदाज देख आपकी सांसे थम जाएंगी। यकीनन इससे पहले आपने उनका ऐसा लुक कभी नहीं देखा होगा। 26 साल की आथिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इंस्टा पर उनके 2 मिलियन फॉलोअर हैं 723 उनको फॉलो कर रहे हैं। आथिया अब तक इंस्टाग्राम पर 673 पोस्ट कर चुकी हैं। उनके स्टाइल और लुक को फैंस काफी पसंद करते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो अथिया ने साल 2015 में फिल्म 'हीरो' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके साथ सूरज पंचोली नजर आए थे। हालांकि ये फिल्म सिनेमाघरों में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। वहीं पिछले साल अथिया अनिल कपूर और अर्जुन कपूर स्टारर फिल्म मुबारकां में नजर आई थीं। उनकी इस फिल्म को भी दर्शकों का कोई खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। इन दिनों आथिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'मोतिचूर चकनाचूर' की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म में अथिया के साथ नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी अहम किरदार में नजर आएंगे।

आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल करें ये 5 सुपरफूड्स

घंटों टीवी देखना, लगातार कंप्यूटर पर बैठे रहना, मोबाइल पर गेम खेलने के कारण आंखों पर जोर पड़ता है, जिससे नजर

कमजोर हो जाती है। ऐसा पोषक आहार में कमी के कारण भी हो सकता है। इसकी वजह से जहां लोगों को कम उम्र में ही चश्मा लग जाता है। वहीं कुछ लोगों को ड्राई आईज व आंखों से पानी आने जैसी समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। ऐसे में आंखों को आराम की जरूरत के साथ–साथ आपको प्रोपर डाइट लेने की जरूरत है। आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताएंगे, जिनका सेवन आपकी आंखों की रोशनी बढ़ाने के साथ–साथ हर समस्या को दूर भी करेगा।

ड्राई आई सिंड्रोम के लिए मछली

कंप्यूटर, मोबाइल जैसे डिजिटल मीडियम के लंबे इस्तेमाल से इन दिनों ड्राई आई सिंड्रोम बेहद आम समस्या बन गई है। इस समस्या को दूर करने के फैटी एसिड से भरपूर मछली का सेवन करें। इससे आंखों की रोशनी भी तेज होगी और आपकी यह समस्या भी दूर हो जाएगी।

मैकुलर डिजेनेरेशन के लिए अंडा

इस रोग में व्यक्ति की रेटिना पर छोटे–छोटे धब्बे दिखने लगते हैं। यह समस्या 60 से 65 वर्ष के बीच आम है लेकिन आजकल युवाओं में भी इसका खतरा बढ़ रहा है। इस समस्या से बचने के लिए डाइट में अंडा शामिल करें। जिंक, ल्यूटिन, जेक्सैंथिन जैसे तत्वों से भरपूर अंडे का सेवन इस समस्या को दूर करने के साथ आंखों की रोशनी भी बढ़ाएगा।

आंखों की रोशनी बढ़ाए बादाम

बादाम में विटामिन ई होता है जो आंखों संबंधित समस्याएं नहीं होने देता। रात को बादाम भिगोकर सुबह खाने से भी आंखों की रोशनी तेज होती है। आप चाहे तो बादाम वाला दूध बनाकर भी पी सकते हैं। इसके अलावा बादाम का सेवन ड्राई आई सिंड्रोम की समस्या को भी दूर करता है।

मोतियाबिंद के बचाव के लिए बेरीज और खट्टे फल

बेरीज और खट्टे फलों को भी अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। विटामिन सी से भरपूर होने के कारण इनका सेवन ना सिर्फ आंखों की रोशनी तेज करता है बल्कि इससे आप मोतियाबिंद जैसी बीमारी से भी बचे रहते हैं।

हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियां आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इनमें मौजूद आयरन, ल्यूटिन, जेक्सैंथिन तत्व मैकुलर डिजेनेरेशन, मोतियाबिंद जैसी समस्या को दूर रखने के साथ आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करते हैं। ऐसे में इसलिए अपनी डाइट में इन स्बजियों को जरूर शामिल करें।

आंखों की देखभाल के अन्य टिप्स

आंखों की रोशनी बढ़ाने और आईज प्रॉब्लम्स से बचने के लिए अपनी डाइट में विटामिन ए, सी व ई से भरपूर फल व सब्जियों को शामिल करें। इसके अलावा दूध या उससे बने पदार्थ, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंडा, पपीता और गाजर को भी डाइट में शामिल करें।

कंप्यूटर, टीवी, लैपटॉप या मोबाइल का इस्तेमाल करते समय आंखों पर चश्मा लगाएं। इसके अलावा पॉवर टूल्स व गेम्स खेलते समय भी चश्मा जरूर लगाएं।

धूप में निकलते समय चश्मा जरूर लगाएं क्योंकि सूरज की हानिकारक किरणें से मोतियाबिंद, पिंग्यूक्लुला और मैकुलर डिजेनेरेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

हर महीने अपनी आंखों का चेकअप जरूर करवाएं। नियमित चेकअप करवाने से आप कई परेशानियों से बच सकते हैं। आप 12 महीने नहीं जा पाते तो हर 2 महीने में एक बार चेकअप करवाएं।

टीवी देखते समय कम से कम 8–9 फीट की दूरी बनाएं, ताकि उसकी रोशनी व स्क्रीन से आंखों को कोई नुकसान ना हो।

यदि आप 8 से 10 घंटे प्रतिदिन कंप्यूटर पर बैठते हैं तो अपनी आंखों को आराम देने के लिए हर आधे–एक घंटे बाद थोड़ी देर के लिए आंखें बंद करके बैठ जाएं या फिर कुछ देर टहलें। इससे आपको आराम भी मिलेगा।

काम करते वक्त अपनी कुर्सी की ऊंचाई को कम्प्यूटर के हिसाब से ही रखें। कंप्यूटर को अपनी आंखों से 30 सेमी की दूरी पर रखें।

करीना के हाथ से निकली बड़े बजट की फिल्म, इस हसीना ने मारी बाजी

बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की फिल्म जीरो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई है। 'जीरो' के फ्लॉप होने के बाद शाहरुख ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'सैल्यूट' को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग 3 महीने बाद शुरू होने वाली थी लेकिन शाहरुख तुरंत ही इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे। वहीं खबरें आ रहीं थीं कि इस फिल्म में करीना कपूर खान मुख्य भूमिका में हैं। लेकिन अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक अब इस फिल्म में करीना कपूर की जगह फातिमा सना शेख नजर आ सकती हैं। बता दें कि इससे पहले यह फिल्म आमिर खान को ऑफर हुई थी। आमिर ने इस फिल्म को लेकर काम भी शुरू कर दिया था लेकिन कुछ वजहों से उन्होंने ये फिल्म छोड़ दी। इसके बाद शाहरुख को फिल्म के लिए साइन किया था। इस बात का खुलासा खुद शाहरुख ने एक इंटरव्यू के दौरान किया था। उन्होंने कहा–आमिर का बहुत–बहुत शुक्रिया। उनकी वजह से मुझे इतनी अच्छी फिल्म मिली।

अब कार्तिक आर्यन को डेट नहीं करेंगी सारा अली खान, मां अमृता ने दी ये हिदायत

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली 'कॉफी विद करण' पर खुलासा

खान ने करण जौहर के चौट शो किया था कि वह कार्तिक आर्यन को डेट करना चाहती है। वैसे इन दिनों जहां एक तरफ सारा अली खान केदारनाथ और सिम्बा के प्रमोशन में व्यस्त रहीं, वहीं कार्तिक आर्यन अपनी नई फिल्म और अवॉर्ड फंक्शन्स का काम निपटाते रहे। हाल ही में जब सारा से एक एंटरटेनमेंट पोर्टल ने उनसे पूछा कि क्या वो आने वाले वक्त में कार्तिक आर्यन को इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजने की सोच रही हैं ? इसके जवाब में सारा ने कहा, 'नहीं... नहीं.... मेरा ऐसा कोई प्लान नहीं है। मैं पहले ही हर जगह इतनी बार दोहरा चुकी हूं कि मुझे कार्तिक पसंद है। अब उन्हें ही अप्रोच करना होगा, मैं कोई मैसेज नहीं करने वाली हूं। मैं इतनी भी उतावली नहीं हूं। मेरी मां ने भी यही सलाह दी है कि मुझे थोड़ा इंतजार करना चाहिए।' सारा अली खान के जवाब से ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी मां अमृता सिंह से कार्तिक आर्यन के बारे में काफी बात की है, जिसके बाद ये फैसला लिया है। अब देखना ये होगा कि क्या कार्तिक सारा संग बात आगे बढ़ाएंगे या नहीं।

इस हसीना की लगी लॉटरी, अक्षय कुमार संग इन दो फिल्मों में करेगी काम

फिल्म सिंबा के बाद अब रोहित शेट्टी फिल्म सूर्यवंशी पर काम कर रहे है। सिंबा में इसकी एक झलक दिखाई गई थी। इसमें अक्षय कुमार लीड रोल में नजर आ रहे है। दिलचस्प बात यह है कि रोहित और अक्षय ने इस प्रोजेक्ट के लिए पहली बार हाथ मिलाया है। बीते दिनों ही खबर आई कि अक्षय इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल से शुरु करने वाले है और उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म को इसी साल 27 दिसंबर के आसपास रिलीज किया जाएगा। अगर अक्षय के अपोजिट हसीना की बात करे तो वह चाहते है कि फिल्म के लिए पूजा हेंगडे के नाम को कंसीडर करें।

एक एंटरटेनमेंट पोर्टल की माने तो इस फिल्म में हीरोइन का

रोल काफी छोटा होने वाला है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने जानकारी दी है कि, फिल्म में हीरोइन का स्पेस काफी कम है और रोहित हर एक फिल्म ऐसी ही है। कॉप की कुछ एक फिल्मों को छोड़कर ड्रामा में अक्सर देखा गया है कि हीरोइनों को कुछ मिनट का ही रोल मिलता है और ऐसा ही सूर्यवंशी के साथ भी होने वाला है। इस फिल्म में फीमेल लीड को सिर्फ 15 से 20 मिनट मिलने वाले है।श अक्षय रोहित से कई दफा कह चुके है कि पूजा इस रोल के लिए बिल्कुल फिट है। दिलचस्प बात यह है कि अक्षय की अगली फिल्म हाउसफुल 4 में भी पूजा उनके अपोजिट नजर आने वाली है।

स्वरा भास्कर ने करवाया फोटोशूट, हॉट तस्वीरों ने मचाया तहलका

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने हाल ही में एफएचएम (फॉर हिम मैगजीन) के लिए फोटोशूट करवाया है। इस दौरान वह बेहद ही हॉट लग रही है। स्वरा एफएचएम के कवर पर अपनी हॉट अदाओं से जलवे बिखेर रही है। फोटोशूट की तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर की है। इसमें उनके बोल्ड पोज देख हर कोई दीवाना होने वाला है। वैसे स्वरा अक्सर अपने बोल्ड बयानों और हॉट तस्वीरों को लेकर सुर्खियों में रहती है। स्वरा के फैंस उनकी ये तस्वीरें काफी पसंद कर रहे है। बता दें कि इससे पहले स्वरा रिया कपूर की फिल्म वीरे दी वेडिंग में दिखाई दी थी, जिसमें उनके एक सीन पर खूब बवाल मचा था। फिल्म में स्वरा के अलावा करीना कपूर, सोनम कपूर और शिखा तलसानिया भी थी। फिल्म चार लड़कियों पर आधारित थी, जो जिंदगी को अपनी शर्तों पर जीना चाहती थी।

कभी माल्या के किंगफिशर की कैलेंडर गर्ल थीं दीपिका, आज करती है बॉलीवुड पर राज

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण 5 जनवरी को अपना 33 वां बर्थ–डे सेलिब्रेट करेंगी। 5 जनवरी 1986 में डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में जन्मी दीपिका इंडस्ट्री में आने से पहले बैडमिंटन खेला करती थीं। दीपिका उन एक्ट्रेसेस में से एक है, जिसने काफी कम समय में ही बॉलीवुड इंडस्ट्री में पहचान बना ली है। वैसे दीपिका ने अपने करियर की शुरुआत किंगफिशर कैलेंडर से की थी। वहां से फेमस से होने के बाद दीपिका न फिल्मी दूनिया में कदम रखा। एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का नाम चाहें टॉप एक्ट्रेस में शुमार है, मगर वो किसी भी फिल्मी परिवार से संबंध नहीं रखती। इसके बावजूद भी दीपिका की एक्टिंग काबिल–ए–तारीफ है। अगर बात करे दीपिका के परिवार की तो उनकी फैमिली में मम्मी–पापा और एक बहन है। पिता का नाम प्रकाश पादुकोण है जोकि एक बैडमिंटन खिलाड़ी है। मां का नाम उज्जला हैं, जो एक ट्रेवल एजेंट हैं, वहीं छोटी बहन अनिषा एक गोल्फर हैं। वहीं दादा रमेश पादुकोण मयसुर बैडमिंटन के सेक्रेटरी रह चुके है। दीपिका समेत परिवार वालो ने अपनी–अपनी फील्ड में काफी नाम कमाया हुआ है। जब दीपिका 1 साल की थीं तब उनका परिवार कोपनहेगन से बेंगलुरु में शिफ्ट हो गया। दीपिका ने अपनी शुरुआती पढ़ाई बेंगलुरु सोफिया हाई स्कूल से पूरी की। इसके बाद की पढ़ाई दीपिका ने माउंट कारमेल कॉलेज से पूरी की। इंदिरा गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी से दीपिका ने सोशियोलॉजी में बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री हासिल की। बेंगलुरू में पली–बढ़ी दीपिका की मातृभाषा कोंकणी है। किंगफिशर कैलेंडर को कभी विजय माल्या पब्लिश किया करते थे। किंगफिशर के इसी कैलेंडर से बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका ने अपने करियर की शुरुआत की थी। उस समय उन्हें किंगफिशर की सबसे हॉट मॉडल कहा जाता था। पहली बार दीपिका ने 2006 में किंगफिशर कैलेंडर के लिए फोटोशूट करवाया था। मॉडलिंग से दीपिका काफी फेमस हो गई और धीरे–धीरे दीपिका को फिल्मों के ऑफर मिलने शुरू हो गए। दीपिका ने मॉडलिंग के बाद एक्टिंग में हाथ अजमाया। उन्होंने सबसे पहले हिमेश रेशमिया की पॉप अल्बम 'आप का सुरूर' के गीत 'नाम है तेरा' से एक्टिंग की शुरुआत की। उसके बाद दीपिका ने साल 2006 में कन्नड़ फिल्म ऐश्वर्या के जरिए फिल्मों में कदम रखा। साल 2007 में आईं फिल्म ओम शांति ओम से दीपिका ने बॉलीवुड में एंट्री ली। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में थे। दीपिका की किस्मत का अंदाजा हम इसी बात से लगा सकते है कि पहली फिल्म में ही वह किंग खान के साथ नजर आई, जोकि हर हसीना का एक बड़ा सपना होता है। इस फिल्म से दीपिका की टॉप एक्ट्रेस बन गई और कई अवॉर्ड अपने नाम किए। ओम शांति ओम के बाद फिल्म बचना–ए–हसीनो, लव आज कल, हाउसफुल, परिंदे में भी दीपिका नजर आईं। साल 2012 में आई फिल्म कॉकटेल ने दीपिका के करियर को रफतार दी। इसके बाद उन्हें कई अवॉर्ड्स कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला। फिर आई फिल्म ये जवानी है दीवानी, चेन्नई एक्सप्रेस, हैप्पी न्यू ईयर, पद्मावत। इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर काफी ताबड़तोड़ कमाई की। साल 2013 में आई फिल्म

गोलियों की रासलीला राम लीला के लिए दीपिका को फिल्म फेयर बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी मिला। इसके बाद साल 2015 में आई फिल्म 'पीकू' के लिए भी दीपिका के काम को सराहा गया। इसके साथ ही वो बीते साल फिल्म 'पद्मावत' में नजर आईं। दीपिका ने अफेयर्स से भी खुब सुर्खियां बटोरी। सूत्रों के मुताबिक, मॉडलिंग के दिनों में निहार पांड्या, दीपिका पादुकोण के बॉयफ्रेंड थे। 2005 में दोनों की मुलाकात एक एक्टिंग स्कूल में हुई थी। दोनों की दोस्ती जल्दी ही प्यार में बदल गई। 3 साल तक रिलेशन में रहने के बाद दीपिका ने मूव–ऑन करने का फैसला किया और निहार से ब्रेकअप कर लिया। वहीं इसके बाद दीपिका ने विजय माल्या के बेटे सिद्धार्थ माल्या, रणबीर कपूर और रणवीर सिंह को डेट किया। अगर बात करे रणवीर सिंह के साथ अफेयर की तो रणवीर ने दीपिका का तब साथ दिया जब उन्हें एक साथी की सबसे ज्यादा जरुरत थी। दरअसल, रणबीर कपूर संग ब्रेकअप के बाद दीपिका डिप्रेशन का शिकार हो गई थी। इस बात का खुलासा दीपिका ने करण जौहर के शो में किया था कि वह काफी डिप्रेशन में चली गई थी और उन्हें इससे उभरने के लिए काफी वक्त लगा।

न्यूयॉर्क में रणबीर संग क्वालिटी टाइम बिता रही है आलिया

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इन दिनों अपने न्यूयॉर्क में है। हाल ही में अब इस लवबर्ड्स की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं।इन लेटेस्ट तस्वीरों में आलिया और रणबीर काफी खुश नजर आ रहे हैं और क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हुए दिखाई दे रहे हैं।आलिया रणबीर के काफी क्लोज हैं और दोनों एक साथ काफी प्यारे लग रहे हैं। दोनों के रिश्ते को अब परिवार वालों ने हरी झंडी दे दी है। दोस्तों संग रणबीर आलिया खूब एंजॉय करते हुए नजर आ रहे हैं और तस्वीरें क्लिक करवाते हुए दिखाई दे रहे हैं। लुक और फिल्म के अलावा आलिया रणबीर कपूर के साथ अपने अफेयर को लेकर सुर्खियों में हैं। वहीं अब दोनों के रिश्ते को अब परिवार वालों ने हरी झंडी दे दी है। दरअसल, रणबीर ने आलघ्या को अपने कपूर फैमिली व्हाट्सएप ग्रुप में एड कर लिया है। जानकारी के मुताबिक इस ग्रुप में ऋषि कपूर, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी और रीमा जैन शामिल है। रणवीर द्वारा उठाए इस कदम के बाद तो ऐसा लग रहा है कि वो आलिया से बेहद मोहब्बत करते हैं। आलिया की फैमिली ग्रुप में एंट्री ये साफ इशारा कर रही है कि जल्द दोनों के रिश्ते को नया मुकाम मिलने

वाला है। रणबीर और आलिया को डेट कर रहे हैं ये सभी तो पता है। ऐसे में दोनों के परिवारों ने भी इस रिश्ते को अपनी मंजूरी दे दी है और दोनों ही परिवार एक–दूसरे को काफी पसंद करते हैं। बताया जा रहा है कि शादी की तारीख तय करने से पहले दोनों परिवार ऋषि कपूर के ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, ऋषि इन दिनों न्यूयॉर्क में अपना इलाज करा रहे हैं। खबरों के मुताबिक रणबीर ही नहीं बल्कि पूरा परिवार ही आलिया को काफी पसंद करता है। कहा जा रहा है कि अगले साल तक दोनों शादी के बंधन में बंध जाएंगे। हांलाकि कॉफी विद करण में आलिया ने रणबीर के रिश्ते को सार्वजनित रूप से स्वीकार किया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया और रणबीर इन दिनों फिल्म ब्रह्मास्त्र की शूटिंग में बिजी हैं। सेट से दोनों की अक्सर तस्वीरें सामने आती रहती हैं।

अंतरिक्ष यात्री ने स्पेस में की ऐसी भूल, नासा में मच गया हड़कंप

लॉस एंजलिस अंतरिक्ष एजेंसी नासा के ह्यूस्टन बेस पर एक अंतरिक्ष यात्री की भूल कारण हंगामा मच गया। ये गड़बड़ नासा के जॉनसन अंतरिक्ष स्टेशन में हुई जहां अंतरिक्ष यात्री द्वारा गलती से आपात नंबर डायल करने से अलॉर्म बेल बजने के बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ै) पर स्थित एक पूरी टीम को जांच के लिए लगा दिया गया। नीदरलैंड के एस्ट्रोनॉट आंद्रे कुईपर ने हाल ही में अपने साथ हुई इस घटना का खुलासा किया है। अंतरिक्ष से उपग्रह के जरिए फोन करने के लिए कुछ विशेष कोड लगाना जरूरी होता है। फोन नंबर की पहली संख्या 9 और उसके बाद कोड 011 लगाकर ही अंतरिक्ष यात्री फोन कर सकते हैं। हालांकि, गुरुत्वाकर्षण की गैरमौजूदगी में आंद्रे से डायलिंग के दौरान जीरो नहीं दबा और 9011 की जगह 911 पर फोन लग गया। 911 अमेरिका का आपातकालीन नंबर है। आंद्रे के इस फोन के बाद नासा में हड़कंप मच गया। ऐसी आशंका जेताई जाने लगी कि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में कोई खराबी आ गई, जिसकी वजह से अंतरिक्ष यात्री ने आपातकालीन नंबर पर फोन किया। इसके बाद आईएसएस पर मौजूद एक टीम को तुरंत मामले की जांच में लगा दिया गया। हालांकि, वहां कोई खराबी नहीं मिलने के बाद कुईपर को मामले की जानकारी के लिए मेल करना पड़ा। कुईपर के मुताबिक, आईएसएस से पृथ्वी पर लगाई गईं 70 फीसदी कॉल ही सफल होती हैं। इससे पहले 2015 में ब्रिटेन के अंतरिक्ष यात्री टिम पीक ने भी आईएसएस से एक गलत फोन लगने के बारे में बताया था। उनका फोन एक महिला को लग गया था। जिसके बाद उन्होंने एक ट्वीट के जरिए माफी भी मांगी थी।

सबरीमाला हिंसा से चिंतित ब्रिटेन ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

लंदन सबरीमाला स्थित अयप्पा मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के मुद्दे पर केरल में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद ब्रिटेन ने भारत की यात्रा कर रहे अपने नागरिकों के लिए ट्रैवल अडवाइजरी जारी करते हुए आगाह किया है कि वे सतर्क रहें और भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से परहेज करें। दुनिया के अलग–अलग हिस्सों की यात्रा को लेकर नियमित तौर पर परामर्श जारी करने वाले विदेशी एवं राष्ट्रमंडल कार्यालय (एफसीओ) ने कहा कि केरल की यात्रा की योजना बना रहे ब्रिटिश नागरिकों को मीडिया में आने वाली खबरों पर नजर रखनी चाहिए। एफसीओ ने अपने परामर्श में कहा, श्सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के मुद्दे पर केरल में कस्बों एवं शहरों में हिंसक प्रदर्शन हुए हैं। पुलिस एवं प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों के मद्देनजर कुछ लोक सेवाएं बाधित हुई हैं। परामर्श के मुताबिक, श्यदि आप केरल में हैं या वहां की यात्रा करने वाले हैं तो आपको मीडिया में आने वाली खबरों पर करीबी नजर रखनी चाहिए, सतर्क रहना चाहिए और भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से परहेज करना चाहिए।श एफसीओ के शेष यात्रा परामर्श में कुछ खास बदलाव नहीं हुआ। इसमें भारत की यात्रा करने वालों से आग्रह किया गया है कि वे प्रदर्शनों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से परहेज करें, स्थानीय मीडिया पर नजर रखें और कर्फ्यू संबंधी बंदिशों पर अमल करें।

डेमोक्रेट चाहें तो 20 मिनट में सुलझा दूंगा मतभेद: ट्रंप

वाशिंगटन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको के साथ लगी देश की सीमा पर दीवार बनाने के मामले में डेमोक्रेटिक नेताओं के साथ मतभेद को लेकर कहा कि यदि विपक्षी पार्टी के नेता चाहें तो वह 20 मिनट में मतभेद सुलझा सकते हैं। ट्रंप ने अपने कर्मियों के साथ बैठक के लिए 'कैम्प डेविड' जाते समय अमेरिका–मेक्सिको सीमा पर दीवार निर्माण के लिए 5.6 अरब डॉलर की मांग से पीछे हटने का कोई संकेत नहीं दिया। ट्रंप ने घोषणा की कि ''यदि वे चाहते हैं तो वह 20 मिनट में'' समझौता कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''अगर वे ऐसा नहीं चाहेंगे, तो यह (बंद) लंबे समय तक जारी रहेगा।''

सरकारी कामकाज के आंशिक रूप से तीसरे सप्ताह भी बंद रहने के बीच सदन की स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने कहा कि वह आने वाले दिनों में एजेंसियों को फिर से खोलने के लिए व्यक्तिगत विधेयकों को पारित करना शुरू करना चाहती है। वहीं उप राष्ट्रपति माइक पेंस के नेतृत्व में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के साथ एक और चरण की वार्ता पूरी होने के बाद ट्रंप ने ट्वीट किया कि यह बातचीत ''लाभकारी'' रही, लेकिन बैठक की जानकारी रखने वाले दो डेमोक्रेट्स ने कहा कि बजट के लिए मांगी गई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई और सरकार के कामकाज फिर शुरू करने की मांग भी खारिज कर दी गई। एक अधिकारी ने कहा कि आगे किसी और बैठक की कोई योजना नहीं है। ट्रंप ने पहले कहा था कि उन्हें ''सोमवार, मंगलवार, बुधवार को गंभीर चर्चा होने की उम्मीद है।''

इमरान की पार्टी ने ट्वीटर पर उड़ाया PM मोदी का मजाक

पेशावर पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बदनामी भरा एक अभियान चला रहा है। प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसान सरकार ने एक ट्वीट के जरिए मोदी और उनकी सरकार पर निशाना साधा है। पीटीआई के ट्विटर हैंडल से लिखा गया कि दो देशों की सरकारें (भारत और पाकिस्तान) अल्पसंख्यकों के साथ कैसा बर्ताव करती हैं। ट्वीट में इमरान खान की तुलना नरेंद्र मोदी से की है। 5 जनवरी के ट्वीट में भारत में कथित गो हत्या की बढ़ती घटनाओं पर ताना कसते हुए मोदी सरकार पर निशाना साधा है जबकि इमरान खान को अल्पसंख्यक समाज का हितैषी बताया है। चूंकि पाकिस्तान सरकार ने हिंदू धार्मिक स्थल पंज तीरथ को राष्ट्रीय विरासत घोषित किया है। ट्वीट में लिखा गया, प्रधानमंत्री इमरान खान मानवता और अल्पसंख्यक को अधिकार देने में विश्वास करते हैं। करतारपुर बॉर्डर के बाद पंज तीरथ को राष्ट्रीय धरोहर करार देना इस बात का प्रमाण है कि भारत में सिर्फ धर्म के नाम पर अल्पसंख्यकों की रोज हत्या की जाती है और यही फर्क इमरान खान को एक महान नेता बनाता है। ट्वीट के साथ इमरान और नरेंद्र मोदी की तस्वीर भी शेयर की गई है। एक तस्वीर में पाकिस्तान को इमरान खान का नया पाकिस्तान बताते हुए लिखा गया, पाकिस्तान ने हिंदू धार्मिक स्थल पंज तीरथ को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया। दूसरी तस्वीर में मोदी का इंडिया बताते हुए लिखा, भारत में गाय की चोरी के आरोप में एक मुस्लिम शख्स की हत्या कर दी गई। ट्वीट को दो देश, दो नेता और दो दिन, दो खबर नाम दिया गया है।

इंडोनेशिया में भूकंप के तेज झटके

जकार्ता पूर्वी इंडोनेशिया में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान और भू–भौतिकी एजेंसी ने भूकंप की जानकारी दी। भूकंप के कारण सुनामी संबंधी कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। भू–भौतिकी एजेंसी के अधिकारी युसुफ खाईदार अली ने बताया कि यह भूकंप रविवार देर रात के बाद 12 बजकर 27 मिनट पर महसूस किया गया। भूकंप का केन्द्र उत्तरी मालुकू प्रांत के हालमहेरा से पश्चिमोत्तर में 146 किलोमीटर दूर था। भूकंप का केन्द्र समुद्र तल के 10 किलोमीटर नीचे रहा। श्री अली ने बताया कि भूकंप के कारण सुनामी संबंधी कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। मेर्साली तीव्रता परिमाप पर भूकंप की तीव्रता तीन डड्प मापी गई। इंडोनेशिया में भूकंप का खतरा आम तौर पर बना रहता है क्योंकि यह ''पैसिफिक रिंग ऑफ फायर'' नामक भूकंप प्रभावित क्षेत्र में आता है।

अर्थव्यवस्था को 'झटका' दे सकती हैं कच्चे तेल की कीमतें : रिपोर्ट

मुंबई कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेजी आने से देश की वृहद आर्थिक स्थिरता प्रभावित हो सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के एक अध्ययन में आगाह किया गया है कि यदि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आती है, तो इससे चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़ सकता है, मुद्रास्फीति तथा राजकोषीय घाटे के आंकड़े प्रभावित हो सकते हैं, जिससे ऊंची वृद्धि का लाभ 'नदारद' हो सकता है।

अध्ययन में कहा गया है कि भारत कच्चे तेल के आयात पर काफी हद तक निर्भर है। वह अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भारतीय अर्थव्यवस्था को 'झटका' लग सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कैड के अलावा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से मुद्रास्फीति तथा राजकोषीय घाटा भी प्रभावित हो सकता है। अप्रैल से सितंबर, 2018 के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साल के मध्य में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी की वजह मांग बढना रहा। वैश्विक वृद्धि दर में सुधार, भू–राजनैतिक जोखिमों और आपूर्ति पक्ष की दिक्कतों की वजह से भी कच्चे तेल के दाम में तेजी आई। हालांकि, नवंबर, 2018 के मध्य से कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट आई लेकिन इनमें उतार–चढ़ाव बना हुआ है। केंद्रीय बैंक के अर्थशास्त्रियों की रिपोर्ट 'कच्चे तेल की कीमतों से कैड, मुद्रास्फीति तथा राजकोषीय घाटे पर प्रभाव' में कहा गया है कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से कैड की स्थिति प्रभावित होती है और इसे सिर्फ ऊंची वृद्धि दर से अंकुश में नहीं रखा जा सकता। ऐसे में कच्चे तेल के झटके से कैड से जीडीपी का अनुपात बढ़ता है। अध्ययन में निष्कर्ष निकाला गया है कि सबसे खराब स्थिति में जबकि कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचता है, तो ऐसे में कच्चे तेल की वजह से घाटा 106.4 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है जो कि जीडीपी के 3. 61 प्रतिशत के बराबर होगा।

शेख हसीना ने लगातार चौथी बार ली बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ

ढाका अवामी लीग पार्टी की नेता शेख हसीना ने आज रिकॉर्ड चौथी बार बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनकी पार्टी सत्तारूढ़ गठबंधन ने 30 दिसंबर के चुनावों में चुनावों में 90 प्रतिशत से ज्यादा सीटों पर जबर्दस्त जीत हासिल की थी। इन चुनावों में एक व्यक्ति द्वारा कई वोट डालने, मतदाताओं को डराने–धमकाने और हिंसा की घटनाएं सुर्खियों में रही थीं। हसीना एवं सत्ता पर काबिज उनकी पार्टी अवामी लीग ने इन आरोपों का खंडन किया है। बृहस्पतिवार को उन्हें चौथी बार सदन का नेता चुना गया। बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हसीना को कई लोग देश की लौह महिला बुलाते हैं। रविवार को बांग्लादेश में प्रधानमंत्री हसीना ने 47 सदस्यीय मंत्रिपरिषद का गठन किया, जिसमें कई नए चेहरे शामिल हैं। क्षा मंत्रालय जैसे बड़े मंत्रालयों को हसीना के अपने पास ही रखने की अटकलों के बीच कई अनुभवी नेताओं को मंत्रिपरिषद से बाहर रखा गया। अवामी लीग नीत महागठबंधन की प्रमुख सहयोगी जातीय पार्टी ने शुक्रवार को तय किया था कि वह संसद में विपक्ष की भूमिका में रहेगी। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया नीत मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी ने आम चुनावों के नतीजों को मानने से इनकार कर दिया था।

कमरे में आग लगने से 5 किशोरियों की जलकर मौत

वारसॉ उत्तरी पोलैंड के कोस्जालीन शहर में एक कमरे में आग लगने से पांच किशोरियों की जलकर मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गृहमंत्री जोआचिम ब्रुडजिंस्की ने कहा, ''इस घटना में मारी गई लड़कियों की उम्र 15 वर्ष है, लड़कियां उनमें से एक का जन्मदिन मना रहीं थीं।'' दमकल विभाग के प्रवक्ता तोमास्ज कुबैक ने महिलाओं के मारे जाने की पुष्टि की और कहा, '' बुरी तरह झुलस गए एक युवक को आईसीयू में भर्ती कराया गया है।'' पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

अमरीका से हक्कानी के प्रत्यर्पण की कोशिश में पाक

पेशावर पाकिस्तान ने अमरीका में अपने पूर्व राजदूत हुसैन हक्कानी को गबन के आरोपों को लेकर प्रत्यघ्पत करने के लिए अपने विदेश मंत्रालय के जरिए कोशिश शुरू कर दी है। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने संघीय जांच एजैंसी (एफ.आई.ए.) को हक्कानी को गत वर्ष जनवरी में पेश करने के लिए वारंट जारी किए थे, लेकिन इंटरपोल ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने से इन्कार कर दिया। हक्कानी पाकिस्तान की सेना और राजनीतिक नेतृत्व के मुख्य आलोचक हैं।

नेपाल में बनेगा नया कानून, बच्चे आय का हिस्सा मां–बाप के लिए करेंगे बैंक में जमा

काठमांडू नेपाल सरकार ने एक नया कानून बनाने फैसला किया है जिसके तहत किसी भी व्यक्ति की संतोन को अपनी आमदनी का पांच से दस प्रतिशत अपने अभिभावकों की देखभाल के लिए उनके खाते में जमा करना होगा। प्रधानमंत्री के प्रेस सलाहकार कुंदन अरयाल के मुताबिक कैबिनेट की बैठक में इस तरह के प्रावधान के साथ वरिष्ठ नागरिक कानून 2006 में संशोधन पर एक विधेयक संसद में पेश करने का फैसला किया गया। अरयाल ने बताया, प्रस्तावित विध ोयक का मुख्य लक्ष्य वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नए नियमों के मुताबिक संतान को अपनी आय का पांच से 10 प्रतिशत अपने बुजुर्ग अभिभावकों के बैंक खाते में जमा करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसी खबरें आती है कि कुछ संपन्न लोग अपने अभिभावकों को उपेक्षित छोड़ देते हैं। नए कानून के जरिए हम इस तरह के चलन को रोककर बुजुर्ग लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहते हैं।मौजूदा वरिष्ठ नागरिक कानून 2006 के मुताबिक, 60 साल से अधिक उम्र के लोगों को वरिष्ठ नागरिक माना गया है।

थाईलैंड में चक्रवाती तूफान ने बदली दिशा, अंडमान में यलो वॉर्निंग जारी

बैंकाक थाईलैंड की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान पाबुक (व्हना) दिशा बदल अब पश्चिम उत्तर–पश्चिम दिशा की तरफ बढ़ चुका है। इसकी पोर्ट ब्लेयर से दूरी तकरीबन 800 किलोमीटर है। मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि तूफान 5 जनवरी को अंडमान सागर में पहुंच जाएगा। अंडमान सागर में पहुंचते ही तूफान अपनी दिशा बदलेगा और उत्तर उत्तर–पश्चिम दिशा की तरफ चलकर अंडमान द्वीप समूह की तरफ रुख कर लेगा। चक्रवाती तूफान के खतरे को देखते हुए मौसम विभाग ने अंडमान दीप समूह के लिए यलो वॉर्निंग जारी कर दी है। मौसम विभाग के साइक्लोन सेंटर के मुताबिक, चक्रवाती तूफान पाबुक 6 जनवरी की शाम या रात में अंडमान दीप समूह को पार करेगा। जब यह चक्रवाती तूफान अंडमान द्वीप समूह को पार कर रहा होगा तो इसमें चलने वाली हवाओं की रफ्तार 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे होगी, जिसमें हवा के झोंके 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक जा सकते हैं। अंडमान द्वीप समूह को पार करने के बाद यह तूफान उत्तर उत्तर–पश्चिम दिशा की तरफ बढ़ेगा और फिर उत्तर–पूर्व दिशा की तरफ मुड़कर म्यांमार कोस्ट की तरफ रुख कर लेगा, लेकिन ऐसा अनुमान है कि 7 या 8 जनवरी को यह तूफान बंगाल की खाड़ी में ही कमजोर पड़ जाएगा। चक्रवाती तूफान के खतरे को देखते हुए मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है कि अंडमान द्वीप समूहों में ज्यादातर जगहों पर 5 तारीख की शाम से बारिश शुरू हो जाएगी और 6 जनवरी आते आते ज्यादातर जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने लगेगी। साथ ही मौसम विभाग ने अंदेशा जताया है कि जब चक्रवाती तूफान 6 तारीख को अंडमान दीप समूह के बीच से होकर गुजर रहा होगा तो यहां पर हवा की रफ्तार 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक जा सकती है। मौसम विभाग ने चक्रवाती तूफान के चलते मछुआरों को समंदर में न जाने की सलाह दी है। इसके साथ अंडमान द्वीप समूह में मौजूद सैलानियों को सलाह दी गई है कि वह सुरक्षित स्थानों पर रहें. स्थानीय निवासी लगातार प्रशासन की चेतावनी पर ध्यान दें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। बता दें कि येलो अलर्ट किसी भी खराब मौसम में आगामी दिक्कतों को लेकर सचेत करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। येलो अलर्ट में लोगों को आगे के लिए सचेत किया जाता है और बताया जाता है कि कोई भी दिक्कत आ सकती है।

बांग्लादेश के 20 साल पुराने हिंदू मंदिर में तोड़फोड़

ढाका बांग्लादेश के मध्य तंगाइल जिले में 2 समूहों के बीच झड़प के बाद एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई। 'ढाका ट्रिब्यून' की एक खबर के मुताबिक, जिले के बत्रा गांव में आठ–नौ लोगों के एक समूह ने मंदिर के मालिक चित्ता रंजन और उनके परिवार पर भी हमला किया। चित्ता रंजन ने भूमि खरीद कर करीब 20 वर्ष पहले उसपर शिव मंदिर का निर्माण कराया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, उसी गांव के एक स्थानीय निवासी के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों के एक समूह ने रंजन के घर पर तोड़फोड़ की और उसके परिवार वालों से मारपीट कर मंदिर की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। रंजन ने कहा कि लोग 20 से ज्यादा वर्ष से मंदिर में पूजा– अर्चना कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आरोपी पहले भी कई बार जबरन जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर चुके हैं। नागरपुर पुलिस थाने के प्रभारी आलम चंद ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच का आदेश दिया। मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं संपादक
हेमन्त कुमार मिश्रा
द्वारा पिन वर्क पब्लिकेशन हाउस, दादाबाड़ी कम्पाउन्ड, ठाकुरगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
संपादक
हेमन्त कुमार मिश्रा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न किसी भी प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद लखनऊ न्यायालय होगा।

इस अंक में प्रकाशित समाचारों में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर सात दिन के अंदर खंडन भेजे अन्यथा समाचार ''सत्य'' माना जायेगा।

संपादक
crimereview2012@gmail.com
मो: 9454552222